bureaucrats will have their own bureaucratic opinion. This lack of coordination not only affected our state of readiness, the necessity of reequipping our armed forces, but also led to failure of intelligence. Once I had heard the hon. Defence Minister saying on television, that the Pakistan Government or the ISI were not responsible for the Kargil operation. If the Pakistan Government was not involved, the ISI was not involved, then who was involved? The Pakistani army could not have acted without having the technical support of the ISI and the blessings of the Pakistan Government. Therefore, this aspect of coordination between the Ministry of Defence and the Armed Forces needs to be looked into. One another important aspect regarding our state of readiness is, a long-term training programme. After the Chinese agression in 1962, both the Armed Forces and the Navy gave maximum impetus to the training programme. But, unfortunately, in the post -1971 wars, this vital issue was not given as much importance as it should have been. I would request the hon. Defence Minister to look into this aspect also. The improvement in logistics and technical upgradation is another important part which also needs to be looked into. We must go in for technical upgradation. In the process, two technical organisations are involved. One is the DRDO and the other is the DGQA. Both these technical organisations must upgrade their skills, technical manpower and facilities. Presently, both these organisations function in a very tight compartment. Besides, there is a complete lack of coordination between these two organisations, which is very unfortunate and is not a healthy sign. Earlier, whenever a project was to be taken up, there used to be complete coordination among all the concerned departments, from the planning stage itself. The MHQA, the counterpart of DGQA is fully integrated in the missile technology. But the DGQA which is an important organisation in the development of our missile programme is not proving itself up to the mark. The DRDO has done a commendable job. Various programmes have been adopted by it to make our country self-reliant, self-dependent. We must appreciate its efforts and ensure the fullest support to them. Our Ordnance Factory Board has also stood with the nation in the hour of crisis, like the one in Kargil, where we had to face an indirect war. The personnel and the Ordnance Factory Board provided the fullest support to the army. One another aspect which needs to be looked into is the Indianisation programme. While going in for technological upgradation, the Indian industry must be taken into confidence. We are buying armaments, hardware and software

from foreign suppliers. The Indian industry is not taken into confidence at all. The financial institutions do not provide any financial assistance to any defence programme. My submission to the hon. Defence Minister is that the Indian industry must be encouraged and given full assistance for setting up such enterprises so that the Indian industry can extend full support to the defence forces. In fact, a distinction should be made between a trader and a supplier and manufacturer-cum-supplier. This is what we are lacking in our defence programmes. That is how the indigenous industry is ignored. This aspect must be looked into. This aspect will not only make our defence forces self-reliant but it would also help all the Governments allay all the allegations. There is a very unfortunate situation prevailing in our country. If a programme is taken up, the very next day we read in the newspapers something like what we have read in the newspapers today about a mirage deal. A few days ago, there was a mention about a tank deal. If the indigenous industry is encouraged and if they are taken into confidence, this kind of allegations can be checked. This will be good for the nation and our forces would become more self-reliant. Then they will play an important role and they will have their say in the procurement programme. Sir, while looking at your face, I conclude my speech. Thank you.

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी): जब तक मैं यहां पर बैठा हूं, मेरा चेहरा तो आपको देखना ही पड़ेगा और मैं आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने बार-बार मुझे वाइस चेयरमैन की जगह पर चेयरमैन कहा।

SHRI PREM CHAND GUPTA: Sir, you are our Vice-Chairman. You would definitely become our Chairman.

SHRI B.P. SINGHAL: Mr. Vice-Chairman, Sir, the traditional practice has been to discuss the foreign policy as well as the defence policy above party lines. The reason for this has been the continuous consensus on both these subjects. In the case of defence, the five cardinal points have continued to decide the defence policy of the Government. In the same way, it has been the tradition that in the event of hostilities, the entire nation stood solidly behind the Government as a man. The severest of political differences between different parties were promptly buried. During the Kargil conflict, however, we saw the unedifying spectacle of abandonment of this great tradition. The Government was, as it were, fighting two wars. One, of course, was the shooting war at the LoC in Kargil, while the second war was

being fought everyday on the television screen via the Press conferences, whether it was ridiculing the Government by displaying a huge upturned bus balloon or suspecting the officially declared figures of causalities or exposing the failure of intelligence or insisting upon the Government to admit the same or clamouring for an inquiry on the delay in the Government response or asking the Government how it kept sleeping in October 1998, and so on. Sir, for some strange reasons, the Congress was busy deriving political mileage for its party rather than coming out wholeheartedly behind the Government. Never in the history of this country during any previous conflicts had any voice been raised from any quarter, which could give an impression that the whole nation was not behind the Government. But, this time around, one witnessed the amusing spectacle of the Opposition leaders patting the Armed Forces on the one hand and castigating the Government on the other hand as if the defence forces were operating independent of the Government. But this was not the first time that such an invidious distinction had been made. The country saw a similar spectacle when the Opposition was applauding the scientists for Pokhran-II on the one hand, but was condemning the Government on the other hand. Exhibition of such postures was to prevent the country from basking in the glory of Pokhran-II or the glory of the spectacular victory at Kargil. Never in the history of this country have party interests taken precedence over national interests. It is sad indeed that we witnessed such a spectacle. Sir, the mention of Kargil the other day in this House caused some wholly avoidable unpleasantness. But Kargil did witness the loss of many a precious sons of India. The country, therefore, has a right to know the gains of Kargil. I would like to list them as a permanent record for our posterity. They were: (i) Nobody can deny that Kargil was a devastatingly humiliating experience for Pakistan...*(Interruptions)*...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी (उत्तर प्रदेश): वाईस चेयरमैन सर, ये तो पढ़ रहे हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी): उनके नोट्स हैं.... बड़े नोट्स हैं । ...(व्यवधान)...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: ये पढ़ रहे हैं।

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल: क्या तकलीफ हो रही है इसमें आपको ?

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: सर, ये पूरे के पूरे सेंटेंसेज़ पढ़ रहे हैं और ये ऐसे पढ़ रहे हैं as if he is reading a newspaper...*(Interruptions)*...

SHRI B.P. SINGHAL: Mr. Vice-Chairman, Sir, I seek your protection.

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी): देखिए सिंहल साहब, यहां नोट्स से पढ़ते नहीं हैं । आपके नोट्स हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: सर, नोट्स नहीं है, आप देख लीजिए । आप एक-एक लाइन मिलवा लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल: *

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी): नहीं, नहीं, उससे इसका कोई वास्ता नहीं है। देखिए, दूसरे हाऊस का रेफरेंस हम इस हाऊस में नहीं देते हैं। ...(**व्यवधान**)... दूसरे हाऊस का कोई रेफरेंस हम इस हाऊस में नहीं करते हैं। इसको हम प्रोसीडिंग्ज़ में से हटा देंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: महोदय ...(**व्यवधान**)...

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल: तकलीफ क्या हो रही है, मेरी समझ में नहीं आता है।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी): अब समय भी कम है, आप समाप्त कीजिए ।

SHRI B.P. SINGHAL: Sir, may I continue? *(Interruptions)*

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी): अलग-अलग पन्नों पर नोट्स हैं उनके ।

SHRI B.P. SINGHAL: (ii) Kargil saw the complete collapse of the morale of the Pakistan Army. (iii) Pakistan's rogue status as a terrorist-sponsoring State was convincingly established before the world. Today, Pakistan stands utterly isolated as never before. (iv) It exposed the potential for barbaric savagery that the Pakistanis possess in the way, they mutilated the dead bodies of the six soldiers before those were handed-over to India. (v) It also exposed the scant respect that Pakistan has for diplomatic norms in the way it abducted Indian diplomats and tortured them. There is not a single parallel of such barbaric and uncivilised conduct by any other country. (vi) It showed the inherent contempt with which Pakistan habitually treats its international commitments. It violated even the LoC which had been sanctified by 27 years of mutual acceptance. It could not even fulfil the commitment Nawaz Sharif gave to Clinton regarding the total and immediate withdrawal of troops from the LoC. (vii) Kargil exposed the utter callousness of the Pakistani leadership when they refused to accept their own dead soldiers, thus rubbing salt in the wounds of the unfortunate Pakistani

---

* Expunged as ordered by the Chair.

widows. (viii) It provided the opportunity for the world to witness the contrasting conduct by Indian soldiers who buried the dead Pakistanis with full religious rites as against the callous abandonment of their own dead by their own army comrades. (xi) Kargil significantly enhanced the world esteem for India by the unparalleled valour of our troops and the dignified restraint shown by the Indian Government throughout the conflict. (x) It conclusively established the truth and validity of India's stand on Kashmir before the world. (xi) Kargil also established the genuineness of Indian commitment to peace coupled with the Indian soldiers' and Airmen's ability to annihilate an enemy that dares to aggress upon Indian soil. And (xii) Security in a regional context, Sir, is best guaranteed when military capability is backed up by effective diplomacy. The Kargil conflict provides the finest example of such a guarantee.

Mr. Vice-Chairman, Sir, the next point relates to hon. Pranab Mukherjee's repeated advice to have a dialogue with Pakistan. The question is: Talks with whom? (Interruptions) Sir, if I have your permission, I would request you to protect my right.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Go ahead.

SHRI B.P. SINGHAL: It is very difficult to define " talks with whom". It is difficult to define with whom the real power is in Pakistan. Is it with the CEO, Gen. Musharraf, or is it with the Mujahideens of the Taliban?

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी): आप डिफेंस मिनिस्ट्री पर ज्यादा बोलिए, पाकिस्तान का मामला छोड़ दीजिए।

SHRI B.P. SINGHAL: With whom is the Government of India supposed to talk? When Pakistan was giving the guarantee of love and friendship during the Lahore bus yatra event, it was crossing the Line of Control. The authenticity of the authority and the credibility of complying with the conditions are required before any talks can start. First, it is important for Pakistan to prove that the CEO is really in authority and that will be possible only when orders to stop the trans-border terrorism are given and the trans-border terrorism stops totally. It is only then that there will be guarantee that he is in authority and he will qualify as a person with whom India can talk.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. N. CHATURVEDI): Thank you.

SHRI B. P. SINGHAL: Sir, I have got 8-12 minutes more.

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी): अभी एक और माननीय सदस्य श्री अहलुवालिया जी हैं।

SHRI B. P. SINGHAL: Sir, I have to make two more points and I will finish. The first is about ordnance factories. This Government has, as it were, brought about a new work culture in the ordnance factories which borders on the miracle. The growth rate which had hovered around 16, 12 and 18 per cent during the years 1995-96, 1996-97, 1997-98 respectively, registered a quantum leap between 1998-99 and 1999-2000 by recording 28.55 per cent and 34.6 per cent growth rate respectively. For the first time, the recoveries by issues done by ordnance factories registered a 810 crore surplus. Otherwise, up till now, throughout the history of ordnance factories, they have always been spending and earning less. The most remarkable thing was a new record set at achieving transparency in the working of ordnance factories. Informations about irregularities, wastages or about the misdoings of commission agents given inside as well as outside Parliament were taken up seriously by the Defence Minister and both the CAG and the CVC have been directed to look into each one of them thoroughly and puruse their findings to a logical conclusion. Not only this, Sir; observations and findings by the CAG in the past 15 years which were gathering dust have been ordered to be scrutinised to ensure corrective actions now. My kudos to the Defence Minister. Little wonder, that out of 38 important items of issues, all time high records of production were set in as many as 29 items in 1998-99. A truly herioc achievement by the workers and officers of ordnance factories. The second point that I would like to talk about is the compensation that the Government has given to our troops. For the first time, a realistic compensation has been given which will ensure a comfortable living to the people. I would like to congratulate the Defence Ministry for formulating a set policy for compensation for all times. Thank you.

SHRI V. P. DURAISAMY (Tamil Nadu): Sir, I regret to inform this House that 474 officers and soldiers of the Indian armed forces laid down their lives in Kargil to protect the integrity of the country against an act of war unleashed by Pakistan under the cover of the peace process initiated in Lahore. Many innocent civilians too lost their lives and property and found their livelihood disrupted. The entire nation united in grief with widows and parents across the land to mourn the blood, tears and treasure invested in Kargil.

The proposed defence outlay in the Budget for 2000-2001 is a welcome departure from the previous Budgets. For the last ten years, previous Governments had ignored the country's security. I am happy to say that the NDA Government, headed by our beloved Prime Minister, Shri Atal Bihari Vajpayee, has taken a bold decision to hike the defence outlay to the tune of Rs.13,000 crores. This is an increase of 28.2 per cent. The hike has not evoked any criticim because the Kargil conflict is fresh in our mind. However, the hike has evoked reactions in the USA and Pakistan. The world understands that Pakistan had created mischief again in 1999 as it did in 1946 and 1965. Our neighbouring countries should also realise that India's economy is sound enough to accommodate periodic increase in defence expenditure.

The Kargil conflict exposed very serious shortcomings. At the post-Kargil stage, the armed forces sought supplementary grants of the order of Rs.7,000 crores. But the Government could give a mere Rs.2810 crores, taking the Revised Estimates to Rs.48504 crores. As against this, the hike is nothing more than Rs.10,000 crores. After dividing it amongst the army, the navy and the air force, and adjusting it against the inflation which is normally very high, in case of defence hardware, not much would be left in hand in order to procure the UAVS communication and surveillance equipment and submarines. Pakistan and China spend more than four per cent of their respective GDPs on defence.

Now, the army has to bear the additional burden of militancy in Jammu and Kashmir and the insurgency in the North-East for which it is not compensated. The Kargil conflict has exposed the risks of allowing the conventional capability in the wake of nuclear-charged equipments. The shortcomings in self-propelled guns, multi-barrel rocket-launchers, weapon-locating radars and T-90 tanks, among others, have to be made good soon.

The navy outlay has increased to Rs. 4040.47 crores from last year's outlay of Rs. 3596.96 crores. The air force wants Mirage-2000 and upgradation of BIS aircraft. The LCA which should have entered in '80s is nowhere in sight. Will it take another decade to become operational? Nearly 80 per cent of defence expenditure goes as pay and allowances, leaving very little for the rest. I think, in 1984-85, the Government decided to make allocations for the Central Government employees' pensions, including the

defence, from the Consolidated Fund of India, rather than from the respective budgetary allocations.

There is a need to review the manpower policy in the armed forces. The future wars are concieved as wars between technologies and the disparity in levels would decide the outcome. The Ministry should take note of this.

Now, I want to say something about our hon. Defence Minister, Shri George Fernandes. There is a human-touch in the Defence Minister's interaction with the rank and file of the armed forces. As a Minister, he went to meet them in the remote areas, shared food with them, ensured adequate compensation to them for doing their duties. Mr. Fernandes is the best Defence Minister after Shri Krishna Menon.

Sir, our Minister of Defence is not looking at me.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. N. CHATURVEDI): He is listening to you very intently. He is listening intently. He is grasping all the implications. *(Interruptions)*

SHRI V.P. DURAISAMY: Sir, our leader, hon. Chief Minister of Tamil Nadu, has met our Prime Minister on the 5th of this month and had an elaborate discussion with him on the Sri Lankan developments. After discussion with the Prime Minister, our leader has given a message to the country saying that it is for the Government of India to take appropriate action, in the interest of the nation. Further, he has said that we do not want to tie down the hands of the Centre.

I want that the Minister should enlighten the House on the defence deals with Israel.

The whole country is shocked over the fire at the Bharatpur Ammunition Depot. I understand from the newspapers -- which the Defence Minister should look into -- that there is harassment of the SC/STs in the office of the Defence Ministry at the Chief Engineer's Picket, Secunderabad, in Andhra Pradesh State. The rights of SC/ST employees of the Defence Service should be protected.

I expect answers from the hon. Minister in regard to the cause of the fire incident and the losses incurred by the ministry. I also want to know about the preventive measures the Minister has taken.

Thank you.

SHRIMATI BASANTI SARMA (Assam): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, I will be very brief and to the point. One very well knows that security is the key to the strength and prosperity of a country and requires the highest priority. In the recent Kargil conflict, in spite of all odds, our young officers and jawans who fought with grit and determination were successful in throwing out the Pakistani intruders. My heartiest congratulations to them but it revealed a shocking state of affairs in regard to defence preparedness. The casualties could have been avoided if the Army had received proper equipment and winter clothing in time. Compared to the Indian troops, the Pakistanis were well equipped and had more fire-power. Sir, I would state here that a new plan for the defence forces is the need of the day and it requires the urgent attention of the present Government. I would suggest that the plan should be in two parts short-term and long- term, along with it, other points also should be taken into consideration. A Kargil-like situation may recur any time along the line of control, and if, at any time, such operations turn into a full-scale war, the Pakistan attack will be then from the Arabian Sea. In such a case, the Navy needs immediate attention and has to be set right.

Sir, I would say that right priorities are required to prepare the armed forces to meet the situation at the moment. Sir, I feel that the armed forces have suffered long, due to lack of planning and due to unduly delayed decisions taken by the Government. It is observed, when decisions are taken, they are implemented late, or never implemented at all, by the file-pushers in the Government. I am sorry to say this. One observes that most of the major purchases have been made too late; some, when the machines have become obsolete in the militarily advanced countries. Here, I would cite an example. The Jaguars, the fighter planes, were inducted into the Air Force, at least, a decade later and, then, when we started assembling and producing them, the country of its origin had already started producing the next generation aircraft. Sir, actually, as one observes, the Centre has failed to give right priorities to the requirement of the armed forces. When guns were required tanks were bought, and when tanks were required aircraft were bought. I am sorry for being blunt in saying so. This was done by those who did not understand the military requirements. The point here I would like to stress is the need to prioritise the military purchases. This too needs to be set right. Mr. Vice-Chairman, Sir, a second Kargil tragedy should be avoided at any cost and to do that the immediate task will be to keep a vigil along the long

border right from Kashmir to the far North-East. Here I would like to say that there is a saying in French that the more the things change, the more they are the same. In India it is the agencies which appear to have taken upon themselves to establish its validity. In 1965 war it was the shepherds who informed the army about the presence of a large number of intruders and now in 1999 it was again a shepherd who disclosed the presence of intruders in the Batalik Sector. The Indian intelligence during these 34 years has seen much expansion and change. But I am sorry to say yet it is the same. So, Sir, the first step is to firm up the intelligence system, that is, the communication system should be modernised on a top priority basis in the upgradation of the corps of signals of the Indian Army and its units posted all along the line of control.

Next in order of priority for planning is the modernisation of the infantry which is the key to success in the terrain that India has along the LOC. Equipment like light-rifles, snow boots, jackets and all that is required for mountain warfare needs to be procured first. Here I would like to congratulate and compliment the hon. Defence Minister for reaching the icy peaks of Siachen glaciers in winter to have a first-hand experience of the difficulties being faced by our brothers guarding the frontier and then when he noticed that some bureaucrats were obstructing the sanction of certain basic necessities such as snow scooters for the soldiers he immediately sent those officers on duty to experience the difficulties faced by the Jawans in the absence of such equipment. I am sorry to state here that some of our bureaucrats do not realise under what harsh climatic conditions our soldiers are guarding and fighting on the frontiers where the temperature is minus 40 degree Celsius and the lungs are screaming for oxygen and the cold numbs the mind at the altitude of more than 13,400 ft. or so. Side by side along with that short-term plan a long-term plan needs to be implemented in regard to procurement of Advanced Jet Trainers (AJT) for the Air Force and also the production of the much-delayed Light Combat Aircraft (LCA), Main Battle Tank (MBT) and the Air Defence Ship. Mr. Kalmadi has already spoken on these points, so I will not go into details. Sir, another point I would like to mention here is that utmost care should be taken so that Bharatpur like incidents in which ammunition worth Rs.376 crores or more was destroyed do not take place in future.

It is the second largest ammunition depot in the country which might now need three to five years to replenish and, due to this loss, the training

programme of the army, to some extent, may be affected too. I feel it is safer to decentralise such heavily concentrated depots with better safety measures and prevent calamities of such kind in the future. We should have learnt a lesson from the Kargil ammunition depot which was fired upon on 9th May, 1999, and, I believe, it has not been shifted as yet. Here, again, I would like to mention about the prisoners of 1965 and 1971 wars who are still languishing in some Pakistani jails. I would like to know whether any concerted diplomatic initiatives have been taken to bring them back home. Sir, I would like, through you, to ask the hon. Minister whether the men and women in uniform be forgotten as soon as the Kargil crisis blows over. Will their families and widows be left to fend for themselves in this cruel world? What happened to the fund that was raised by the States and other organisations? I hope the fund has been put to proper use. I hope the Defence Minister will look into it with equal urgency and see that the fund is not used for other purposes or diverted elsewhere. Thank you.

श्री गया सिंह (बिहार): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय।

मैं सबसे पहले इस देश के जवानों और अधिकारियों को जिन्होंने देश की सुरक्षा और स्वाभिमान के लिए अपनी जान को गंवाया और जिन्होंने बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ी और उनके परिवारों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह कहना चाहता हूं कि 1971 में भी युद्ध हुआ था और उस समय देश का गौरव बढ़ा ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री टी. एन. चतुर्वेदी): गया सिंह जी, आपके चार मिनट हैं।

श्री गया सिंह : हां, उसी के अंदर - चार मिनट में ही प्वाइंट रख दूंगा।

1971 में देश का गौरव बढ़ा था। पाकिस्तान के छक्के छुड़ाकर उसके 32 दांत उखाड़ दिए थे। सातवां बेड़ा चला था तो दूसरा बेड़ा भी चला था। सरकार की यह एक कूटनीतिक जीत थी, देश की कूटनीतिक जीत थी। लेकिन इस बार कारगिल में जब हमारे जवान मारे जा रहे थे तो हम दुनिया के बाजार से जूते खरीद रहे थे। लड़ाई के बाद खरीदना शुरू किया। इसको हम कूटनीतिक जीत कहते हैं? मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि यह तो जवानों ने अपनी जान देकर देश की रक्षा की। सरकार की यह पूरी असफलता थी। जब हमारे जवानों ने उनको चारों तरफ से घेर लिया तो अमेरिका के इशारे पर नवाज शरीफ को वहां बुलाकर खुला पैसेज उनको जाने के लिए दे दिया गया जो हमारे लोगों को मार रहे थे। इसको कूटनीतिक जीत कहा जाएगा या क्या कहा जाएगा मैं नहीं जानता हूं।

5.00 P.M

मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि आज के एक रुपए का सामान कारगिल युद्ध में दुनिया के बाजार से 25 रुपए में खरीदा गया था। अगर एक ज्वाइंट कमेटी बनाकर इसकी जांच करायी जाए तो पता चल जाएगा कि इस पीरियड में क्या क्या नहीं हुआ। आपने कहा है समय नहीं है इसलिए मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि हमारे डिफेंस मंत्री ट्रेड यूनियन लीडर हैं और डिफेंस में जो कारखानें हमारे देश में हैं ये जिंदगी भर ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ लड़ते रहे लेकिन आज इनके यहां डिफेंस के कारखानों में ठेकेदारी प्रथा बढ़ती जा रही है। ठेकेदार मजदूर बढ़ रहे हैं, परमानेंट मजदूर आइडल हैं चाहे वह कानपुर में हो या अन्य जगह। सभी जगहों में परमानेंट मजदूर को 20 परसेंट भी काम नहीं है और उसमें प्रायवेट परचेजर आ रहे हैं, बाहर से सामान आ रहा है। हमारे लोग आइडल हैं। मैं इनसे जानना चाहूंगा कि आप जो जवानी में लड़ाई लड़ रहे थे ट्रेड यूनियन आंदोलन में, मंत्री बनने के बाद क्या इस ओर आपका ध्यान जाएगा?

लास्ट में कहना चाहता हूं कि भरतपुर में अभी इतनी बड़ी घटना हुई। घास उड़ गयी - ...(**व्यवधान**)... ठीक है मैं उसके साथ जोड़ रहा हूं, आपका टाइम नहीं ले रहा हूं - और आग लग गयी; इसलिए कि कैजुअल और ठेकेदार मजदूरों की तादाद बढ़ती जा रही है। इन पर आप ज्यादा भरोसा नहीं कर सकते हैं और आज हमारे देश में आई एस आई और दूसरे लोगों का सैबोटाज कई तरह से चल रहा है।

आज बजट का मैं समर्थन करता हूं। आप और भी खर्च लीजिए लेकिन जो जो वीकनेसेज हैं और जो इस समीक्षा रिपोर्ट में आया है उन तमाम चीजों पर गौर करके डिफेंस को स्वदेशी बनाते हुए, न्यू टेक्नालाजी को अपनाते हुए आज हमारे दुश्मनों के पास जो हथियार हैं उनसे अच्छे हथियार अपने पास रखें और देश की सुरक्षा करें। साथ ही साथ काश्मीर में घटनाएं हो रही हैं। दुनियां के सामने हम आज सिकुड़ते जा रहे हैं। लोग समझते हैं कि इनकी ताकत का इजहार इनको मालूम हो रहा है। उसकी क्या क्या हम रक्षा कर सकेंगे?

बजट में जो भी आया है जो अनुदान में आप लाए हैं उसका मैं समर्थन करता हूं। आप और भी बढ़ाइए लेकिन यह बताइए कि आगे हम क्या करने जा रहे हैं।

श्री एस.एस. अहलुवालिया (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं कारगिल के उन जवानों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करना चाहता हूं। राष्ट्र को गौरव होना चाहिए, राष्ट्र को यह अभिमान होना चाहिए...। कि इस भारत माता के सपूतों

ने कैसे हालातों में और किन-किन मुश्किलों का सामना करने के बावजूद भी टाइगर हिल पर तिरंगा झंडा फहराया है। अपने प्राणों की आहुति देकर और उसकी धरती को अपने खून से सींच कर उन्होंने वहां तिरंगा लगाया है। महोदय, मुझे गौरव प्राप्त है कि जिस वक्त वह युद्ध चल रहा था तो मैंने कारगिल में पूरे एक हफ्ते, सात दिन और सात रातें गुजारी हैं। मैं उस माहौल से वाकिफ हूं। मैंने उन जवानों को वहां कारगिल की लड़ाई पर जाते हुए देखा है, ऑपरेशन से वापस आते देखा है, उनके शरीर की थकान देखी है, पर चेहरे पर वह मुस्कान भी देखी है वे जब विजय हासिल करके आ रहे थे, और साथ ही जाने वाले साथी की कंधे पर लाश भी लेकर आए थे। फिर भी गौरव था कि मां के आंचल पर लगे दाग को मिटा कर आए हैं। महोदय, कहने को तो बहुत कुछ है, पर जब हम सेना की चर्चा करने लगते हैं तो यह राष्ट्र की बात होती है और इस राष्ट्र की बात को सारी दुनिया देखती है। खास करके हमारे वे नौजवान देखते हैं, जिनके परिवार हमारी तरह हैं, उनके घर भी पत्नी है, बच्चे हैं, मां-बाप हैं। घर-बार है, जमीन है, खेत हैं, जानवर हैं। पर इन सारी चीज़ों को छोड़ कर सरहद पर खड़ा, वह किस तरह से भारत माता की एकता और अखंडता की रक्षा करने के लिए हर वक्त तैनात रहता है, हर वक्त तत्पर रहता है और उस मौके की तलाश में रहता है कि कब मैं भारत माता के काम आ जाऊं। क्षणिक उसको सोचने को नहीं लगता है। हम रास्ते चलते, शहर में चलते, कभी सामना पड़ जाए तो हो सकता है हम झिझक लेंगे, सोचने लगेंगे, किसी की सोच में पड़ जायेंगे, परिवार के बारे में सोचने लगेंगे, पर उस नौजवान के बारे में सोचिए, आपने जो कुछ खरीद कर उसके हाथ में दिया है, भूलिए मत 1962 को, हमारे नौजवानों के हाथ में 303 की बंदूक थी, जितने सेना में जवान थे उतनी शायद बंदूकें भी नहीं थीं। चीन की सेना ने एक-एक को धराशायी करना शुरू किया। धराशायी जो सिपाही हो जाता था, सेना का जवान हो जाता था तो उसकी बंदूक उठा कर, उसका असला उठा कर दूसरा लड़ता था। हम कहां से कितना लंबा सफर तय करके पहुंचे हैं । 1962 की लड़ाई के बाद लै. जनरल हेंडरसन ग्रुप का कमीशन बैठाया गया। बहुत सारी चीज़ें, बहुत सारी रैकमेंडेशंस उन्होंने दीं। बहुत चर्चाएं हुईं। वह पहली लड़ाई थी जिसने हमारी अस्मिता पर, हमारी इज्जत पर, हमारी आबरू पर एक बहुत बड़ा कुठाराघात किया था और उसका जवाब देते वक्त हमें महसूस हुआ था कि हमारे में कमजोरियां हैं। किंतु कमजोरियों को सुधारने में क्या हम तत्पर रहे? क्या किया ? 1962 के बाद 1965 देखा, 1971 देखा । हम गौरव से तो कह लेते हैं कि हमने लड़ाइयां जीती हैं। हमें सेना ने जिताया, उनके पास कोई चीज़ कम भी थी, उसके बावजूद भी जिताकर दिखाया है। पर अफसोस उस वक्त आता है जब हम इस सदन में, संविधान की धारा 51-ए के अनुसार अपने राष्ट्र की सुरक्षा के बारे में जो हमारा फर्ज बनता है, हमारी

जिम्मेवारी बनती है, यह फंडामेंट्ल ड्यूटी है हमारी, इस सदन में 1987 में हमने इस पर चर्चा की है, 1994 में चर्चा की है, और आज हम फिर इस पर चर्चा कर रहे हैं।

महोदय, मैं कुछ वक्तव्य सुन रहा था और ये वक्तव्य बाहर नहीं जाने चाहिए थे, ऐसी चर्चा नहीं होनी चाहिए थी। महोदय, मैं इस का कारण बताऊंगा क्योंकि मैं उन चीजों का चश्मदीद गवाह हूं। महोदय, जब मैं कारगिल गया तो वहां के लोगों ने पाकिस्तान टी.वी. के प्रोग्राम्स दिखाए, रेडियो सेट सुनाए जिन में हमारे हिंदुस्तान के बड़े-बड़े नेताओं के भाषण दिखाए जा रहे थे। एक तरफ नवाज शरीफ को दिखाया जा रहा था, नवाज शरीफ के खिलाफ वहां की जनता आवाज उठा रही थी कि कारगिल की लड़ाई में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी है और नवाज शरीफ दिखा रहे थे कि मैं नहीं कहता कि पाकिस्तान जीता है, यह हिंदुस्तान के लीडर्स कह रहे हैं। हमारे हिंदुस्तान के लीडर्स की तस्वीरें दिखायी जा रही थीं, उन के भाषण दिखाए जा रहे थे जहां ये चीख-चीखकर कह रहे थे कि हिंदुस्तान की हार हुई है। महोदय, मेरा सिर शर्म से नीचे झुक गया। जब मैं जवानों के लिए राहत सामग्री लेकर उनसे मिलने वहां गया और उन जवानों से मिला तो उन्होंने कहा कि अहलुवालिया साहब, आप एक पर्टिकुलर पॉलिटिकल पार्टी से आए हैं ...(**व्यवधान**)...वहां एक जख्मी सिपाही तक ने कह दिया कि अहलुवालिया जी आप दबंग हैं, आप को हम सुनते हैं और सब कुछ जानते हैं, किंतु हमें अफसोस है कि जो आप के नेताओं के बयान पाकिस्तान टी.वी. दिखा रहा है, पाकिस्तान रेडियो सुना रहा है, उन से हमारा दिल टूट जाता है। पंजाबी जुबान में उस ने कहा, 'साडे दिला नूं खो पेंदी है जिस विले असी देखदे हां कि साडे लीडरान, साडे खिलाफ किस तरह बयान कर रहे हैं, साडी शंका कर रहे हैं, साडी ईमानदारी के उत्ते प्रश्न-चिह्न लगा रहे हैं । लेकिन हम जंगे मैदान में अपने परिवार के सदस्यों को भुलाकर सामने सिर्फ भारत माता की तस्वीर रखते हैं और तिरंगा झंडा रखते हैं और हमारे मन में यही लालसा रहती है कि टाइगर हिल पर तिरंगा फहराना है। इसके अलावा और कोई इच्छा नहीं रहती है, उस वक्त हमारे साथ सिर्फ हमारा एम्युनीशन होता है, हमारा खाना होता है, हमारे पर्स में बीवी, बच्चा या बच्ची की तस्वीर होती है या कोई यादगार होती है और साथ में छोटासा ट्रांजिस्टर होता है जिस के माध्यम से हम खबरें सुनते हैं, लेकिन वहां हमें आकाश्वाणी की ख़बरें सुनाई नहीं पड़तीं। हमें वहां पाकिस्तानी रेडियो सुनाई पड़ता है और जब अपने लीडरों की ऐसी आवाज सुनते हैं तो हमारे दिल को खो पड़ती है, हमारा दिल कमजोर होता है और पैर कांपने लग जाते हैं। हम सोचते हैं कि हम किसके लिए ये तबाही कर रहे हैं। इसलिए माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, रक्षा मंत्रालय हमारे आरोप और प्रत्यारोप की स्टेज नहीं बननी चाहिए। जो जवान राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सीमा पर खड़ा है, उस को हम जो भी दे रहे हैं, कम दे रहे हैं ।

महोदय, मुझे सुनकर अफसोस होता है जब डिपो के बारे में सभी लोग कहते हैं भरतपुर में यह होगया, देऊरोड में यह हो गया। मैं उन से पूछता हूं कि ये डिपो कब के बने हैं । दिल्ली केंट सी.ओ.डी. 1940 में बना। उस के बाद अगल-बगल में पॉपुलेशन ग्रोथ को ध्यान में रखकर हम उस को मॉडर्नाइज न करें, उस को आज की जरूरत के हिसाब से मॉडर्नाइज न करें और कल को कोई घटना घटे तो कौन जिम्मेदार होगा? जबलपुर का डिपो 1940 में बना, कानपुर, आगरा के डिपो 1941 में बने, ज्योति का 1942 में बना है। ये सेकंड वर्ल्ड वार के टाइम के बने हुए हैं और आज जॉर्ज फर्नान्डीज साहब के पीछे सब पड़ गए कि आप श्रमिक नेता थे, आप ने यह नहीं किया, वह नहीं किया। अरे भाई श्रमिक नेता कोई जादू की छड़ी लेकर बैठा है। महोदय, पाकिस्तान एक राडार लाता है या पाकिस्तान एक एफ-16 खरीदता है तो उस एफ-16 को पकड़ने के लिए राडार खरीदने में 10 साल लग जाते हैं। वह क्यों लग जाते हैं? महोदय, हमारे यहां जिन चीजों की जरूरत है, मैं किसी पर्टिकुलर क्लास या पर्टिकुलर डिपार्टमेंट के खिलाफ नहीं बोलता, पर सेना का जवान जब खबर देता है कि इस चीज को मार करने के लिए हमें ऐसी चीज चाहिए तो उस का ऑफिसर फाइल बढ़ाता है, लेकिन वह फाइल आकर साउथ ब्लॉक में बैठ जाती है साउथ ब्लॉक को ग्राउंड रिएलिटी से कोई मतलब नहीं क्योंकि वहां जो ज्वाइंट सैक्रेटरी या सैक्रेटरी बैठा है, पता नहीं कहां से आया है। पहले शायद वह फिशरीज़ डिपार्टमेंट का सैक्रेटरी था और अब वहां आ गया है या कोआपरेटिव से आया है या ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट से आया है और इसलिए उसे जो ज्ञान हासिल होना चाहिए वह नहीं हो पाता। यह बेसिक प्राब्लम है। हमारे यहां ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने कई चीजें ऐसी दी हैं कि वे सर्वोत्तम हैं, वे 16 कला परिपूर्ण हैं और सर्वोत्तम से भी ऊपर हैं एक परटिकुलर क्लास में पहुंच जाने से। महोदय, इस पर सोचने की जरूरत है कि एक जवान, डिफेंस डिपार्टमेंट एक अस्त्र-शस्त्र को कम्बेट करने के लिए दुश्मनों के साथ अपनी इंटेलिजेंस के माध्यम से और सारा विचार-विमर्श करके जो नोट तैयार करता है कि यह सामान हमें अविलम्ब चाहिए, वह उसको तुरंत मिलना चाहिए। आज होता क्या है कि जब तक उसका आर्डर प्लेस होता है या ग्लोबल टेंडर निकलता है तब तक वह सामान आउट डेटिड हो जाता है, तब तक उसकी जेनेरेशन बदल गई होती है क्योंकि इतनी फास्ट डेवलपमेंट है। हमें इन मुद्दों पर बैठकर विचार करना चाहिए, इन पर हमें सोचने की जरूरत है। मैं छोटी-मोटी बातें नहीं करता कि इसको मिला या नहीं मिला, मैं आइडियोलॉजी की बातें कर रहा हूं। महोदय, यह एक ऐसा मुद्दा है, एक ऐसा विभाग है और इसकी इतनी कुर्बानियां हैं कि दिल तो चाहता है कि इसकी प्रशंसा सारा दिन, सारी रात होनी चाहिए परन्तु बीएसी ने बड़ी कंजूसी करके टाइम रखा है। कश्मीर आज अगर जिंदा है तो सिर्फ

सैनिकों की बदौलत है और अगर आज वह हमारा अंग है तो भी उन्हीं की बदौलत है, आज पूरे देश की एकता और अखंडता उन्हीं की बदौलत है । एक-दो किलोमीटर नहीं, हमारा 15851 किलोमीटर का सिर्फ लैंड का एरिया है जिसमें पाकिस्तान, चाइना, बंगलादेश, म्यांमार, नेपाल, भूटान और अफगानिस्तान का हिस्सा जुड़ा है और इसी तरह 7600 किलोमीटर समुद्र का, कोस्टल लाइन का है तथा यह कोई मामूली नहीं है। हमें आज यह चिंता करने की ज़रूरत है कि इस विभाग में जो हमारी कमजोरियां हैं वे कैसे दूर हों। वे कमजोरियां दूर तभी होंगी जब हमारे सेना विभाग का लक्ष्य एक ही होगा और हम सबका भी लक्ष्य एक ही होगा कि येन-केन-प्रकारेण हमें अपने राष्ट्र की रक्षा करनी है।

महोदय, अब एक नया अध्याय खुल गया है और वह श्रीलंका का अध्याय है। श्रीलंका से आमंत्रण पर आमंत्रण आ रहे हैं । 1987 में हमने वहां उनके साथ अपनी सेना आई.पी.के.एफ. को भेजा था और उसका हमें क्या फल मिला, यह सर्वविदित है। भारत को नुकसान हुआ। मेरा व्यक्तिगत नुकसान भी है और कांग्रेस का भी व्यक्तिगत नुकसान है। वह हमने देखा है और आज फिर आमंत्रण है और उस सारी स्ट्रेटेजी को देखकर, सारी बातों को सोचकर हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो फैसला लिया है, वह सबको मान्य है।

महोदय, अमरीका में भी कहा जाता है कि हर अमरीकी नागरिक आर्मी के काम के लिए जब भी जरूरत पड़े, बुलाया जा सकता है, लेकिन हमारे देश में ऐसा नहीं है । यह जरूरी है। जब ईराक और कुवैत की लड़ाई हुई और अमरीकी सेना को ईराक भेजा गया तो वहां की जनता ने खड़े होकर कहा कि हमारे बच्चों को हमने भेजा था अपने राष्ट्र की रक्षा करने के लिए और आपने उन्हें बाहर भेज दिया। इस पर प्रेजीडेंट ऑफ अमरीका ने कहा था कि नहीं, हमारा राष्ट्र तभी बच सकता है, जब पूरी दुनिया बचेगी और दुनिया बचाने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया था और अपने सैनिकों को यही शिक्षा दी थी।

महोदय, एक स्वर्णिम वाक्य है कि "अगर तुम्हें शांति चाहिए तो सबसे पहला काम तुम्हें यह करना पड़ेगा कि युद्ध के लिए प्रस्तुत रहना पड़ेगा"। अगर शांति चाहिए तो युद्ध के लिए प्रस्तुत रहना पड़ेगा क्योंकि शांति के बाद अशांति का आना अनिवार्य है और अशांति के बाद शांति का आना अनिवार्य है। शांति के बाद भी अशांति आती है क्योंकि ये तो रात और दिन का जोड़ा है। आपकी शांति को देखकर दूसरा खुश नहीं है । आपकी एकता और अखंडता को देखकर दूसरा खुश नहीं है। आप अपने राष्ट्र को मजबूत रखने के लिए कैसे भाव रखते हैं, उस भावना को जगाने की जरूरत है।

महोदय, मैं आपका ज्यादा समय नहीं लूंगा। मैं सिर्फ मंत्री महोदय से यही निवेदन करना चाहूंगा कि उनको एक कमीशन बिठाना चाहिए यह पता लगाने के लिए कि आखिर

वह कौन सा कारण है कि भारत का नौजवान आर्मी में जाने के लिए आकर्षित नहीं हो रहा है? आखिर इसका क्या कारण है? क्या इसका कारण यह है कि आर्मी में लोगों को अपने प्रोफेशनल अपलिफ्टमेंट में संदेह है?

श्री गुलाम नबी आज़ाद: अभी आर्मी में हजारो लोग आए थे, कारगिल की लड़ाई के बाद जब भर्ती हुई थी। एक हजार जगहें थीं तो बीस हजार आए थे। वहां कितने ही लोग गोलियों से मारे गए।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: मैं उसकी बात नहीं कर रहा हूं। जहां तक सैनिकों की भर्ती का प्रश्न है, यह मसला तो सीधा बेकारी की समस्या के साथ जुड़ा हुआ है। पर जो एक आकर्षण था पहले सेना की नौकरी में, सब सोचते थे कि मेरे परिवार का एक मेंबर आर्मी का जवान होगा । विशेषकर सिक्ख परिवारों में ऐसा सोचा जाता था कि एक सदस्य अवश्य आर्मी में जाएगा। आज वह आकर्षण दिनों-दिन कम हो रहा है । उसका कारण यह नहीं है कि लोगों के दिल की भावना कम हो गई है लेकिन यह जरूर है कि जब वे कंपरिज़न करने लगते हैं कि बी.ए. पास करके सिविल सर्विस में जो लड़का जाता है, उसके प्रमोशनल ऐवेन्यूज़ बहुत ज्यादा हैं और आर्मी में कम हैं। उनको आर्मी में जाने के लिए कोई बढ़ावा नहीं मिलता। इसलिए मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि वे एक कमीशन बिठाकर पता लगाएं कि इसका क्या कारण है और उस कमीशन की सिफारिशों को मानते हुए उनको सर्वोच्च सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत है।

महोदय, जो लोग देश की रक्षा के लिए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपने आपको प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं, वह नौकरी नहीं है, वह तो अर्पण है मातृभूमि के प्रति और उस अर्पण के एवज में हम उसको क्या दे सकते हैं ताकि वह अर्पण करे तो उसके दिल में कोई मलाल न रहे कि मैंने यह क्या प्रोफेशन चुना है, इस पर भी विचार करने की जरूरत है । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Mr. Thalavai Sundaram. You have four minutes.

SHRI N. THALAVAI SUNDARAM (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, we are discussing the working of the Ministry of Defence today. Before I actually go into the matter, I would pay homage to the jawans who have sacrificed their lives in Kargil and I would salute the family members of such jawans.

Sir, everybody who participates in the debate talks about Kashmir and Kargil. As far as our State is concerned, for more than 15 years, we have been facing one problem, that is the Sri Lankan issue. In this House, several times,

we have discussed the killing of our fishermen by the Sri Lankan navy. This is, perhaps, the first Session when we are not discussing it. The Defence Minister knows it very well. We discussed the issue before when Mr. Gujral was the Prime Minister. It came before this House. As per the reply given by the former Prime Minister, as far as this area is concerned, every time, our fishermen were killed by the Sri Lankan navy. The problem is, Indian navy officers and Indian ships are not posted in that particular area. There were incidents in 1997 and 1998. The Naval Officer of Tamil Nadu clearly mentioned why this incident took place. We enquired of that particular Officer and also, there was a discussion in Tamil Nadu. The reply given by that Officer was, "We are not able to point out the maritime area, that is, the international border area; and also in which area the Sri Lankan sea is starting." Recently, on 19.1.2000, three fishermen, who were fishing near our border, were brutally attacked by the Sri Lankan navy. What steps is this Government going to take? You must have at least posted the Indian navy in this area. Yesterday, there was a news item in *"The Hindu"* that some naval ships are watching there because there is a critical position as far as the Sri Lankan issue is concerned. I request the hon. Minister to take steps as far as this issue is concerned. Every time, we are fighting here for the fishermen of India in general and the fishermen of our State in particular.

Recently, a lot of incidents have taken place in various States of our country. As far as the Kashmir issue is concerned, last week also we discussed the Kashmir issue. There has been a talk about the Village Defence Committees. Recently, a report was given by the Subrahmanyam Committee. You must develop the Village Defence Committees. To what extent is our security management system deficient? I would like to know this from our Defence Minister. We want it to be improved. The Government has to carefully consider some of the recommendations of the Subrahmanyam Committee, on the aspects of high-altitude viewers and communication interpretation equipment, satellite imagery capability of world standard and development of skill in these, etc. The Committee has pointed out that there is deficiency as far as our intelligence wing is concerned. Defence, both external and internal, is very important for the country. A lot of reports are coming in about defence units. Recently, an incident involving ammunition took place very near Delhi. We are going to get clarifications on that. There was a report that there was loss of ammunition due to improper storage, and the failure of army authorities to provide proper storage facilities had

rendered ammunition worth about Rs.61.30 crores irreparable and ammunition worth Rs.8.27 crores as unserviceable. The hon. Defence Minister may take a serious note of this.

As far as increasing the expenditure is concerned, I welcome it. As far as our country is concerned,....*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI) : Please wind up now.

SHRI N. THALAVAI SUNDARAM: Sir, the Government has increased the capital outlay for defence capabilities of the Indian Army for purchasing advance surveillance and communication equipment, as well as for technological upgradation of the weapons. Sir, the Subrahmanyam Committee and other Committes had made a recomendation for upgradation of the technology system of our country. I request the hon. Minister to see that the defence security management is improved. I am very happy that after the Kargil issue, we got one of our defence personalities as a Member of the House. He will explain all about our defence system, as far as our country is concerned. Thank you, Sir.

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी) : मौलाना आज़मी साहब, आपके लिए 4 मिनट का समय है लेकिन आप पांच मिनट ले लीजिए।

***मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** (बिहार): सर, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। आपकी फ़य्याज़ी का मैं तहे दिल से मशकूर हूं। वाइस चेयरमैन साहब, डिफेंस के मौज़ू पर पार्लियामेंट में हमारे साथियों ने बहुत ही उपयोगी सुझाव दिए हैं जो देश के तहफ्फुज की खातिर बहुत जरूरी हैं। मैं सबसे पहले उन तमाम नौजवानों को जो मुल्क की हिफाजत के लिए सरहद के तहफ्फुज की ख़ातिर 1962 से लेकर आज तक अपनी जान न्यौछावर करते आए हैं भरपूर श्रद्धांजलि देते हुए यह कहना चाहूंगा, 'शहीद मुल्क की खातिर हुए जो सरहद पर, तमाम हिन्द की जनता सलाम उन्हें करती है'।

वाइस चेयरमैन साहब, जहां तक मुल्क की सरहदों की हिफाजत का सवाल है कोई भी पार्टी हो, देश का कोई भी नागरिक हो इसे नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता है। मुल्क की सरहद की हिफाज़त को नज़रअंदाज़ करना अपने परज़ेंट को, अपने माजी को और अपने मुस्तकिल को नज़रअंदाज़ करना है। मुल्क की रक्षा को नज़रअंदाज़ दूसरों ने किया है यह बात हमारे किसी भाई ने रिकार्ड पर रखी है। मैं यह कहना चाहता हूं कि वह हुकूमत

---

*Transliteration of the speech in Persian script is available in Hindi version of the Debate.

इस क़ाबिल .नहीं जो मुल्क की रक्षा को नज़रअंदाज़ करें और मैं इस बात से भी सहमत नहीं हूं कि पिछली सरकारों ने मुल्क की रक्षा को नज़रअंदाज़ करने की ख़ामियां पैदा की हैं। हां, यह जरूर है, जैसे हालात देश के हैं उन हालातों की बुनियाद पर बहुत सारी कोशिशों के जरिए मुल्क की सरहदों की हिफ़ाजत का काम हुकुमत भी करती है और हुकूमत को सुझाव भी दिए जाते हैं। मौजूदा हुकूमत भी जो कुछ कर रही है इसका अपना फर्ज़ है, यह मुल्क के लोगों पर कोई अहसान नहीं है, न फौजियों पर कोई अहसान है। ये सारी चीजें क्यों पैदा हुई? काश हमारी सरहद पर कोई दुश्मन न होता, काश हमारी सरहद पर हमारे मुल्क की जड़ें उखाड़ने की नापाक साजिश न रची जाती तो आज मुल्क की आर्थिक पोज़ीशन कुछ और ही होती। मगर अपनी आर्थिक पोज़ीशन को बनाने के लिए हम अपने दुश्मन को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते हैं। हम अपनी ज़ात को नज़रअंदाज़ कर सकते हैं लेकिन अपने दुश्मनों की नापाक कोशिशों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

सर, हमारे सामने जो बजट आया है, ज़ाहिर है कि हुकूमत ने मआशी हालात को सामने रखकर बजट बनाया है। मैं यह कहता हूं कि अगर हमारी जिंदगी में बद-इत्मिनानी होगी तो हम ऐसा जीवन लेकर क्या करेंगे? जो जीवन हमें घुटघुटकर मरने का अवसर देता हो। हमारे बहादुर जवान क़ाबिले-अहतराम और क़ाबिले-मुबारकवाद हैं जिन्होंने हमारी घुटन को खत्म करने के लिए सारी मुसीबतों और सारा बोझ अपने ऊपर ले रखा है। इन फौजियों के विकास के लिए और इनके डेवलपमैंट के लिए और इनके रिटायरमैंट के बाद इनकी ज़िंदगी को साधारण ज़िंदगी और मआशी एहतबार से मजबूत जिंदगी बनाने के लिए भी हमारी मिनिस्ट्री को सोचना चाहिए।

सर, हमने यह देखा है कि लोग रिटायर होकर आते हैं, तमगे लेकर आते हैं, बहादुरी के कारनामों को अंजाम देकर आते हैं और रिटायर होने के बाद उनकी पोज़ीशन बहुत खराब हो जाती है। जब हम इनकी पोजीशन को चौकीदार की शक्ल में देखते हैं तो हमें शर्म भी आती है और सिर नदामत से झुक जाता है। इसलिए कि अक्सर हमारे जवान रिटायर होने के बाद किसी न किसी कल-कारखाने पर चौकीदारी के तहत खड़े कर दिए जाते हैं। वह चौकीदारी क्यों करते हैं? वह इसलिए चौकीदारी करते हैं कि शायद उनकी आर्थिक पोज़ीशन मज़बूत नहीं होती है, अपने बाल-बच्चों को खिलाने-पिलाने के लिए उनके पास वह सामान मुहैया नहीं है जिसके तहत उन्हें जाकर चौकीदारी करनी पड़ती है । देश की चौकीदारी जब इंसान करता है तो सारी दुनिया में इनाम-व-इक़राम का मुस्तहिक होता है लेकिन देश का चौकीदार किसी फैक्टरी का चौकीदार बना दिया जाए या किसी फैक्टरी का चौकीदार बनने पर मजबूर हो जाए तो यह हम तमामतर लोगों के लिए शर्म

की बात है। मैं सीधा मुतालबा डिफैंस मिनिस्टर साहब से करता हूं कि फौज बहुत सम्मानित जमात है, फ़ौज का जवान बहुत सम्मानित है, इस अपमान से उसे बचाने के लिए और उसे रिटायरमेंट के बाद रोज़ी रोटी से जोड़ने के लिए सम्मानजनक व्यवस्था पैदा की जाए ताकि वह रिटायरमेंट के बाद भी अपने बाल-बच्चों का पालन-पोषण अच्छी तरह से कर सके। महोदय, आज पाकिस्तान जो कुछ कर रहा है, वह हमसे छुपा हुआ नहीं है। उसकी शरारतों के पेश-ए-नज़र ही 1948 से लेकर आज तक हम बे-इत्मीनानी का शिकार हैं। यक़ीनन जब तक दुश्मन हमारे ख़िलाफ़ अपनी फौजी कार्रवाइयों को करने में यक़ीन रखेगा, अपने डिफैंस के लिए अपनी मज़बूती को हम भी पेश-ए-नज़र रखेंगे, उस मामले में किसी तरह का कोई समझौता नहीं हो सकता। पाकिस्तान कई तरह से हमें बर्बाद कर रहा है। कभी सरहदों पर छेड़छाड़, कभी अंदरून-ए-मुल्क छेड़छाड, कभी मज़हब के नाम पर छेड़छाड़, कभी जाति-बिरादरी के नाम पर छेड़छाड़ - ग़रज़ यह कि हम हिन्दुस्तानियों को जिस तरह से भी कमज़ोर करना हो, हर लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वह हमारे ख़िलाफ़ दिन और रात साज़िश करता है। बल्कि मैं तो यह कहता हूं कि उसका वन प्वाइंट प्रोग्राम ही सिर्फ़ हिन्दुस्तान की बर्बादी का ख्वाब देखना है, इसके अलावा न उसके पास कोई काम है, न उसके पास कोई मुस्तक़बिल है, न उसके पास कोई योजना है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि जो कुछ भी बजट में इज़ाफ़ा हुआ है, वह दुरुस्त है और जितना फौजियों को नये हथियारों से लैस किया जा सकता है, वह जरूर करना चाहिए। हमारे जवानों के पास जब नये हथियार नहीं थे, उसके बावजूद भी वे जंग जीते। दुश्मन के हथियार बेहतर थे, हमारे हथियार पुराने थे, मगर यह जंग कैसे जीती गयी? यह जंग सिर्फ़ हथियारों से नहीं जीती जा सकती, यह जंग तो हौंसलों से जीती जाती है। हमारी फ़ौज के बहादुरों का कारनामा यह है कि अगर हथियारों की कमी भी पड़ी है तो उनके अंदर हौंसलों की कमी नहीं रही है, उन्होंने अपने हौंसलों को औज़ार बना लिया है, उन्होंने अपने हौंसलों को हथियार बना लिया है। उन बर्फीली चौटियों पर भूखे-प्यासे रहना, अपने वजूद को मुसलसल मुसीबतों में गिरफ़्तार किए रहना और देश को गिरफ़्तार और कैद होने से आज़ाद करने का बहादुरी के साथ हौसला दिखलाना - यक़ीनन ऐसे जवानों को सलाम, ऐसी फ़ौज को सलाम। इसके अलावा हम अपने अंदर इस तरह की भावनाएँ पैदा करें कि उनकी ज़िंदगी हमारे पेश-ए-नज़र रहनी चाहिए और कभी उन्हें नज़रअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सर, एक बात और कहना चाहूंगा। हमने यह देखा है कि इरान में सारे जवानों को इरान की हुकूमत ने अपने मुल्क की सरहदों की हिफ़ाज़त के लिए फौजियो के रूप में खड़ा कर दिया। आज हमारे मुल्क की हिफ़ाज़त हर ऐतबार से होनी चाहिए। हमारी सरहदों को जैसे बताया गया कि बहुत लम्बी-चौड़ी हैं - उन सरहदों की हिफ़ाज़त

के लिए हमें एक टीम बनाने की जरूरत है । पहले एन.सी.सी. के जरिये हमारे बच्चों की ट्रेनिंग हुआ करती थी। स्कूलों में बच्चे बड़ी मुस्तैदी के साथ तैयार किए जाते थे कि वक्त पड़ने पर फौज के पीछे सरहद के पास रहकर मुल्क के जवानों की हिफ़ाज़त और उनकी मदद की जा सकती थी मगर यह चीज़ व्यापक नहीं बन सकी । इस प्वाइंट को नोट किया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा और अगर मुमकिन हो सके तो देश के सारे नौजवानों के लिए एक उम्र तय कर दी जाए और उसमें साल-डेढ़ साल की ट्रेनिंग अपने मुल्क की हिफ़ाज़त के लिए जरूर कराई जाए ताकि देश की सेहत पर कोई आंच न आ सके और मादरे वतन के आंचल को दुनिया की कोई ताक़त मैला न कर सके। बहुत-बहुत शुक्रिया।

THE VICE CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Shri Shankar Roy Chowdhury; you have got 12 minutes.

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY (West Bengal): Sir, I will try and finish in the shortest time possible. Sir, one of the few institutions of international excellence that this nation possess is the Defence Forces. Yet; though Governments from time to time have been paying whatever attention they felt like to it, unfortunately, these have suffered over the years by a policy of unknowing, or, perhaps, benign neglect, proving the truth of the old saying that God and soldiers are remembered only in times of need. The latest occasion when this nation needed our soldiers was during the Kargil war. Our Defence Forces have been constantly at war, while the nation has been at peace. In Kargil we paid tributes to 523 soldiers and airmen who were killed. This constitutes a very tiny fraction of the 20,000 defence personnel we lost in the 34 wars which we fought since Independence. This Government assumed office at the dawn of the 21st Century and it is their responsibility, along with the rest of the nation, to bring the Defence Forces into the 21st Century as well. They have a large amount of backlog to clear and they will also have to prepare the Defence Forces for the future. They have to provide the Defence Forces with the operational capabilities which are necessary to preserve our supreme national interests in the increasingly unstable and dangerous world which the 21st century is going to assume. As I have said, there is need for a greater degree of re-organisation, restructuring, re-equipment, and the last, but not the least, attitudinal re-orientation of the national defence hierarchy. This Government will have to proceed further and pay attention to a large number of points, each of them by itself can, perhaps, take the time of a full debate. However, within the time allotted to me in this House, I shall try to touch a few of these points.

The first point, Mr. Vice-Chairman, Sir, is that this Government must now take the lead in altering the pattern of politico-military interaction. Hitherto, ever since 1947, a barrier of Civil Servants has been imposed on the interaction between the military and the political leadership. Civilian control of the Armed Forces is the basic principle of democracy. Without that basic principle, democracy will not survive. But, unfortunately, over the decades, civilian control has been distorted, aberrated, misrepresented to mean civilian bureaucratic control. But that is not the meaning. True, civilian control consists of civilian political control, the political leadership directly controlling the Armed Forces and, for this reason, I think a major re-orientation, a major change in our thought process and attitudinal process are required. The Defence Forces must interact directly with the political leadership. This hitherto has not been the case. But I am encouraged to see that over the last few months, perhaps, over the last few years, the Defence Forces are increasingly being taken into confidence by the political leadership of the country. This is an encouraging trend and I hope it will continue.

This readjustment of the politico-military interaction pattern, in turn, leads me to a few other points. Our higher defence management and planning has to be restructured. The hon. Defence Minister, perhaps, in the previous Government, had mentioned that he would take the necessary steps to integrate the Ministry of Defence with the Defence Services Headquarters. Unfortunately, perhaps, due to various reasons, this has not happened. I am given to understand that this is one of the issues which has also been projected by the Subrahmanyam Committee and it is receiving the Government's attention. I hope the Government will process the matter expeditiously.

Sir, why do I say that the political and military leadership must be re-oriented and better integrated? Not only the Defence Forces should be taken into confidence in the national decision-making process, but they should also provide the necessary expertise and advice. But there great deal of heart- burning, there is a great deal of irritation, there is a great deal of frustration, within the Defence Forces at this perforced separation from the seat of decision -making. This is not a healthy sign. This is not a happy sign, and the Defence Forces must be involved in the decision- making process. The National Security Council has been established. Many comments have been made on it. It is true that an organisation has to evolve after an analysis, which I am sure, the Government would be doing. We hope, in the near

foreseeable future, the National Security Council, the Cabinet Committee on Security will become, in real terms, a proper forum where decisions on national security could be taken after weighing all possible inputs. Intelligence has been a shortcoming, which has been pointed out repeatedly by a large number of sources. I am sure, the Ministry of Defence and the Government of India itself would be taking necessary steps to put it right. Allied to higher defence management and policy planning is our higher defence organisations and their structure itself. The concept of a Chief of Defence staff was proposed almost a decade ago. The concept of a Joint Staff Headquarters had also been proposed many years ago. It is time these issues are examined and put in place because at one time, unfortunately, the concept of a Chief of Defence Staff used to be turned down, on the hidden assumption that, somehow, this would make the Armed Forces too powerful. Taking the example from our neighbours, some danger might have been felt by them. They might have thought, if the Armed Forces were allowed to unite, they might take some action.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): I don't think, Mr. Chowdhury, you should talk of any hidden assumption or hidden interpretation by the Government.

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY: Okay; Sir. I take your point. But now, I think, the time has come when there is a need to integrate all the three services under a higher defence organisation. It should be so rationalised that the leadership of the nation gets the defence inputs that is required. Besides, there is the defence planning staff. We have a Defence Planning staff under the Directorate General of Defence Planning. It is time the Directorate General of Defence Planning is strengthened, reorganised, to become a proper Joint Services Headquarters. Now I come to the point of resources. The post- Kargil Budget has seen a quantum jump in the allotment of resources and there is a general euphoria in the country. But, Mr. Vice-Chairman, Sir, we must not lose sight of the golden thumb rule, the basic thumb rule, that if the nation's defence has to be built up on a coordinated and rationalised basis, the minimum allotment of resources for Defence has to be the basic figure of 3% of the GDP. If that is the basic figure, then according to some calculations, the allotment of resources in the post -Kargil Defence Budget is inadequate. Because by various calculations, it comes to about 2.6%, or, 2.7%. It is only a little above what used to be allotted earlier. I would urge upon the Government to see that these

allocations are built up gradually, on a sustained basis, over decades so that defence planning does not suffer from sporadic allotment of funds which has been the case earlier. There is always a debate on the defence expenditure. There is also a debate on utilization of resources on defence in a country which requires these resources for various important issues. The general pattern of defence expenditure is sought to be argued on defence versus development. It is a very old argument and it does have a lot of strength and logic behind it. As against that, I would urge upon the Government and the nation to consider whether defence expenditure should be considered in terms of defence versus development or it should be considered from a slightly different point of view of a national life insurance policy whose premium may not give you benefits immediately, but when the time comes, as it comes to us periodically, -- it came to us in 1962; it came to us in 1965 and it came to us again in Kargil - at that time, this premium comes in handy. A major task before the Government is to build up and operationalise the nuclear capabilities which have been developed, and here it must not be forgotten that the nuclear capabilities which have been developed by the nation today are the direct results of unbroken efforts by a chain of Governments ever since the dawn of Independence. Pt. Nehru was the person who initiated this programme when he established the Atomic Energy Commission. Successive Prime Ministers have not differed on the issue of support to the country's nuclear programmes, civil as well as military, with the exception of one. However, the nuclear explosions in 1974 in the regime of Shrimati Indira Gandhi and the nuclear explosions in 1998 at Pokhran under the present regime are part of the same programme. But I would urge the Government and the nation not to think that with the explosions at Pokhran we have arrived at our destination. It is not a destination. It is a major milestone. There are yet long distances to travel. I would urge the Government to develop the necessary weaponisation systems, the necessary command, control communication and intelligence systems and the necessary organization and command structures to ensure that our nuclear capabilities are fully developed.

As far as conventional warfare is concerned, our defence forces must develop multi level operational capabilities. They must be capable of operating in low intensity conflicts as indeed we are doing in Kashmir and the North East. It must be able to develop and operate in the middle level operational intensity as we have done in Kargil and it must also have the

capability to operate at higher levels of intensity. There is a feeling that perhaps the manpower has to be cut down and the technology has to be introduced. Unfortunately, this may not always work because the type of terrain and the type of operations that our forces have to undertake, some of them are inherently manpower-intensive and some of them, of course, are technology-intensive. For example, in the type of operations where our forces are deployed, like in the proxy war in Kashmir as also in the North East, you cannot substitute the manpower with technology. These are manpower-intensive operations and there is no alternative but to have manpower-intensive forces for such type of operations.

Keeping the threat pattern and the scenario on the borders in mind, India will have to have a degree of manpower-intensive army. We cannot cut down manpower drastically. We need a large Army. But we cannot afford a very large defence expenditure. These two seemingly contradictory objectives can be coincided by a number of means. This can be examined by the Ministry of Defence; I am sure they are aware of it. One of them, which I may suggest, is territorialisation on a large scale in which a large number of functions within the Army can be handled by the Territorial Army. And also the commercial and industrial infrastructure coming up in the country can be exploited so that some of these functions, particularly, supporting functions, can be exploited, can be undertaken for infrastructure development in the country. I would urge upon the Government to pay particular attention to the quality of life in the Armed Forces. The Armed Forces, as also, indeed, the paramilitary forces, have an extremely hard service life. They require certain things which have been totally deficient. And the single largest deficiency in this quality of life has been the paucity of married accommodation. Hitherto in the Armed Forces, the prescription for married accommodation was only 14 per cent of the strength of a unit, and even then that was in short supply. I am encouraged and happy to learn that recently the Government has increased this to 34 per cent. There are large backlogs to be made up, and a certain amount of resources have to be allocated to this. I would ask the Government to support the ex-serviceman; support him in terms of jobs, support him in terms of medical cover, support him in terms of honours and awards. For example, with due respect, with great respect to this House, I really don't see why amongst the nominated Members by the President, after 50 years of unceasing service to the nation, at least one or two members from the defence force cannot be so nominated. I would urge upon the Government to kindly consider this suggestion.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Please wind up now.

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY: Yes, Sir. In conclusion, with your permission, I would like to end with a quotation. I am not naming the author of this quotation; he is no friend of India. He was a known imperialist, but an outstanding Parliamentarian. What I read is a part of his speech while speaking as an Opposition M.P. in the House of Commons. He drew the attention of his Government to the state of armed forces of his country. I quote: "The Armed Forces are not like a limited liability company to be reconstructed from time to time as the money fluctuates. It is not an inanimate thing or an object like a house, to be pulled down or enlarged or structurally altered at the caprice or whim of the tenant or owner. The Armed Forces is a living thing. If it is bullied, it sulks. If it is unhappy, it pines. If it is harried, it gets feverish. If it is sufficiently disturbed, it will wither and dwindle and almost die. And when it comes to this last serious condition, it is only revived by lots of time, lots of money and lots of love." Mr. Vice-Chairman, Sir, the Indian defence forces have been through all these stages. I would urge upon the Government to please ensure that we do not go through these stages in future as well. Thank you.

*मिर्ज़ा अब्दुल रशीद (जम्मू और कश्मीर): वाइसचेयरमैन साहब, आज जो डिफेंस सिस्टम पर सुबह से बहस हो रही है, इसमें कोई शक नहीं कि हमारा मुल्क बड़ा वसी है, वसीतर मुल्क है, इसकी सरहदें दूर दूर तक फैली हुई हैं, हदेनज़र से बहुत दूर, इसकी सरहदों की हिफाज़त के लिए, निगहबानी के लिए, निगरानी के लिए दुनिया का सब से बड़ा डिफेंस बजट भारत का है। इसमें कोई शक नहीं कि हमारी हकूमत बड़े अच्छे ढंग से इसको निभा रही है। मैं इसकी तफसील में न जाते हुए अपने जम्मू-कश्मीर की तरफ हाऊस का ध्यान दिलाना चाहूंगा। आज तक आजादी के बाद भारत के साथ जितनी भी जंग हुई हैं चीन को छोड़ कर बाकी सब की सब जंग पाकिस्तान के साथ हुई हैं और जम्मू-कश्मीर के मामले में हुई हैं। इसमें कोई शक नहीं कि जम्मू-कश्मीर जो हमारे देश का सरताज है, वह पाकिस्तान ने हमारे देश के लिए सरदर्द बना कर रखा हुआ है और खुद जम्मू-कश्मीर के लिए वहां के आवाम के लिए बड़े दुख की बात है कि पिछले 50 साल में कभी भी वहां सुख की नींद कोई शख्स नहीं सो सका है और हमारे मुल्क को इसमें इनवाल्व कर रखा है। यह भी सच है कि 1957 में नेहरु लियाकत अली का नो वार पैक्ट हुआ। सन् 1965 में जनरल अयूब ने हमला कर के उसको तोड़ दिया । जनरल

* Transliteration of the speech in Persian script is available in Hindi version of the Debate.

अयूब और शास्त्री जी का ताशकंद में जो मुहायदा हुआ वह जनरल याहिया ने 1971 में हमला कर के तोड़ दिया। हर हमला पाकिस्तान की तरफ से हुआ करता था। यह ठीक बात है कि 1971 के जंग में उनको अपने मुल्क के दो हिस्से देखने पड़े। उसके बाद शिमला समझौता वजूद में आया । शिमला समझौते को वायोलेट न करने की कस्में खाई गई । लेकिन 11 साल से जम्मू कश्मीर की रियासत में पशोपर्दा एक ज़बरदस्त हमला अनडिक्लेयर्ड वार, प्रोक्सी वार जम्मू कश्मीर की रियासत में चल रहा है, उसका भी मुकाबला हमारी सरकार और हमारी बहादुर फौजों ने बड़े अच्छे ढंग से किया । वहां के लोग लोग शुरू में जिस वक्त वहां के नौजवानों गुमराह कर के उनके हाथों से कलम, किताब छीन कर उनके हवाले क्लाशनीकोव कर दी गई तो बहुत जल्दी उन्होंने रियलाइज़ किया कि हम गलत रास्ते पर जा रहे हैं, बहुत सारे गुमराह लोग जब सरेंडर हुए और बहुत सारे उनके वालदायन को तब अहसास हुआ तो वहां मिलिटेंसी मुरझा गई। उस वक्त पाकिस्तान ने बड़े धोखे के साथ कारगिल में जंग रचाया और जंग रचाने के बाद जैसे कि सब साथियों ने उस धोखे से किये हुए हमले की बात कही है, हमारे वीरों ने, महावीरों ने वहां पर कुर्बानियां देना शुरू कर दिया और उन्होंने एलान किया कि हमारी कुर्बानियां गिनो। नवाज़ शरीफ जहां चंद दिन पहले कहा करते थे कि वहां के लोकल लोग लड़ रहे हैं, उस वक्त वह सदर क्लिंटन के पास चले गये। वहां उन्होंने कहा कि हमें तीन दिन की मोहलत दे दो हम अपनी फौजें वापिस कर रहे हैं। वह सारी दुनिया में झूठा साबित हुआ और सारी दुनिया के मुल्कों ने कहा कि वायोलेटर पाकिस्तान है और दुनिया में वह अलग-थलग हो कर रह गया, आइसोलेट हो कर रह गया। इस सिलसिले में जनाबेवाला न सिर्फ दुनियां के मुल्कों में वह आइसोलेट हुआ बल्कि खुद अपने मुल्क में उसकी अपोज़ीशन पार्टीज़ ने जो कहा, वह अखबार में निकला, जिसे मैं हाऊस के सामने रखना चाहता हूं -A resolution passed by the Pakistan Opposition People's Party added and I quote, "The Kargil blunder forced the Nawaz Sharif regime to recognise the Line of Control through the Washington declaration between Clinton and Nawaz Sharif. Having been humbled both stragegically on the battle-field and diplomatically in the international arena, Nawaz was left with no other alternative but to appeal to his so called freedom fighters in disguise regular army to come back".

इस सिलसिले में वह न सिर्फ दुनिया के मुल्कों में आइसोलेट हुआ बल्कि अपने मुल्क में भी उसकी अपनी अपोज़ीशन पार्टीज़ ने उनके लिए ऐसे रिमार्क्स किये। खैर, मेरा जहां तक कहने का ताल्लुक है, कारगिल की जंग हुई, उस पर काफी लम्बी चर्चा हुई, मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा, मैं आनरेबल मंत्री जी का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहूंगा। गवर्नमेंट ऑफ

6.00 PM

इण्डिया ने कारगिल में चार वायदे किये थे। एक साल हो गया लेकिन उनमें से कोई भी वायदा पूरा होता नज़र नहीं आया। एक यह था कि जैसे आनरेबल लीडर आज़ाद साहब ने कहा कि वहां एक स्काऊट की रेजीमेंट खड़ी करने के लिए वायदा किया गया था। एक साल हुआ है लेकिन वहां कोई इस किस्म की रिक्रूटमेंट नहीं है। दूसरे वहां मई 2000 तक जहाज चलाने के लिए वादा किया गया था। लेकिन मुझे लगता है कि अभी वहां पर जो एयरपोर्ट है वह भी ठीक नहीं हुआ है। तीसरा, जहां तक जोजीला टनल का ताल्लुक है, जोजीला टनल का, जितने बहुत सारे पुराने सेंटर के डिफेंस मंत्री रहे हैं, प्रधान मंत्री रहे हैं उन्होंने सर्वे करवाया हुआ है कि उसको स्टार्ट करेंगे, वहां चलाएंगे ताकि लोगों को काम भी मिले और टनल भी बने। जहां 6 महीने बर्फ रहती है लद्दाख और कारगिल के बर्फीले इलाके में इससे वहां हमारी सिक्योरिटी फोर्सेज को भी कोई रुकावट नहीं आएगी और सिविलियन्स को भी रुकावट नहीं आएगी। लेकिन उस पर भी कोई काम नहीं हो रहा है।

मैं मंत्री जी को दो सजेशंस देते हुए अर्ज करूंगा कि जम्मू काश्मीर की रियासत में उस दिन तक मिलिटेंसी खत्म नहीं हो सकती है, अनडिक्लेयर्ड वार खत्म नहीं हो सकती है जब तक बार्डर को मजबूत नहीं किया जाएगा। यह क्रास बार्डर पर जो इस वक्त मिलिटेंसी है, उसमें पाकिस्तान की आर्मी सिविल कपड़ों में आती है और यहां आकर जंग लड़ती है। इस वक्त जम्मू काश्मीर की रियासत में 90 फीसदी बाहर के मिलिटेंट्स लड़ रहे हैं, बाहर की आर्मी, पाकिस्तान की आर्मी लड़ रही है। हम इनसे गुजारिश करेंगे कि आज यह बड़ा एडवांस्ड जमाना है, साइंस और टेक्नालाजी का जमाना है तो क्या उस बार्डर पर लेटेस्ट सर्वीलेंस के जो इंस्ट्रूमेंट्स हैं उनको इंस्टाल नहीं कर सकते हैं ताकि वहां बाहर के जितने लोग भी आएं वे न आ सकें? कोई तारबंदी का तरीका किया जाए या कोई डबल डिफेंस लाइन इस किस्म की खींची जाए जिससे कि यह बार्डर मजबूत हो सके। लेकिन मुझे लगता है कि अगर यही सिलसिला रहा तो वहां से सिर्फ छोटे हथियार ही नहीं आते हैं - कलाशिनिकोव और ग्रेनेड्स ही नहीं आते हैं - मैं भी बार्डर का रहने वाला हूं वहां इसका मुझे पूरा अहसास है - बल्कि वहां से तोपें आती हैं, वहां से मार्टर्स आते हैं, वहां से मिसाइलें आती हैं, वहां से टनों के हिसाब से आर डी एक्स आता है। अगर यही सिलसिला चलता रहा तो वहां जम्मू काश्मीर की रियासत के हर मोड़, हर सड़क, हर मुहल्ले में बारूद बिछ जाएगा। मैं दुबारा यह जोर देकर कहूंगा कि जब तक वहां क्रास बार्डर टेरोरिज्म बंद नहीं हो सकता तब तक मिलिटेंसी खत्म नहीं हो सकती है। इस वक्त 90 परसेंट मिलिटेंसी पाकिस्तानी आर्मी की वजह से हो रही है। सिर्फ 10 परसेंट वहां के

बेकार लोग जिनके पास कोई काम नहीं है, उनको उन्होंने यूज किया हुआ है, उनका इस्तेमाल किया हुआ है।

दूसरा, जनाब मैं गुजारिश करूंगा कि जो हमारी फौज है उन्होंने बड़ा अच्छा यह काम किया हुआ है कि वहां पर सिविल आपरेशन प्रोग्राम्स जारी रखे हुए हैं जिसकी वजह से दूरदराज के जो इलाके हैं वहां पर ये सड़कें बनाते हैं, पुल बनाते हैं, लोगों के लिए अस्पताल बनाते हैं, स्कूल बनाते हैं या दवाइयां देते हैं। ये प्रोग्राम जो हैं इनसे अवाम और फौज का बड़ा कोआपरेशन होता है। हम यह चाहेंगे कि यह जो बजट इन्होंने बढ़ाया है उस में एलोकेशन इस लाइन की तरफ ज्यादा करें ताकि वहां ज्यादा काम हो सके और लोगों का कोआपरेशन मिल सके और आर्मी उन्हें अपनी तरफ खींच सके।

जम्मू कश्मीर की रियासत में चारों तरफ हमारी फौज रखवाली करती है। फौज के पास हजारों नहीं लाखों एकड़ रकबा हमारे लोगों का है। वह रकबा जो 40-50 साल से है उसका रेंट बहुत मीगर है, बहुत थोड़ा है। हम यह चाहेंगे कि उनके रेंट में इजाफा किया जाए। वे बहुत सारी अच्छी जमीनें हैं। वे जमीनें अगर वापस न की जाएं तो पहाड़ों पर इनको कोई आल्टरनेटिव जमीन दी जाए। साथ ही बहुत सारी फाइलें ऐसी पड़ी हुई हैं जहां आर्मी जमीन को परमानेंट लेना चाहती है कम्पेनसेशन देकर। वे फाइलें जल्दी डिसपोज की जाए, इस तरफ भी मैं आनरेबुल मिनिस्टर साहब का ध्यान दिलवाना चाहूंगा।

जिस तरीके से कारगिल में स्काऊट्स की रेजीमेंट की डिमांड है इसी तरीके से आज से 50 साल पहले तक जो 5-10 बार पाकिस्तान ने हमले किए हैं वे राजोरी, पुंछ, केरन और उड़ी के दर्रों से किए हैं। जब पाकिस्तान वहां पर हमला करता है तो सबसे पहला कदम वहां के लोगों के सीने पर पड़ता है और वे लोग कई बार उजड़े हैं और कई बार बसे हैं। मैं तजवीज करूंगा कि उन लोगों के लिए जो वहां गुज्जर और बकरवाल लोग हैं, पहाड़ी रेजीमेंट खड़ी की जाए। इसी तरह से पहाड़ी पीपुल जो हैं राजोरी और पुंछ में उनसे पहाड़ी रेजीमेंट खड़ी की जाए ताकि वे अपने मुल्क की डिफेंस भी कर सकें और रोजगार भी पा सकें। पहाड़ी पीपुल में हिंदू और मुसलमान दोनों तबकों के लोग बहुत ज्यादा तादाद में वहां मौजूद हैं। यह मेरा सजेश्चन है। बाकी सब से बड़ी बात, जनाब, मैं इस हाउस में यह कहना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर की रियासत में यह जो कश्मीर का मामला है, यह सब से ज्यादा डिफेंस प्वायंट् ऑफ् व्यू से भी लोगों के दिल जीतने का मामला है और उनको मेनस्ट्रीम में लाने का मामला है। उनको मेनस्ट्रीम में लाने के लिए आज से चार साल पहले वहां की तंज़ीम नेशनल कांफ्रेंस, जिसका मैं भी एक फ़र्द हूं और डॉ. फारुक साहब उसके चीफ मिनिस्टर हैं, उस तंज़ीम में 70 साल पहले मुल्क के साथ

रिश्ता जोड़ा है, आं ज़हानी शेर-ए-कश्मीर की मौजूदगी में, उनकी रहनुमाई में और बदस्तूर आज तक देश के साथ हर मोड़ पर, हर दौर में उन्होंने साथ दिया है। आज भी डॉ. फारुक साहब जो हैं वह देश के और रियासत के दरम्यान में एक पुल का काम करते हैं। वह लाइन ऑफ् कंट्रोल के दरम्यान एक दीवार और एक चट्टान की तरह काम करते हैं। वह कारगिल से लेकर यूएनओ तक, हिन्दुस्तान के हक में, भारत के हक में वकालत करते हैं। लेकिन पिछले चार साल में किसी भी सरकार ने उनके हाथ मजबूत नहीं किए हैं। दो-तीन साल पहले जो सरकारें थीं, उन सरकारों ने भी कोई उनके हाथ मजबूत करने की कोशिश नहीं की। जितने भी प्रोजैक्ट और जितने भी काम उस वक्त डिक्लेयर किए गए, किसी काम पर भी दस पैसे का काम शुरू नहीं हुआ है । मिसाल के तौर पर बड़ी हकूमतों ने वहां पर पत्थर लगाए, प्रधान मंत्री ने पत्थर लगाए, लेकिन पत्थर के पत्थर पड़े हुए हैं, रेलवे का दस पैसे का काम शुरू नहीं हुआ । इसी तरीके से जम्मू-कश्मीर की रियासत में भी नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स की तरह इकोनोमिक पैकेज की बड़ी जरूरत है क्योंकि इन्फ्रास्ट्रक्चर वहां मिलिटेंसी में और इस जंग में तबाह हो चुका है। जब तक इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए स्पेशली वहां फंड्ज़ नहीं दिए जायेंगे, तब तक वह सरकार दोबारा अपने पांव पर खड़ी नहीं हो सकती है और न ही देश की मजबूती कर सकती है और न ही सेकुलरिज्म को मजबूत किया जा सकता है तथा न ही एंटी इंडिया एलीमेंट्स के साथ लड़ा जा सकता है। जो इस वक्त वहां पर पोलिटीकल अटोनोमी का नारा है, 1966 तक बाकायदा वहां यह अटोनोमी थी। कोई आसमान से पहाड़ नहीं टूटा था। यह साइकोलोजीकली लोगों के सैटिस्फैक्शन की बात है, एक पोलिटीकल बात है। इस सिलसिले में जो भी कवानीन आज तक एक्सटेंड हुए हैं, कोई अगर कमेटी बने और कौन सा कानून रियासत के हाथ में है या मरकज़ के हाथ में है, उसको सोचा जा सकता है, लेकिन उस तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। सब से बड़ा मसला इस वक्त वहां बेकारी का है। जनाब वाइस चेयरमैन साहब, इस वक्त वहां पर एक लाख पीएचडी, एमए, ग्रेजुएट, इंजीनियर और दूसरे टैक्नोक्रेट बेकार हैं। वे बेकार लोग काम मांगते हैं। वे जॉब मांगते हैं। कोई आल्टरनेटिव उनके पास इंडस्ट्री भी नहीं है कि उसमें वे काम कर सकें। इस सिलसिले में मैं इस हाउस की मदद से आपसे और आपके जरिए आनरेबल मंत्री जी से गुजारिश करना चाहूंगा कि हमारा देश बहुत बड़ा है, आप इन्हें रेलवे में भर्ती करवा सकते हैं। आप मुख्तलिफ आर्गेनाइजेशंस में, मुख्तलिफ कार्पोरेशंस में, मुख्तलिफ कंपनियों में और महकमों में अगर आप उन बेकार लोगों को अपने देश में जगह दे सकें तो यह आपके डिफेंस प्वायंट् ऑफ् व्यू से बहुत मज़बूती हो सकेगी। यह जो पचास हजार, बीस हजार या एक लाख लोग जब देश में भर्ती होंगे तो उनकी मांएं और बहनें जो हैं, उनकी नज़रें देश की तरफ रहेंगी। वे

उस पार लाशों का इंतज़ार नहीं करेंगी। यह भी देश की मजबूती की तरफ एक बहुत बड़ा कदम है।

मैं ज्यादा वक्त न लेते हुए आपकी वसातत से आनरेबल डिफेंस मिनिस्टर साहब से यह गुजारिश करूंगा कि इस वक्त वहां के हालात ऐसे हैं कि पाकिस्तान का जो हुलिया बिगड़ा है, कारगिल जंग के बाद और आज वहां पर लीडरशिप का यह हशर हो रहा है कि नवाज़ शरीफ को, जो वहां के वजीरे आला भी रहे हैं और वजीर-ए-आजम भी रहे हैं, आज 25 साल के लिए उनको उम्रबंद जेल भेजा गया है और बेनज़ीर को जिलावतनी दी गई है और पहले जितने भी वहां के लीडर थे उनको सजा दी गई है। आज जम्मू-कश्मीर की रियासत के लोगों की मैजोरिटी जो है वह ज़हनी तौर पर देश के साथ आना चाहती है, मेनस्ट्रीम में आना चाहती है। इस सिलसिले में हमारी यह तज़वीज़ होगी कि हमारे प्राइम मिनिस्टर जो इस वक्त न सिर्फ अपनी पार्टी को कबूल हैं या एनडीए को कबूल हैं, बट ही इज़ एक्सैप्टेबल टू द नेशन, वह लाहौर के साथ-साथ अगर लाल चौक, श्रीनगर की तरफ भी रुख करें तो हवा बड़ी साज़गार है, मिट्टी बड़ी नर्म है, हालात बड़े अच्छे हैं, वे इन लोगों को मेनस्ट्रीम में लाने के काबिल हो सकते हैं और जो यह कश्मीर का मसला पाकिस्तान ने इंटरनेशनलाइज़ किया हुआ है, यह वाजपेयी जी की कयादत में बिल्कुल सही हो सकता है, दुरुस्त हो सकता है बशर्ते कि इसको सीरियसली टेकओवर किया जाए। मैं जनाब डिफेंस मिनिस्टर साहब को मुबारक देता हूं कि इनकी मौजूदगी में डिफेंस प्वायंट् ऑफ् व्यू से मुल्क बहुत मज़बूत है और कारगिल की जंग हो या दूसरे जितने भी महाज़ हैं, वह बिल्कुल महफूज हैं और उन की अच्छे ढंग से निगरानी हो रही है। मैं उन से इसलिए भी गुजारिश करूंगा क्योंकि काश्मीर के मामले को वह पर्सनली भी जानते हैं और अगर वे थोड़ासा ध्यान देंगे तो इस वक्त वहां के लोगों को अपने साथ ले जाने के लिए, उन के दिल जीतने के लिए और उन को मेनस्ट्रीम में लाने का इस वक्त बड़ा मुनासिब मौका है। इतना कहते हुए मैं मंत्री जी ने डिफेंस के लिए जो पैसा मांगा है, उस की ताईद करता हूं।

श्री संजय निरुपम (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं दो-तीन मुद्दों पर ही अपने विचार रखूंगा क्योंकि बहुत लंबे भाषण के लिए समय नहीं है। महोदय, सब से सुखद् संयोग यह है कि आज कारगिल युद्ध को लगभग एक साल पूरा हो रहा है । यह युद्ध पिछले मई, जून, जुलाई में शुरू हुआ था और लगातार एक साल तक हम कारगिल युद्ध को जीतते रहे हैं। महोदय, कारगिल में हमारे जवानों ने जो शहादत दी, उस से हमारी आर्म्ड फोर्सेस के प्रति हमारा सम्मान और बढ़ा है। मेरा मानना है कि निश्चित रूप से जो जवान शहीद हुए, उस का कोई मुआवजा उन के परिवारों को नहीं दिया जा सकता, उस

का कोई हिसाब-किताब नहीं किया जा सकता। उन्होंने तो अपने देश की रक्षा के लिए कुर्बानी दी, लेकिन ग्राउंड रियलिटी यह है कि अभी भी बहुत सारे ऐसे जवान हैं जिन्होंने शहादतें दीं, लेकिन उन के परिवारों को पूरी तरह न्याय नहीं मिल पाया। हाल के अखबारों और मैग्जींस को माननीय मंत्री जी अगर ध्यान से देखें तो पता चलता है कि सवाल सिर्फ नौकरी का नहीं था। नौकरी तो कुछ परिवारों के लोगों को मिली हैं, कुछ को नहीं मिल पाई हैं, आर्थिक मुआवजा के प्रश्न का भी समाधान हुआ है, लेकिन ऐसे बहुत सारे जवानों की विधवाएं हैं जिन का कहना है कि उन के गांव में, उन के क्षेत्र में उन्हें जितना सम्मान मिलना चाहिए था, उतना सम्मान नहीं मिल पाया है जितने सम्मान का उन से वायदा किया गया था। हरियाणा के पास के एक जवान की विधवा से वहां की सरकार ने वायदा किया था कि एक स्कूल का नाम आप के पति के नाम पर रखा जाएगा, लेकिन आज तक सरकार का वह वायदा पूरा नहीं हुआ। इस तरह के व्यवहार से निश्चित रूप से जवानों के परिवार निराशा महसूस कर रहे हैं। उन को लगता है कि हमारे पति, हमारे बेटे ने बेवजह जान दे दी। हालांकि मैं फिर कह रहा हूं कि उन की शहादत का कोई मुआवजा नहीं दिया जा सकता, लेकिन जो सम्मानित करने वाली या प्रतिष्ठित करने वाली बात है, उस बात पर हम न चूकें। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वे इस मामले को गंभीरता से लें।

महोदय, कारगिल युद्ध के बाद पूरे देश में युद्ध जीतने के बाद जो बहस छिड़ी वह यह थी कि कारगिल में हम कैसे फेल हुए । हमारी सरकार ने कारगिल समीक्षा के लिए रिपोर्ट बनवाई, सुब्रहमन्यम कमेटी बनाई उस के जरिए एक कारगिल रिव्यु कमेटी बनी, उस की रिपोर्ट भी आई जिस की दो मुख्य बातें थीं। उन पर मैं संक्षेप में चर्चा करना चाहूंगा। पहली बात थी कि वह इंटेलिजेंस फेलुअर था। जब घुसपैठ हुई और जब सरकार को पता चला तो उस के पीछे समय का बहुत बड़ा फर्क था। दूसरी बात यह थी कि हमारे पास जिस तरह का मॉडर्नाइजेशन होना चाहिए था, उस तरह का नहीं था। हमारे आर्म्ड फोर्सेस वेल-इक्युप्ड नहीं थे। महोदय, इंटेलीजेंस फेलुअर के मामले में जो एक रिपोर्ट आई थी उस की दो-तीन लाइंस मैं पढ़ना चाहूंगा। कारगिल समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि, 'भारतीय सूचना-तंत्र में कमियां हैं क्योंकि सूचना एकत्र करने और रिपोर्ट देने में होने वाली चूकें और कमियों को दूर करने के लिए आधार सीमित हैं ।' बाहरी खतरे के बारे में केवल एक अभिकरण रॉ रिपोर्ट भेजता है और इस संबंध में इस अभिकरण को एकाधिकार प्राप्त है। न तो यह एक स्वस्थ परंपरा है और न ही इस में समझदारी है कि केवल एक ही एजेंसी पर मानवीय, संचार संबंधी, इमेजरी और इलेक्ट्रॉनिक सूचना जैसी अनेक क्षमताओं का भार डाल दिया जाए। अगर रॉ और डी.जी.एन.आई., मिलिटरी इंटेलीजेंस ने

एफ.सी.एन.ए. के क्षेत्र में उन अतिरिक्त बटालियनों, जो ऑरबैट नहीं थीं, को देख लिया होता तो सर्दियों में ए.आर.सी. की उड़ानों के लिए अनुरोध किया जा सकता था और ठीक मौसम में पुनः उड़ानें कराई जा सकती थी । अंतिम उड़ान नवम्बर, 1998 में भरी गई थी, जो घुसपैठ से काफी पहले थी और अगली उड़ान मई, 1999 में की गई थी, जब तक कि घुसपैठ हो चुकी थी और घुसपैठिए खुलेआम आ चुके थे। तो इंटेलिजेंस के संबंध में जो कोआर्डिनेशन की कमी थी, उस कमी को सुब्रमणयम साहब ने महसूस किया और उसकी तरफ सरकार का ध्यान भी आकर्षित किया। मैं आज इस चर्चा के माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि सीमा पर जो भी इंटेलिजेंस का काम चल रहा है उसमें निश्चित तौर से एक सही समन्वय स्थापित किया जाए, इंटेलिजेंस की जो रिपोर्ट आ रही है, वह डायरेक्ट, तत्काल हमारी सरकार तक पहुंचे ताकि जल्दी से जल्दी उस पर निर्णय लिया जा सके और भविष्य में ऐसी कोई गलती न हो, इसका ख्याल रखा जाए।

दूसरा मुद्दा है इक्विपमेंट का - लेक आफ वैल इक्विप्ड आर्म्ड फोर्सिस । हमारे पास ताज़ा-तरीन हथियार नहीं हैं, उपकरण नहीं हैं, उस तरह की ट्रेनिंग नहीं है । मिनिस्ट्री की जो रिपोर्ट पहले की है, करगिल समीक्षा रिपोर्ट ने जो कहा, वह तो है ही, आज जो रिपोर्ट आई है डिफेंस मिनिस्ट्री की, बिल्कुल आज आई है दीपांकर जी को मालूम है, उस रिपोर्ट में क्या कहा जा रहा है, वह मैं पढ़ रहा हूं :-

> "A number of shortcomings in the form of weapons, equipment, ammunition, clothing and logistics which had built up over a number of years came to light during the Kargil conflict. The concerned agencies have been sensitised and all cases of procurement projected by the Services are being processed on a fast-track basis, in order that our Armed Forces are equipped to face any situation."

मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि इस तरह का क्या कार्यक्रम चल रहा है, आर्म्ड फोर्सिस को आधुनिक बनाने के लिए क्या-क्या योजनाएं हैं? मैं डिफेंस मिनिस्ट्री की पूरी किताब में ढूंढने की कोशिश कर रहा हूं, मुझे नहीं मिला। सीक्रेसी का ख्याल रखते हुए, गोपनीयता का ख्याल रखते हुए अगर मंत्री जी कुछ जानकारी दे सकें, बता सकें कि किस तरह का आधुनिकता का कार्यक्रम चल रहा है, माडर्नाइजेशन चल रहा है तो बहुत मेहरबानी होगी ।

महोदय, माननीय मंत्री जी ने एक बार ऐसी घोषणा की थी कि जितनी भी डिफेंस डील हुई हैं पिछले कुछ वर्षों में, उनकी छानबीन की जाएगी। हमारे देश में डिफेंस डील

सबसे ज्यादा संदेहास्पद सौदा माना जाता है। मैं नहीं मानता कि सारे डिफेंस डील संदेहास्पद होते होंगे, उनमें किसी न किसी तरह का घोटाला होता होगा, लेकिन अनेक रक्षा सौदों की छानबीन के बारे में सरकार का क्या रुख है, सरकार का ताजा रुख क्या है, अगर मंत्री जी बताएं तो अच्छा रहेगा। मैंने रिसैस से पहले वाले इसी सत्र में एक प्रश्न दिया था रक्षा सौदों के बारे में, उस प्रश्न का पूरा का पूरा उत्तर गोल कर दिया गया। अगर किसी और माननीय मंत्री की तरफ से उत्तर आया होता तो मैं समझ सकता था लेकिन जार्ज साहब जैसे एक बेहतरीन मंत्री की तरफ से पूरे का पूरा उत्तर गोल कर दिया गया। मैं जानने की कोशिश कर रहा था, मुझे खुद मंत्री महोदय ने कुछ नहीं बताया, अगर बता सकें तो अच्छी बात होगी। डिफेंस डील के साथ जो सबसे महत्वपूर्ण बात है वह यह है कि आधुनिकीकरण क्यों नहीं हुआ? आधुनिकीकरण नहीं करने के पीछे कुछ न कुछ फोर्सिस हमारे देश में काम करती रही हैं। 18 साल पहले ऐ.जे.टी. - ऐडवांस जेट ट्रेनर की जरूरत महसूस की गई थी और बाकायदा स्टेंडिंग कमेटी की रिपोर्ट में था, उपसभाध्यक्ष जी, आप भी स्टेंडिंग कमेटी के मैम्बर हैं मुझे इस बात की जानकारी है और आपको भी इस बात की जानकारी होगी तथा मैं आपकी ही रिपोर्ट सामने रख रहा हूं । यह आपकी ही रिपोर्ट है 1999-2000 की और इसमें कहा गया है कि :-

> "The Committee had pointed out that HAL in 1985 were asked to take on the AJT Project. The Chairman, HAL, requested the Government to shift the time-frame by two years or contract the assistance of a proven design house from abroad since the HAL's resources were already committed to the development of LCA. and ALH."

आज आप बोलते हैं कि ऐ.जे.टी. की जरूरत है । उसके बाद इसी रिपोर्ट में आगे आप लोगों ने कहा, पता नहीं मंत्री महोदय ने इस पर ध्यान दिया है कि नहीं :-

> "The Committee again reiterate that the Ministry should take appropriate action against those who did not allow the HAL to keep alive the indigenous design and development route for AJT and contract the assistance of a proven design house for this important job which has resulted in loss of precious lives and aircraft over a period of 15 years since 1984."

आपकी ताजा डिमांड यह है कि -

The Ministry of Defence during evidence have stated that for the acquisition of AJT a single vendor situation has been reached and the steps required now will be to look at the British Aerospace offer quickly, and negotiate on flyaway aircraft.....because the need for them is badly felt.

महोदय, 18 साल पहले इसकी जरूरत महसूस की गई थी। हमारे देश में ऐसे एक्सपर्ट्स हैं, ऐसे साइंटिस्ट्स हैं, ऐसे संस्थान हैं जो ए.जे.डी. डेवलप कर सकते थे, ऐसी टेक्नोलोजी डेवलप कर सकते थे लेकिन 18 सालों तक उसको टाला गया, उसको घुमाया गया और आज मिनिस्ट्री कहती है कि हमें इसकी बहुत जरूरत है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि अगर वे स्टैंडिंग कमेटी की रिकमंडेशन के बैकग्राउंड में इस पूरे मामले की छानबीन करेंगे तो पता चलेगा कि हमारे देश की सुरक्षा से जुड़े हुए मामलों से कौन छेड़छाड़ करता रहा है, इन आर्म्ड फोर्सेज को आधुनिक बनाने में कौन आड़े आ रहा है, कौन बाधा बन रहा है। इस पूरे मामले की छानबीन होगी तो सारे तथ्य सामने आएंगे। जब कारगिल कन्फिलक्ट हुआ तो हमारे जवान जिनके अंदर इतना उत्साह है, जिनके अंदर इतना जोश है, वे कमजोर साबित होते हैं क्योंकि उनके पास उपकरण नहीं हैं, उनके पास इक्विपमेंट नहीं हैं, वे पूरी तरह से ट्रेंड नहीं हैं। निश्चित तौर पर देश की सुरक्षा के साथ यह जो खिलवाड़ है, यह अपने आप में एक तरह का देशद्रोह है। ऐसी ताकतों की छानबीन होनी चाहिए, उनकी शिनाख्त होनी चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

महोदय, इसके बाद कोस्ट गार्ड्स के बारे में मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। समुद्री तटों की रक्षा करने के लिए 1978 में तट रक्षक दल बनाए गए। ये जो तट रक्षक दल हैं, इनके प्रमुख पदों पर जो नियुक्तियां होती हैं, जो इनके मुखिया होते हैं, इनमें कभी भी रैंक्ड फाईल से इनकी प्रमोशन नहीं होती है । नेवी से निकालकर उनके ऊपर किसी न किसी ऑफिसर को बिठा दिया जाता है। इसकी वजह से तट रक्षकों के बीच एक प्रकार का असंतोष पैदा हो रहा है।

महोदय, मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मैं यह भी बताना चाहूंगा कि कोस्ट गार्ड के पास जो हेलीकॉप्टर्स हैं, उनका प्रयोग सिविलियंस करते हैं । मुंबई में आजकल जो हेलीकॉप्टर्स का प्रयोग हो रहा है, एक टेलीविजन का सीरियल था ''सी हॉक'', उसके लिए इन हेलीकॉप्टर्स का प्रयोग हुआ था। निश्चित तौर पर डिफेंस मिनिस्ट्री ने उसके लिए मंजूरी दी थी, नेवी से परमीशन मिली थी उसकी शूटिंग के लिए लेकिन उसके लिए जिन हेलीकॉप्टर्स का प्रयोग किया गया, वह अपने आप में सुरक्षा के लिए खतरनाक था। रेवेन्यू का लॉस तो इसमें हुआ ही। पता नहीं उन हेलीकॉप्टर्स को कितने किराए पर दिया गया? मैं यह जानना चाहता हूं कि ऐसे हेलीकॉप्टर्स जिनका उपयोग सुरक्षा से जुड़ा हुआ है, उनको किसी टेलीविजन सीरियल की शूटिंग के लिए दिया जाना चाहिए या नहीं? तो "सी हॉक" प्रोग्राम के लिए जो हेलीकॉप्टर्स इस्तेमाल किए गए,

उसके बारे में मंत्री महोदय कुछ जानकारी देंगे तो अच्छा रहेगा। तट रक्षकों के बीच इस बात को लेकर चिंता है।

महोदय, हम लोग जो मुंबई में रहने वाले हैं, जो महाराष्ट्र के तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग हैं, उनके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय स्मगलिंग है जो समुद्री मार्ग से होती है। महोदय, जब 1993 में मुंबई में बम ब्लास्ट हुआ था, तो उस समय यह पाया गया था कि बड़ी मात्रा में आर.डी.एक्स. और अन्य हथियार समुद्री रास्तों से स्मगल किए गए थे। इन समुद्री रास्तों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी तट रक्षकों की है। उस बम ब्लास्ट की जब छानबीन शुरू हुई तो बहुत सारे कस्टम ऑफिसर्स को स्मगलिंग के मामले में अरेस्ट किया गया और उनको सज़ा भी दी गई। वह प्रक्रिया अभी चल रही है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि तट रक्षकों के बीच ऐसे कौन-कौन लोग थे, जो इसमें दोषी पाए गए और क्या उनके खिलाफ कोई कार्यवाही हुई? महोदय, मुझे तट रक्षकों पर पूरा भरोसा है। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि आने वाले दिनों में तट रक्षकों को ज्यादा सक्षम बनाने के लिए सरकार क्या कर रही है? मुंबई के तटवर्ती इलाकों में ज्यादा से ज्यादा सुरक्षा बढ़े, इस संदर्भ में तट रक्षकों के लिए जो कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं, मंत्री महोदय उन पर रोशनी डालें। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी): श्री के. राममोहन राय जी, आप बोलिए। आपका समय 2 मिनट है, आप 4 मिनट ले लीजिए, 5 मिनट ले लीजिए।

SHRI K. RAMA MOHANA RAO (Andhra Pradesh) : Sir, I thank you for giving me an opportunity to speak on this subject. After the Kargil crisis, what we have to learn is that India cannot afford to adopt a policy of reducing its defence expenditure, specially in view of the geopolitical situation in the South Asian Region. The big gap between the requirement of funds and their availability should be reduced, if not totally eliminated. I agree that there is a general trend, world-wide, to reduce defence expenditure. But the situation in India is different. We have a hostile neighbour which spends as much as 5.13 per cent of G.D.P. on Defence, and China spends 4.5 per cent.

The Government should, if necessary, not hesitate to step up defence allocation from the current 2.4 per cent of GDP for the modernisation of the country's defence, as this is urgently needed. For this, it would be imperative that the Government should strive to increase the GDP growth rate itself and sustain it at a higher level so as to make available more funds for defence purpose, without straining funds allocation to other sectors of the economy.

The allocation for defence has been declining over the past several years. This is needed to be reviewed and corrected in view of recent developments. Though the economy is resilient enough to absorb its short-term effects of the Kargil conflict, in the long run, special provisions will have to be made to sustain the country's defence preparedness, in view of the latest developments on the border. The increase in the defence allocation in the Union Budget of 2000-2001 is not sufficient enough and is, in fact, less than 3 per cent of the projected GDP.

This is, however, the biggest defence expenditure since Independence. If the projected growth rate of GDP is taken into consideration, then this increase would be less than 3 per cent of GDP. In other words, defence expenditure, according to the ratio of GDP, has not undergone any significant change. The pattern started during 1990s, of pegging the defence expenditure to less than 3 per cent of GDP, has continued. Therefore, I reiterate my suggestion that expenditure on defence may be stepped up.

Our armed forces need to be modernised on a priority basis. It would be much better to undertake the modernisation of armed forces on the basis of a Ten-year Costed Equipment Plan for capital.

Future defence expenditure would be affected most significantly by the defence procurement policy. Unfortunately, we are yet to have a firm procurement policy. It is not possible to have a proper policy, without taking a considered position on self-reliance and building up indigenous capability on design and development. Up till now, licensed manufacture has been the main route for building indigenous capabilities.

However, modernisation based on import of equipment has its limitations because it leads to dependence on critical inputs on outside sources where politics can be played. Self-reliance for design and development is necessary for fast response in making required modifications in weapon systems in critical junctures. This would provide the crucial edge in winning a war. The Parliamentary Committee on Defence has also recommended for achieving indigenisation and self-reliance. While this aspect has to be kept in view for development of new systems, upgradation of existing equipment and weapon systems is a cost-effective way for modernisation. Upgradation, thoughtfully done, helps in maintaining the quantity, while improving the quality. The concept of modernisation of armed forces requires a reassessment in the light of emerging technologies,

need for achieving self-reliance and the kind of war that would be fought in the future.

The grit and determination of our young officers and jawans and quick and sound operational planning enabled India to throw out the Pakistani intruders in the Kargil War, but it revealed a shocking state of affairs in regard to defence preparedness. The causalities could have been avoided, if the Army had received proper equipment and winter clothing in time. Compared to the Indian troops, the Pakistanis were better equipped and had more firepower. Our soldiers do not get proper winter clothing and gloves. The Government of India should give a serious though to this aspect.

This also calls for a long-term strategic planning because Pakistan has already evolved one by formulating a Nuclear Command, deployment of ex-servicemen along the LoC and by training and sending militants into India through the porous borders. The bureaucratic hurdles should be removed and the forces properly equipped, without anyone getting involved in any kickbacks or scams.

Our Defence Minister should have a regular monitoring of the defence purchases. Long-term strategies are required to be prepared.

India's defence management badly requires restructuring of a higher defence organisation. The Subrahmanyam Committee, set up to look into the Kargil episode, has recommended it. Before that, the Arun Singh Committee had also made a comprehensive set of recommendations to improve the defence management process. The Defence Minister should bring about the much-needed integration of the defence services with the Ministry of Defence. This would greatly improve the efficiency and bring about economy.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. N. CHATURVEDI): Please wind up.

SHRI K. RAMA MOHANA RAO Being an able and dynamic leader, our Defence Minister, I am sure, would bring about strategic planning and defence management.

The nation's defence requirement needs to be assessed in the light of new dimensions of future wars. We should evolve a defence outlook based on military capabilities of our adversaries and not merely on the current focus

on threat. After the Kargil war, the requirement was for a drastic re-orientation towards the high-tech nature of the conflicts which the nation was likely to face in the future.

The fire accident at the Arms Depot at Bharatpur shows the loopholes in our system. The point is that such incidents had happened earlier, and previous inquiry reports suggested keeping the elephant grass under check. The authorities at the Depot have totally neglected this aspect. The responsibility should be fixed and the Minister should take action against the officers responsible for it. This is not a small incident. Due to the negligence of the authorities at the Depot, our Defence Forces lost the ammunition stored in 20 open plinths and nine affected sheds, weighing about 12,111 metric tonnes and costing about Rs.376 crores. This is besides the loss of a few lives. I request the Minister to have an independent inquiry held.

Another aspect that I would like to touch upon is about the use of the Army for domestic purposes. Whenever there is a natural calamity, the Army is called upon for reconstruction. This puts a lot of strain on our Defence Forces. The Government should consider using paramilitary forces for such purposes.

I also take this opportunity to mention about Praga Tools Ltd., Hyderabad. Praga Tools supplies items to ordnance factories under the Defence Ministry. As it was mainly catering to Defence requirements, it was kept under the administrative control of the Defence Ministry since its inception, till 1988. In 1988, it was brought under the Ministry of Heavy Industry, as a subsidiary of the HMT. After the company was shifted to the Ministry of Heavy Industry, the company has been facing a lot of troubles, leading to forgoing of preferential pricing as well as placement of orders from Defence. The Parliamentary Committee on Industry has also recommended transfer of this company to the Ministry of Defence. The Board of Directors of the HMT has also recommended transfer of the administrative control of this company to the Ministry of Defence.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. N. CHATURVEDI): Mr. Rama Rao, please wind up. You request the Industry Ministry to transfer it. He cannot do it on his own.

SHRI K. RAMA MOHANA RAO: I, therefore, urge upon the hon. Defence Minister to look into the matter immediately.

I thank you for giving me this opportunity. Thank you very much.

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी): श्री आर. एस. गवई। गवई साहब 12 मिनट का समय है।

श्री आर. एस. गवई (महाराष्ट्र): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं .....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. N. CHATURVEDI): You know, when you speak from a different seat, you have to take permission so that recording is not a problem. ...*(Interruptions)*...

That is all right. You can speak.

श्री आर. एस. गवई : उपसभाध्यक्ष महोदय, भारत की रक्षा के एक अहम विषय पर आज हम चर्चा कर रहे हैं। मानसिकता अंग्रेजी में बोलने की थी लेकिन मैंने स्वयं निर्णय लिया कि मैं इस महत्वपूर्ण विषय पर हिन्दी में अपने विचार व्यक्त करूं। ...**(व्यवधान)**....

श्री संघ प्रिय गौतम : विदर्भ तो हिन्दी भाषी क्षेत्र है।

श्री आर. एस. गवई: उपसभाध्यक्ष महोदय, कारगिल की लड़ाई को एक साल का समय हो चुका है और हमारे जवानों ने वहां पर जो कुर्बानियां दीं, जो शहीद हुए, उन सब को मैं सर्वप्रथम अपनी तरफ से श्रृद्धांजलि अर्पित करता हूं। और 1962 से लेकर आज तक भारत की लगातार परम्परा रही है - इस लड़ाई में भी कन्याकुमारी से श्रीनगर तक पूरा देश एक रहा, पूरा देश जवानों के साथ रहा, सरकार के साथ रहा। राजनैतिक पार्टियां भी यह समझते हुए कि यह देश की अस्मिता का सवाल है, अपने-अपने झंडों को अलग छोड़कर एक रहीं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। महोदय, रक्षा मंत्रालय को जो विशेष महत्व प्राप्त है वह इसलिए कि इस मंत्रालय के जिम्मे पूरे संसार की तीसरी लार्जेस्ट आर्मी है, पूरे विश्व में चौथे नम्बर की एयर फोर्स इस रक्षा मंत्रालय के जिम्मे है और पूरे विश्व में 15वें नम्बर की नेवी हमारे रक्षा मंत्रालय के जिम्मे है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण मंत्रालय है जिसके ऊपर हमें गर्व है। उपसभाध्यक्ष महोदय, इसके पहले जो चर्चा हुई, वह मैं दोहराना नहीं चाहता हूं मगर रक्षा के लिए कितनी राशि मुकर्रर होनी चाहिए, कितना परसंटेज होना चाहिए, इसके लिए लॉजिक की आवश्यकता है, इसके लिए रैश्नल की आवश्यकता है। 1999-2000 में रक्षा के लिए जो राशि मुकर्रर की गयी थी वह 49,037 करोड़ थी और सन् 2000 के लिए 58,587 करोड़ रुपये रक्षा के लिए मुकर्रर किए गये। ठीक है, थोड़ी राशि बढ़ायी गयी है मगर इस सिलसिले में जो लॉजिक है, वह यह है कि जी.डी.पी. का तीन परसेंट सुरक्षा मंत्रालय के लिए आवश्यक है। हमारे जो पड़ौसी हैं, वे जी.डी.पी. का पांच परसेंट से 13 परसेंट तक डिफेंस पर खर्च करते हैं। हमारा पड़ौसी देश चाइना

डिफैंस पर जी.डी.पी. का 4.5 परसेंट खर्च करता है। इंडिया में जितनी आर्म्ड फोर्सिज़ हैं, वह 1.18 परसेंट पर थाउज़ैंड सिटीज़न है। पाकिस्तान में यह राशि जाती है 422 पर थाउज़ैंड और चाइना में यह राशि जाती है 2.42 परसेंट । करीब-करीब 75 से 80 परसेंट डिफैंस का

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुईं]

खर्चा हमारे सरकारी अधिकारियों की पगार पर, उनके भत्तों पर खर्च किया जाता है और बाकी जो बचता है, वह उसके माडर्नाइज़ेशन और अपग्रेडेशन पर खर्च होता है, जिसकी बहुत आवश्यकता है । जहां तक मेरा ख्याल है, जो मैं मालूम कर सका हूं, जो मैंने बजट को ऐनालाइज़ किया है - सरकार ने अभी माडर्नाइज़ेशन को प्रायोरिटी दी है । उसमें सर्वप्रथम एयरफोर्स, to some extent, Indian army; and maintaining the *status quo* for the Indian navy.

आधुनिकीकरण की कल्पना आज की नहीं है, कई सालों से यह चीज़ दोहराई जाती है मगर मेरे पूर्व वक्ता ने आशंका व्यक्त की कि आधुनिकीकरण में रुकावट डालने वाले कुछ कारण हैं । तो अभी तक आधुनिकीकरण क्यों नहीं हुआ ? जितने एक्सपर्ट हैं, जितनी जानकारी मिली है, सबने कहा है कि कारगिल वार में हमारा जो अनुभव हुआ है, अगर एडवांस्ड टेक्नालॉजी, एडवांस्ड वेपन्स हमारे पास होते तो हमारे जवानों की जो कुर्बानी हुई, जो वे शहीद हुए, वे शहीद न हुए होते, वे बच सकते थे । इस अनुभव के बावजूद भी दैव दुर्विलास यह है कि पाकिस्तान के वेपन्स, उनके जवानों के लिए गरमाई रखने की सुविधा, उनके जूते, उनके कपड़े हमारे भारत के जवानों से कई गुना अच्छे थे, इसलिए मैंने इसे दैव दुर्विलास कहा ।

उपसभापति महोदया, यह तो हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे नौजवानों का पूरी शक्ति व निर्धार्य के साथ जो ऑपरेशन रहा, नियोजन रहा, ये सब हमारे जवानों की ही क्वालिटीज़ थीं जिनके कारण उन्होंने पाकिस्तान के घुसपैठियों को निकाल दिया। प्रशंसा तो हमारे जवानों के बारे में है मगर दुख की बात यह है कि आधुनिकीकरण, नियोजन की बात रक्षा मंत्रालय की ओर से नहीं हुई । इसलिए इसका दुख व्यक्त करना आवश्यक है। **(समय की घंटी)** मैडम, 12 मिनट दीजिए ना।

उपसभापतिः 12 मिनट क्यों देने हैं?

श्री आर.एस.गवईः आपसे पहले जो वाईस चेयरमैन थे.....

उपसभापतिः टोटल 48 मिनट हैं और इसमें अभी पांच लोग और हैं बोलने के लिए। आपके 12 मिनट तो हो गए ।

श्री आर.एस.गवई: 12 मिनट हो गए?

उपसभापति: आप एक मिनट और बोल लीजिए।

SHRI R.S. GAVAI: I do not think, Madam, I have consumed 12 minutes. Kindly see the watch, Madam.

उपसभापति : अरे, आप बोल लीजिए। इसमें और समय चला जाएगा।

श्री आर.एस.गवई : महोदया, अभी यह चिंता व्यक्त की गई कि हमारा पोलिटिकल डिसीज़न इस मामले में गलत रहा। मैं चार्ज नहीं करना चाहता हूं मगर इंटेलिजेंस का मामला जो है, जो मालूमात हैं उनसे पता चलता है कि रिपोर्ट आ चुकी थी लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। यह भी हो सकता है, लेकिन अगर उन्होंने अमल नहीं किया तो हमारी इंटेलिजेंस फेल हुई है। घुसपैठिए तो पहले ही थे। आज भी हम यह कहते हैं कि केवल उनको भगाने का काम किया है हमारे जवानों ने। यह भी कहना चाहिए कि लड़ाई जीतने की बात अलग रही, ये घुसपैठिए कैसे आए? यह तो इंटेलिजेंस का फेलियोर है और अगर इंटेलिजेंस मज़बूत है तो उस पर अमल करने वाले गलत हैं। आज भी हमारी एक्सटर्नल सिक्योरिटी, इनसर्जेंसी का सारा बर्डन हमारी आर्मी के ऊपर है और इस बारे में अभी-अभी जिस रेकमेंडेशन का जिक्र मेरे पूर्व वक्ता ने किया, चाहे वह सुब्रह्मणयम कमेटी हो, अरुण सिंह कमेटी हो या पूर्व उपसभाध्यक्ष चतुर्वेदी जी की कमेटी हो, इन सब कमेटियों ने इससे पूर्व भी रेकमेंडेशन दी थी; सालों से वह दोहराई गई और अभी तक आधुनिकीकरण नहीं हो पाया है। मैडम, जो आधुनिकीकरण की कल्पना और नियोजन है अगर हम जल्दी कर सके तो पुराना अनुभव दोहराने की गुंजाइश नहीं रहेगी। मेरे पूर्ववक्ता निरुपम जी ने कहा है कि हम तो नहीं सोचते थे कि डिफेंस की कोई डील होती है One should be above doubt. आज जो बातें अखबारों में आई हैं कि इंडिया बारह साल पुराने मिराज विमान खरीदने जा रहा है, अगर यह विवरण सही है तो डिफेंस जो कि एक अहम मंत्रालय है, शंका से दूर रहे। मेरा समय खत्म हो गया, इसके बावजूद भी आपने समय दिया इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभापति : आपने तो गांधी आज़ाद का भी समय ले लिया है, उन्हें अलग से समय देना पड़ेगा। श्री गांधी आज़ाद।

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश) : महोदया, कारगिल ही नहीं, देश तथा देश की सरहदों पर तैनात भारत मां की रक्षा में शहीद हुए अब तक सभी शहीदों को मैं अपनी तथा अपनी बहुजन समाज पार्टी की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं और कारगिल विजय पर मैं रक्षा मंत्री जी सहित रक्षा मंत्रालय एवं सभी सैनिकों को बधाई देता हूं। इसके साथ

ही शहीदों के परिवार के प्रति आभार प्रकट करता हूं। अगर थोड़ा और सजग तथा सचेत रहकर काम लिया गया होता तो शायद कारगिल युद्ध को टाला जा सकता था। कारगिल युद्ध में जो तहस-नहस एवं बरबादी हुई उससे बचा जा सकता था। घुसपैठियों का यहां आना कोई एक दिन की बात नहीं है। यहां छद्मवेश में घुसपैठिया नहीं आए बल्कि टैंक, तोप सहित आए और यहां आकर बंकर बनाए। यह महीनों का काम है। कारगिल सीमा पर तैनात हमारे सैनिक या तो उनसे बेखबर थे या रक्षा मंत्रालय बेखबर था कि उनको घुसपैठ की खबर तक न लग सकी। मैं इस सदन के माध्यम से उस भेड़ चराने वाले को धन्यवाद देना चाहता हूं जिसने घुसपैठ की खबर हमारे सैनिकों को दी और सैनिक अनेक कठिनाइयों और मजबूरियों में रहते हुए भी घुसपैठियों को खदेड़ने में सफल हुए। जैसा कि सदन में बहुत से साथियों ने चर्चा की है कि आधुनिक अस्त्र-शस्त्र और असुविधाओं का सामने आज भी हमारे सैनिकों को करना पड़ता है। मैं सदन के माध्यम से मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि सैनिकों को विशेष सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिएं ताकि उनको अभाव न खटक सके क्योंकि अभावं की चिंता में उत्साह में कमी आती है। इसलिए मैं मंत्री जी से आग्रह करुंगा कि सैनिकों को आधुनिक शस्त्रों से लैस करना चाहिए ताकि किसी भी समय सरहदों पर तैनात सैनिक हमारे दुश्मनों के दांत खट्टे कर सकें।

उपसभापति महोदया, मैं सदन के माध्यम से ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि आज देश के नागरिकों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिन्ता लगी रहती है । भारतीय संविधान में यह व्यवस्था की गई है कि छह वर्ष से चौदह वर्ष तक के बच्चों को फ्री शिक्षा दी जाए। परंतु यह हमारा दुर्भाग्य है कि तथागत कारणों से हम अभी तक ऐसा नहीं कर पाए हैं। मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि भले ही वे देश के सारे बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था न कर पाएं लेकिन सैनिकों के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा की अवश्य व्यवस्था करें। उनके सर्वांगीण विकास की व्यवस्था करें ताकि सरहदों पर हमारे सैनिक चिंतामुक्त और भयमुक्त होकर देश एवं भारत मां की रक्षा कर सकें। उपसभापति महोदया, इस देश में अनुसूचित-जाति और जनजाति के लोग धरती का सीना चीरकर देश का समुन्नत विकास करने में अपना योगदान देते रहे हैं। मेरी राय में दुश्मन का सीना चीरना कोई मुश्किल काम नहीं है। मैं मंत्री जी से इन वर्गों की भागेदारी और बढ़ाने की मांग करते हुए अपनी बात को विराम देता हूं। धन्यवाद।

उपसभापति : धन्यवाद आपका, Now, if I speak strictly, then, everybody has spoken. Everybody's time is over; some extra time is taken. There are two people who have asked for one-and a-half minute. They are: Mr. Shirodkar and Mr. Chunni Lal. I don't know how would they could speak in

one and half a minute. Now, it is a test for you whether you will be able to make your point in one-and-a-half minute or not.

चौधरी चुन्नी लाल (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने समय दिया। मैं डिफेंस एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी हूं और इसमें रहते हुए मैंने जो अध्ययन किया है उसके कुछ सुझाव देना चाहता हूं, यह स्पीच नहीं है । कारगिल युद्ध में जो खामियां दिखीं - मिशन खोजी राडार की कमी, बोफोर्स तोप के गोले की कमी, पर्सनल High altitude clothing की कमी, जो जीवन रक्षा में काम आती है, इन कमियों पर रक्षा मंत्रालय को गहनता से विचार करना चाहिए ताकि आने वाले समय में इसकी पुनरावृत्ति न हो। मैं मंत्री महोदय से यह भी निवेदन करूंगा कि गृह, रक्षा एवं विदेश मंत्रालयों की इंटेलिजेंस एजेंसियों में जो असमन्वय दिखता है उसका भी निराकरण किया जाना चाहिए।

सैनिक अधिकारियों में जो कमी आई है और जिसके कारण एन.डी.ए. के कैडिट्स को ट्रेनिंग में छूट देकर भेजा गया, इसके लिए मैं सिर्फ कोट करूंगा पांचवे वेतन आयोग की संस्तुति के पैराग्राफ 35 का पैरा 15 "The Armed Forces need not divert their manpower to organisations like the Survey of India, Director General of Quality Assurance, Defence Research and Development Organisation, Military Engineering Service, Border Roads Organisation etc. There should be a gradual civilianisation of these organisations and the officers can be used for core functions." अगर अफसर डाइवर्ट करते हैं तो अफसरों की कमी तो होगी ही और यही कारण था कि एन.डी.ए. के जो ट्रेनीज कैडेट थे उन्हें छूट देकर वहां भेजा गया। मैं यह निवेदन करूंगा कि डिफेंस प्रोडक्शन और डी.आर.डी.ओ. के कार्यरूप में जो कमियां पाई गई हैं उन पर भी सही कदम उठाए जाएं। टी-72 ,एल.सी.ए., एम्फी वियेन वेहिकल आदि कई प्रोजेक्ट्स में अनावश्यक विलंब के कारण अब रक्षा प्रयोग के लिए उपयुक्त नहीं रह गए हैं । अतः मेरा सुझाव है कि इनके मॉडलों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करके सुधार करने की आवश्यकता है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभापति : वेरी गुड, आपने तो डेढ़ मिनट ही लिया।

SHRI ADHIK SHIRODKAR (Maharashtra):Thank you, Madam Chairperson, for giving me this opportunity. I have a very small suggestion to make, through you, Madam, to the Government, which, if implemented, will go a long way in mitigating the hardships of the members of the Armed Forces. If a member of the Armed Forces, particularly from the lower ranks, when he comes on leave, short or otherwise, has any work with the

Government agencies regarding his land entries, pension, provident fund, etc., he is made to visit the office again and again, three-fourths of his time is wasted in visiting the Government offices. Some appropriate direction, with the Cabinet approval, should be given to the State Governments that whenever a member of the Armed Forces comes for such things, his request, complaint and everything should be entertained on a priority basis without making him to call on the office again and again. That is all I want to say. If this is done, they will feel that they are wanted. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, everybody has made his suggestions. I am also making one suggestion. We are all concerned about the war widows, specially the children and their education. When we had the Kargil war, we had created a special fund. The Members of Parliament also collected money to give to the Kargil fund. Why shouldn't we have some permanent kind of fund for the war widows and their children's education? They can be supported with that. There should be a corpus and that corpus will remain there, and out of the interest these people can be supported. I had written to the Prime Minister. I had written to you also. I hope you will be able to comment on this matter. Are you trying to find out whether there is any possibility to do such a thing? That is the only thing which I want to contribute to the debate.

SHRI ADHIK SHIRODKAR:Madam, I have spoken only half-a-minute. Next time I will take one more minute.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is put in the safe deposit. Yes, Mr. Minister.

रक्षा मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डीज): उपसभापति जी, मैं उन सभी सदस्यों का आभारी हूं जिन्होंने इस बहस में हिस्सा लिया और इतनी बेहतरीन ढंग से इस बहस को चलाया । इसमें कहीं भी, किसी भी प्रकार का आपसी दोषारोपण या किसी प्रकार का तनाव नहीं रहा। इसका मुख्य कारण यह है कि देश के सुरक्षा बलों को हम एक ही दृष्टि से देखते हैं, इस बारे में हम सब की एक सी मान्यता है । उनकी समस्यायें, उनके काम, उनका भविष्य और जब उनमें से कोई देश की सुरक्षा के कार्य में शहीद हो जाता है तो उसके परिवार के बारे में हम सब का सोच एक समान है । एक बात पर मुझे सबसे पहले क्षमा याचना करने की आवश्यकता है और वह है हमारे डिफेंस की वार्षिक रिपोर्ट । रिपोर्ट कुछ दिन पहले तैयार हुई थी और जब यहां पर मुझे एक माननीय सदस्य ने यह बात कही कि हमें अभी तक रिपोर्ट नहीं मिली तो मुझे आश्चर्य हुआ क्योंकि रिपोर्ट मेरे हाथों में सात-आठ

7.00 P.M

दिन पहले आ गई थी । हम यह मानकर चल रहे थे कि यह रिपोर्ट पिछले हफ्ते ही जहां सदस्यों को बांटी जाती है वहां वह बांट दी गई होगी । लेकिन मुझे अभी यहां पर यह सूचना मिली कि इसमे जो तस्वीरें छपीं थी वे आधी छपीं थीं, उनमें काफी गलतियां थीं और इसलिए वह रिपोर्ट फिर छपने के लिए गई है । यही वजह है कि वह सदस्यों के हाथों में अब तक नहीं आ पाई । मेरी कोशिश होगी कि अविलम्ब वह रिपोर्ट सभी सदस्यों के हाथों में आ जाए। मुझे यह भी लगता है कि अगर वह रिपोर्ट हाथ में आई होती तो यह बहस और भी अच्छे ढंग की होती क्योंकि अनेक चीज़ों की जानकारी विशेषकर कारगिल के संदर्भ में, सेना के जवान जो घायल हुए या जो मारे गये, उनके परिवार, इन सब चीज़ों को ले कर जो बातें यहां पर उठाई गई, उस रिपोर्ट में उनका सारा खुलासा पहले से किया गया है और आपने जो अंतिम आधे मिनट के प्रश्न में या अपने हस्तक्षेप में जो बात कही, उसका भी उत्तर उसमें मिला होता ।

उपसभापति महोदया, बहस को चतुर्वेदी जी ने शुरू किया । उन्होंने देश की सुरक्षा नीति पर या सुरक्षा दर्शन पर कुछ बातें छेड़ी और मोटा मोटा उनका कहना यह था कि इस पर जितनी हम लोगों की सोच होनी चाहिये, वह सोच अभी नहीं हुई है और यह होनी बहुत ही जरूरी है। हम इस बात से सहमत हैं मगर यह आज की बात नहीं है । हम यह समझते हैं कि आजादी के दिन से आज तक हम लोगों की कुला मिला कर सुरक्षा के बारे में जो सोच रही है, उसमें कोई विशेष फर्क नहीं हुआ है । आजादी के तत्काल बाद पंडित जवाहरलाल नेहरु ने पड़ोसियों के साथ विशेषकर और विश्व के साथ आम तौर पर एक मित्रता का रिश्ता हम बना पाएंगे, इस कल्पना के साथ काम किया था । पाकिस्तान ने 1947 में ही जब कश्मीर में पहल की थी, डेढ़ एक साल वहां पर भारी संघर्ष चला। बड़ी मात्रा में जो आक्रामक थे उनको खदेड़ने का काम हमारी सेना ने किया । लेकिन ऐसा समय आया जब वह लड़ाई किसी निर्णायक मोड़ पर जा रही थी, लड़ाई को न चलाते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के ज़रिये, उस मंच के ज़रिये जो विवादों को मिटाने के लिए बना हुआ था, उसके ज़रिये समस्या के निदान का रास्ता खोजा । तब से ले कर आज तक भारत ने कहीं भी आजादी के दिन से ले कर मैं यह कह रहा हूं कि भारत ने कहीं भी, कभी भी किसी पर आक्रामक की भूमिका अदा नहीं की और दृष्टि वही रही है कि सुरक्षा। और सुरक्षा के मामले में मोटी मोटी जो दृष्टि रही वह तो पड़ोसियों के साथ हमारे रिश्ते कैसे रहेंगे, उसी पर रही क्योंकि दूर से किसी की तरफ से हम लोगों पर आक्रमण हो सकता है, यह कल्पना करने की कोई जरूरत नहीं थी और हम लोग आम तौर पर इस बात को आज भी मानते हैं कि ऐसा सोचने की आज भी जरूरत नहीं है । हां, मिसाइल्ज़ का युग

है, 10-12 हजार किलोमीटर तक चलने वाली मिसाइलें हैं और ऐसे शस्त्रों को ले कर जा सकती हैं जिनसे सर्वनाश हो सकता है । लेकिन मान्यता यह भी है कि जब हम लोगों ने विस्फोट करने के बाद बार बार एक बात कही कि हम इस चीज़ को केवल एक डेटारेंट करके मानते हैं और उससे आगे कोई बड़े शस्त्र हाथ में ले कर हम कोई इस शस्त्र को इस्तेमाल करने वाले हैं, हम सब इस बात को नहीं सोचते हैं । यह तो हम लोगों ने बार-बार कहा है । अब संपूर्ण दर्शन को ले कर कुछ सदस्यों ने जरूर प्रश्न यहां पर छेड़े हैं और उन प्रश्नों का जवाब जरूर मिलना चाहिये और दिया जाएगा ।

लेकिन जो बात हम लोगों ने अणु शस्त्र के प्रयोग के तत्काल बाद हम अणु शस्त्र सम्पन्न राष्ट्र हैं करके कहते हुए सार्वजनिक तौर पर घोषित की थी - वह यह थी कि हम इसका इस्तेमाल जो अणु शस्त्र सम्पन्न राष्ट्र नहीं हैं उनके विरोध में कभी नहीं करेंगे। हम पहले खुद किसी पर भी इसका इस्तेमाल नहीं करेंगे। हम इसे केवल एक बचाव, डिटरेंट के तौर पर देखते हैं, यह बात हम लोगों ने कही थी। जो भी सरकार दिल्ली में रही हो, हर सरकार का प्रयास तो यही रहा है कि अपने पड़ोसियों के साथ हम लोगों के रिश्ते बने रहें। आज के दिन अगर पाकिस्तान को हम लोग अलग रखें तो जो भी हमारे पड़ोसी हैं उनके साथ मित्रता का ही रिश्ता, मित्रता की ही हम लोगों की बात है, और सुरक्षा की जो सम्पूर्ण कल्पना हम लोग लेकर चल रहे हैं वह यही है कि अपने देश की सीमाओं को बचाने के लिए जो भी कदम हमें उठाने चाहिएं जो भी कार्य हमें करने चाहिए वे कार्य हम करेंगे।

मैं 1974 की भी यहां पर थोड़ी सी बात छेड़ूंगा क्योंकि 1974 में हाथ में मौका तो आया था जब पोखरण में पहली बार अणु प्रयोग हम लोगों ने किया था। लेकिन तत्कालीन सरकार ने भी और तत्कालीन प्रधान मंत्री ने भी भूमिका तो यही अपनायी कि हम इसे अपने में क्या कूवत है, एक राष्ट्र के तौर पर क्या शक्ति हम प्रदर्शित कर सकते हैं, हम यहीं तक उसको सीमित रख रहे हैं। लेकिन हम शस्त्रों की ओर नहीं जा रहे हैं। यह संकल्प उस समय का भी था। तो इसलिए उसमें कोई बदलाव हुआ है करके हम नहीं मानते हैं सिवाय इतना ही कि आज के संदर्भ में उसको एक डिटरेंट के तौर पर बनाए रखने की जरूरत महसूस हो गयी थी। वह जरूरत किसलिए महसूस हो गयी थी? कारगिल रिव्यू कमेटी की रिपोर्ट के बारे में, उसके कई अंशों के बारे में यहां पर सदस्यों ने जिक्र किया है। लेकिन उस रिपोर्ट में यह बात है कि पाकिस्तान के हाथ में वे शस्त्र थे जिनका उपयोग पाकिस्तान कभी भी कर सकता था। यह बात अनेक स्तर पर, सार्वजनिक तौर पर भले किसी ने नहीं की हो और कई चीजें सार्वजनिक तौर पर बहस में अपने देश

में नहीं लायी जाती हैं, लेकिन यह बात, जिन्हें, हमारे पाकिस्तान के साथ रिश्तों के साथ-साथ तनाव कैसा है, किन चीजों को लेकर है, इसकी जानकारी थी, वे यह बात कहा करते थे कि कल अगर पाकिस्तान एक क्षण आपसे यह कहे कि काश्मीर को हमें समर्पित करो और नहीं करोगे तो हमारे पास शस्त्र है, तो आप क्या करोगे। यह बहस इस देश में, जिस स्तर में लोगों की जानकारी थी तो वे लोग किया करते थे। इसलिए अगर उस बात को मद्देनजर रखकर और जो चुनौतियां देश के सामने रही हैं उन सब चुनौतियों को मद्देनजर रखकर एक फैसला लिया तो उस फैसले में इस देश की सुरक्षा का हमारे पड़ोस से हम लोगों के रिश्तों को लेकर जहां हम लोगों का कोई तनाव है जैसे विशेषकर पाकिस्तान के साथ जो तनाव है, वह तनाव की बात हो तो परिस्थिति का सामना अणुशस्त्रों से नहीं - हम यहां तक जाएंगे कि युद्ध से भी नहीं बल्कि आपसी बातचीत से हम लोग तय करें। यह तो एक दृष्टि इस देश की जो रही है वह हम यह मानते हैं कि आज के दिन भी हम लोग एक माने में स्वीकार कर रहे हैं। कारगिल को लेकर यहां पर इतनी बहस हुई, और भी होनी-है तो यह कारगिल की नीति की उपज है, उपसभापति महोदया। उसी सोच की उपज है चूंकि अगर वह सोच नहीं होती तो 1972 में जब शिमला में हम लोगों का समझौता हुआ पाकिस्तान के साथ तो उस समझौते में हम लोग उस सीमा को कैसे बचाए रखेंगे, कैसे बनाए रखेंगे, कैसे वहां पर चौकियां खड़ी करेंगे, कितनी सेनाएं वहां पर तैनात करेंगे - ये फैसले उसी समय किए होते। 1972 से लेकर 1999 के अप्रैल महीने तक पाकिस्तान ने जो वहां पर घुसना शुरू किया, तब तक उस इलाके में विश्वास ही तो था। उस विश्वास के आधार पर ही तो वह डेढ़ सौ किलोमीटर की सीमा हम लोग देख रहे थे। इसलिए यह एक विश्वास के ऊपर चलने वाली हम लोगों की सुरक्षा की नीति रही, शस्त्र रखो, सेना बनाए रखो, मज़बूत रखो और अगर कोई वॉर करे तो फिर उसका सामना करो, लेकिन हर चीज़ में अपना संयम दिखाओ और बात-चीत का रास्ता खोजो। जब इस नीति के तौर पर हम लोग चले तो उससे जो भला होना था वह भला भी हो गया और उसके नतीजे के तौर पर कारगिल जैसी परिस्थिति का भी हम लोगों को सामना करना पड़ा, वह भी हम लोगों को झेलना पड़ा । इसलिए मैं उस विषय पर इस वक्त बहुत विस्तार में बोलना नहीं चाहूंगा, लेकिन यहां वह दर्शन, वह नीति आदि को लेकर चूंकि सदन में मोटा-मोटी जो बहस हुई है, उस बहस में मंत्रालय का कार्य, सेना बलों की आवश्यकताएं, उसके आधुनिकीकरण, सुरक्षा के अनेक मामले, भीतरी सुरक्षा में सेना का इस्तेमाल हो या न हो, आदि बहुत से मौलिक प्रश्न यहां पर आए हैं । भरतपुर में जो कुछ हुआ उसको लेकर समूची हमारी सुरक्षा की जो तैयारियां होती हैं, जो शस्त्र गोला बारूद आदि हम लोग जहां-जहां रखते हैं, जो बनाते हैं, इन सब चीज़ों पर माननीय

सदस्यों ने न केवल अपनी राय यहां पर रखी है, बल्कि अनेक सुझाव भी यहां पर दिए हैं। मैं उन चीज़ों पर दरअसल विशेष तौर पर बोलना चाहूंगा। चूंकि मन में जो संदेह है या जो प्रश्न यहां पर आए हैं, उनकी सफाई और खुलासा होना चाहिए। कोई गलत बात आई हो तो वह भी साफ और स्पष्ट करके यहां पर रखनी चाहिए। आज के दिन में वह ज्यादा आवश्यक है। सेना के बारे में जब चर्चा की गई और उसके आधुनिकीकरण की यहां पर बात आ गई तो टी-90 टैंक की चर्चा यहां पर हो गई। उस टैंक को लेकर बाहर क्या प्रचार-प्रसार हो रहा है, किस प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं, उसमें कहां तक मामला ठीक है, ये सारी बातें भी किसी न किसी रूप में यहां पर आईं और बाहर भी ये बातें चलती रहती हैं । कोई दिन नहीं जाता है जब रक्षा मंत्रालय या रक्षा मंत्रालय के कार्य पर टिप्पणी नहीं होती हो और कोई न कोई खोज करके कोई बातें न कही जाती हों. और वह खोज आम तौर पर काल्पनिक ही होती है। अब स्टैंडिंग कमेटी ने इस पर विचार जरूर किया। हमारे अधिकारियों ने जाकर, सेना के अधिकारियों ने जाकर, उच्च स्तरीय अधिकारियों ने जिनको इस काम से मतलब था उन लोगों ने जाकर, स्टैंडिंग कमेटी के सामने अपनी पूरी बातें रखीं। मंत्रालय की ओर से भी डिफेंस सेक्रेटरी ने स्वयं जाकर वहां पर बातें रखीं ।

यह टैंक हमें क्यों जरूरी है यह बात भी वहां पर बता दी । अब यह विवाद आज का नहीं है, यह विवाद बहुत सालों का है । लेकिन पिछले दो सालों से इस विवाद ने कुछ ऐसा रूप ले लिया कि जो आज फिर यहां पर विवाद के तौर पर नहीं, लेकिन सफाई मिले इस दृष्टि से यह बात यहां पर उठी है । उपसभापति जी, पाकिस्तान जब अपना टी-85 टैंक लाया, तब भारत के सामने दूसरा कोई उपाय नहीं था । यह बात आज की नहीं, यह बात हमारे रक्षा मंत्रालय में जाने के पहले की है । उस समय की सरकार के जो रक्षा मंत्री थे, वे जब मास्को गए थे, प्रधान मंत्री के वहां जाकर लौटने के बाद जब वे मास्को गए थे, तब टी-90 की चर्चा वहां पर छेड़ी गई थी । यह किस्सा 1997 का है । फिर उसकी जानकारी जो भी हासिल करनी थी वह हासिल हो गई थी । प्रधान मंत्री के प्रिंसीपल सेक्रेटरी की अध्यक्षता में मीटिंग हो कर इस पर निर्णय हुआ था और यहां से डेलीगेशन जाना था इस टैंक को देखने, उस की उपयोगिता और उस के सारे पैरामीटर्स समझने के लिए और जब यहां से यह प्रतिनिधि मंडल रक्षा मंत्रालय का जाना था, उस के कुछ दिन पहले मैं रक्षा मंत्री बना । हम ने देखा कि इस टैंक की आवश्यकता के बारे में जो चर्चा हुई थी, अनेक स्तरों पर हुई थी, वह बिल्कुल दुरुस्त थी। इसलिए उसमें जो भी कदम आगे उठाए जाने थे, वे कदम मंत्रालय की ओर से उठाए गए। उपसभापति जी, इसका जो इवैलुएशन होना था, ट्राइल होनी थी वह ऐसे अधिकारियों के नेतृत्व में हुई जो

इस क्षेत्र के, युद्ध के, इसका इस्तेमाल करने वाला जो हमारा सेना का अंग है, उसके मुखिया रहे ।

उपसभापति जी, अब एक बात छेड़ी गई कि हमने मंत्रालय के किसी अधिकारी को उस प्राइस नेगोशिएटिंग कमेटी का चैयरमेन न रखते हुए, सेना के अधिकारी को क्यों रखा? उपसभापति जी, इसका मुख्य कारण यह है कि इस टैंक का मामला, उसके साथ जुड़ी हुई टैक्नॉलोजी का प्रश्न, सामरिक मामले में उस टैंक की उपयोगिता - ये सारी चीजें और उस के साथ हम ने एक कसौटी लगायी थी कि इस से पहले का टैंक टी-72 जो हम लोगों के हाथों में रहा और आज भी है और आज के दिन अगर कोई विपत्ति आए तो उसी का इस्तेमाल होना है तो टी-72 की तुलना में टी-90 में कितना दम है ? क्योंकि दाम भी जो इस का तय करना था और तय करना है, तो वह इन कसौटियों पर करना है कि टी-72 का अमुक दाम है, अमुक शक्ति है, सामरिक मामले में टी-72 हमें इतना काम दे सकता है तो टी-90 की उस के मुकाबले में क्या तुलना है ताकि दाम तय करने में, उस को लेने या न लेने - इन सारी बातों पर निर्णय लेने में वह कारगर हो सके । अब जो यह बात यहां पर कही गई कि प्राइस नेगोशिएटिंग कमेटी का मामला तो दाम का मामला है और सेना के अधिकारियों का इन सब चीजों से कोई विशेष मतलब नहीं है, दाम आदि तय करने के मामले में मंत्रालय के अधिकारी काबिल हैं और सालों से इन कामों में वह अपना योगदान देते आए हैं । वह प्राइस नेगोशिएटिंग कमेटी के अध्यक्ष रहे हैं, यह बात सही है, लेकिन यह कमेटी केवल सेना के अधिकारियों की कमेटी नहीं है और जो व्यक्ति इस कमेटी के सदस्य के तौर पर बनते हैं, जो मंत्रालय के हैं और जिन को इस के दाम आदि के बारे में विचार करने की काबलियत है, वह लोग इस कमेटी में जिस संख्या में होने चाहिए, वे वहां पर मौजूद हैं । इसलिए उपसभापति जी, यह जो टैंक का मामला है, हम यह स्पष्ट करना चाहेंगे कि अगर दाम के मामले पर हम जिस प्रकार का फैसला चाहते हैं, वह फैसला हम करने में कामयाब हो जाते हैं तो फिर यह टैंक हम लोगों को लेना अनिवार्य हो जाएगा । लेकिन जब तक उस को नहीं लिया जाएगा, हम उस पर कोई टिप्पणी करना नहीं चाहेंगे। उस के ट्रायल्स राजस्थान के रेगिस्तान में हुए हैं, उस के समर-ट्रायल्स हुए हैं । इसलिए उस टैंक को लेकर आज मंत्रालय के सामने या सेना के सामने किसी प्रकार का विवाद नहीं है, यह मैं सदन को बहुत स्पष्ट तौर पर कहना चाहता हूं ।

अब डी.आर.डी.ओ. के साथ यूजर का इंटरफेस होना चाहिए । यहां पर तो सेना है और अर्जुन टैंक बनाना शुरू किए हुए हमें अनेक साल हुए और अर्जुन टैंक प्रोडक्शनवाइज

तो एक मायने में हुआ है कि उस के 5 टैंक ट्राइल के वास्ते सेना को दिए गए, उस का ट्राइल हो गया और सेना के साथ वह टैंक है । लेकिन इसका सीरियल प्रोडक्शन जो करना चाहिए, उस दिशा में हम लोग पहुंचे नहीं थे, अब 124 टैंक बनाने का आर्डर तो हमने दिया है, मगर ये टैंक हमारे हाथ में आने में कितने साल लगेंगे, इसको निश्चित तौर पर मैं आज भी नहीं कह सकता । इसलिए हमें इस दरम्यान एक मजबूत शस्त्र अपने हाथ में रखने की जरूरत है और आज यह शस्त्र हम लोगों के पास टी-90 टैंक के रूप में है ।

उपसभापति महोदया, नेवी पर यहां पर जब बात छेड़ी गई तो कहा गया कि हमारे पास अभी एयरक्राफ्ट केरियर नहीं हैं और उसका क्या नतीजा हो सकता है देश की सुरक्षा के लिए यह बात सामने आई । एयरक्राफ्ट केरियर की एक तो आयु समाप्त हो गई थी, इसलिए उसको तो हटाना ही था । जो एक बचा, उसकी आज रेट्रोफिटिंग हो रही है और उसके लिए एक-सवा साल लग जाएगा। लेकिन इतना मैं जरूर कह सकता हूं कि अगर ऐसी कोई भी आपत्ति आ गई - क्योंकि यह बात यहां पर माननीय सुरेश कलमाडी जी ने छेड़ी कि आज अगर कोई ऐसी आवश्यकता आ पड़ी तो हम लोग कहां रहेंगे, तो ऐसी कोई भी आवश्यकता पड़ी तो कुछ सप्ताहों की बात है, उसको हम समुद्र से ला सकते हैं । आज कोचीन शिपयार्ड में उसकी रेट्रोफिटिंग हो रही है इसलिए उस स्थिति में वह है, उसको सुधारने की बात है, कई सालों के इस्तेमाल से उसमें जो कुछ कमजोरियां आई हैं, उनको दूर करने की बात है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आवश्यकता होने पर उसको हम तत्काल समुद्र में सामरिक कार्य के लिए इस्तेमाल करने में असमर्थ हैं, ऐसी बात नहीं है । हम लोगों ने अपनी तरफ से एक डिफेंस एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने का फैसला किया था । यह भी बात एक जमाने की रही, इस पर भी चर्चा तो बहुत सालों तक चली, निर्णय भी अनेक हुए लेकिन इसको बनाने के कार्य को पिछले साल स्वीकृती देकर और उसके लिए पैसा आबंटित करके हम लोगों ने शुरू किया । मैं कल कोचीन शिपयार्ड में था और जिन लोगों पर इसकी जिम्मेदारी है एयरक्राफ्ट कैरियर की, एयर डिफेंस शिप कैरियर की, वे सब लोग वहां पर थे । कोचीन शिपयार्ड में इसको बनाने के लिए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर चाहिए, उसका पूरा निर्माण हो रहा है, लगभग पूरा हो चुका है, थोड़ा-बहुत बाकी है, लेकिन इसका जो डिज़ाइन है और इस डिज़ाइन के लिए हमारा जिन लोगों के साथ सम्पर्क है कुछ विशेष मदद के लिए, उस पर अभी भी कुछ इस प्रकार की अनिश्चितता है कि किस से उसको लिया जाए क्योंकि पहले जिससे तय हुआ था उसके मन में कुछ और बातें हैं । तो इसको लेकर डिज़ाइनिंग का काम अभी जारी है लेकिन अभी वह पूरा नहीं हुआ और उसमें यह नहीं कि इसमें समय काटा जा रहा है या समय बढ़ता जा रहा है, ऐसी बात नहीं है । उसका कार्य जारी है और मुझे विश्वास है कि यह साल

पूरा होने से पहले हम उस एयरक्राफ्ट कैरियर को बनाने का काम उस शिपयार्ड में शुरू कर देंगे । नेवी के लिए इस साल के बजट के चलते जिस पैसे के विशेष आबंटन की जरूरत थी, वह भी हमने किया है और हम यह मानते हैं कि अपनी नेवी में हर समय दो शिप एयरक्राफ्ट कैरियर हमेशा बने रहने चाहिए । जो चुनौतियां हमारे सामने आज के दिन दिखाई दे रही है अरबी समुद्र से लेकर साउथ चाइना के समुद्र तक, जितना आज पाइरेसी का मामला चल रहा है, समुद्र चोरों का मामला चल रहा है और जिस रूप में जहाजों को चुराया जा रहा है, इसकी संख्या देखते हुए परेशानी हो जाती है । हमारे देश से लोगों को अपेक्षा होती है इस कार्य में । जो समुंदर चोर हैं, जो जहाजों को हाईजैक करते हैं, लूटते हैं, जहाजों के जो चालक हैं, उनको उठाकर समुद्र में फेंक देते हैं और अपने हाथ में जहाज लेकर निकल जाते हैं, ये सारे जो काम होते हैं, उनकी रोकथाम के लिए भारत की तरफ अनेक राष्ट्रों की निगाहें लगी हुई हैं । हम जब जनवरी महीने में जापान में थे तो वहां पर यह बात चर्चा में आई । अभी महीना, डेढ़ महीना पहले जब हम वियतनाम में थे तो वहां भी यह बात चर्चा में आई थी ।

उपसभापति : पिछले आई.पी.यू. में जॉर्डन में जापान ने इस पर डिस्कशन किया था।

श्री जॉर्ज फर्नान्डीज : इस इलाके के सारे राष्ट्रों के दिल में यह बात है कि भारत इसमें अगुवाई करे क्योंकि इन जहाजों का जो अपहरण हो रहा है, वे तो कोई न कोई कीमती चीजें ले जाने वाले जहाज हैं। वे इससे मुक्ति पाना चाहते हैं। इसलिए हम लोग यह मानते हैं कि हम लोगों पर, हमारी नेवी पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी है । इतनी लंबी हम लोगों की समुद्र सीमा है, हमारा जो इकनॉमिक जोन है, वह भी बहुत विस्तार वाला है । इसलिए हम लोग नौसेना को मजबूत करेंगे और विकसित करेंगे और वह काम जारी है ।

महोदया, एयर फोर्स का मामला सबसे अधिक यहां चर्चा में आया । उसमें मुख्यतः दो बातें उठाई गईं - एक तो ऐडवांस जैट ट्रेनर, उसको न लेने की वजह से ये सब अपघात हो रहे हैं और दूसरा मिग-21 को लेकर जो समस्याएं हैं । महोदया, इसमें मैं दो बातों का खुलासा करना चाहूंगा । पहली बात यह है कि हम लोगों की यह जो समझ है कि मिग-21 अब पुराना जहाज हो गया है, इसलिए ये सारे अपघात हो रहे हैं, यह तथ्यों पर आधारित नहीं है । यह सही है कि ऐक्सीडेंट्स हो रहे हैं लेकिन ऐक्सीडेंट्स की मात्रा पिछले अनेक वर्षों से वैसी ही रही है । उसमें कोई बहुत फर्क नहीं आया है । जो ऐक्सीडेंट्स हो रहे हैं, वे जहाज के पुराने होने की वजह से नहीं हो रहे हैं । ऐक्सीडेंट की कई वजहें होती हैं । कहीं बर्ड हिट होता है, कहीं जहाज का इंजन अपने आप आग पकड़

लेता है, कहीं पॉयलट चूंकि सीख ही रहा है, उससे कुछ गलती हो जाती है, कहीं कुछ और गलती की वजह से जैसे श्रीनगर के एयरपोर्ट पर एक बार दो जहाज आपस में टकरा गए थे, इन सब कारणों से ये ऐक्सीडेंट्स होते हैं ।

महोदया, मेरे मन में भी यह बात थी कि मिग-21 को लेकर हम कितने लोगों को गंवा रहे हैं। तो वायुसेना के अध्यक्ष ने एक दिन उसका जवाब देने के लिए खुद मिग-21 को उड़ाकर दिखाया था और बताया कि मिग-21 में कोई बीमारी नहीं है । ऐसी उसकी आयु नहीं हो गई है कि उस जहाज को चलाना ही संभव न हो। उन्होंने स्वयं उसको चलाकर दिखाया सारी दुनिया को दिखाने के लिए ताकि लोग इस बात को समझ लें कि यह जहाज अभी भी चलाने के काबिल है, यह अच्छा जहाज है और हमें अपने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जिस जहाज की जरूरत है, उसमें मिग-21 हम लोगों के काम का जहाज है।

SHRI SURESH KALMADI: It is the life of the aircraft that is being talked about. It is extended up to 2005. Its life is again and again extended. You compare it with all air forces around the world. You see even the Russian aircraft. They do not use it for such a long time. Now you are going in for retrofit of that. It was decided five years back. Is it worth to extend its life up to 2005? That is the question.

श्री जॉर्ज फर्नान्डीज : बात यह है कि हम लोग मिग-21 विस को लेकर चल रहे हैं। आज मिग-21 विस की चर्चा है । यह जो निर्णय था उसको अपडेट करने का, यह 1988 में लिया गया था । In 1988, there was a request for a proposal from Russia. Russia sent a detailed proposal in August 1991 after about two-and-a-half years. Then joint Indo-Russian Economic study of the Aircraft in terms of the cost and other thing involved was done in November 1992. Then the intention to proceed and to nominate Russia as the primary contractor in this whole exercise was taken in March 1994. Then the proposal was submitted to the Cabinet Committee on Political Affairs in January 1995. The Cabinet Committee without any delay in January cleared the proposal. Contracts were signed with the Russian and Western Vendors in March 1996. That is why in 1996 comes in when the contracts were signed. Then the officials were positioned in Russia in May 1996. Then an IAF team went to Russia. In September 1996 it put stayed there. Then the integrating system began in December 1996. Then the Contracts were signed in February-March 1997 with HAL and BEL. Then the supplies started coming to HAL Nasik in July 1997. The integration process began in

September 1998 and the first assembly of the aircraft was completed in August 1998 followed by the first flight in October 1998. The second assembly of the aircraft was completed in December 1998 and the flight test commenced in December 1998 itself. Thereafter the supply of kits for the first six aircraft began in October 1999 and that process is now on. We believe that HAL Nasik will complete the upgradation of the first six aircraft by March 2001.

SHRI SURESH KALMADI: My point right from the beginning is that MIG aircraft would get old by 2005. Now you have retrofitted. ...*(Interruptions)*... Now you have given an extension. ...*(Interruptions)*... Even the Russian Air Force has not given extension like this. ...*(Interruptions)*... Only this Air Force has asked for such an extension. ....*(Interruptions)*... As it is we are having many air crashes.

SHRI GEORGE FERNANDES: When you have this retrofitting done, these aircraft are going to be in service by 2020. We are acquiring a fairly large life for these aircraft. The total number of aircraft which are going to be upgraded will be 125. So, so far as the problem of MIG-21 and other related problems are concerned, they are being addressed. Though the exercise began in 1988, now it has come to a point where it is in the process of getting completed. Then there is the AJT. It has also a similar chronology except that in the case of AJT it began in 1995. In fact, from the Air Headquarters the process began in March 1984, the test survey and the paper evaluation of AJT Aircraft available in the world market was done in December 1985. And from 1985 in the next year in April-May 1986 flight evaluation was done and the Hawk and Alfa Jet were considered as in the same category and IAF, HAL and DRDO together came to that conclusion. But from April-May 1986 when two had been identified there was a real controversy - Air Force said, either of these; DRDO said, any of these and the HAL said, perfect, we are ready to handle anyone.

From that day onwards, things got struck. Now, whether it is prioritisation of the Budget allocation or whether there were any other reasons, I would not like to go into that but, money has been a factor in this matter.

और हर चीज में, सुरक्षा के मामले में, किसी भी मुद्दे पर हम बात करें। जैसे यहां पर माननीय जनरल शंकर राय चौधरी ने मकानों की, घरों की बात आदि कहीं है, वहां पर भी

प्रश्न वही है। आज हम 35 प्रतिशत तक पहुंच पाए हैं और पहले अगर वह 16 या 18 प्रतिशत तक था तो बात तो पैसे की ही है। मैं भरतपुर पर अलग से बोलने वाला हूं। लेकिन भरतपुर में जो हुआ या अन्य किसी भी स्थान पर हो रहा है ...(व्यवधान)...

श्री जीवन रायः भरतपुर पर भी अभी बोल दीजिए।

श्री जार्ज फर्नान्डीजः वहां के बारे में भी तो बात वही है। हर चीज के बारे में पैसे का अभाव है। पैसे को छोड़कर और अन्य किसी चीज की कमी हमारी सेना के तीनों विभागों में, सेना के तीनों अंगों में नहीं है।

उपसभापति महोदया, जहां तक ए.जे.टी. का प्रश्न है, जो निर्णय उस समय हुआ था, उसी निर्णय पर हम अटल हैं। फर्क इतना ही हुआ कि जब यह विवाद बनता ही रहा, चलता ही रहा, तो कोई निर्णय लेने के लिए हमको तैयार नहीं दिखाई दिया। यह तो एक मुसीबत है, चूंकि रक्षा मंत्रालय में जो भी निर्णय लिया जायेगा उसमें कहीं न कहीं, कोई न कोई अपवाद तो होना ही है और शिकायत तो होनी ही है। निर्णय लेने में लोग हैरान हो जाते हैं, यह हमने देखा है। इसीलिए जब इस जहाज पर कोई अंतिम निर्णय लेने का वक्त आ गया तो मैंने स्वयं उपसभापति महोदया, यह तय किया कि मैं स्वयं उस कमेटी का अध्यक्ष बनूंगा और इस निर्णय को ऐसे ही बने रहने के लिए हम नहीं छोड़ेंगे, इसका निर्णय अब होना चाहिए। अब दोनों की सिफारिशें हमारे सामने आई हैं। स्टैंडिंग कमेटी ने भी इस पर विचार-विमर्श किया है और निर्णय लेना मात्र बाकी है और उसके साथ ही दाम के बारे में फैसला लेना भी बाकी है और इस फैसले को लेने में कोई ज्यादा समय नहीं लगेगा और अविलम्ब फैसला हो जाएगा। यह मैं सदन को कह सकता हूं। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि इसको मंत्रालय से हटाकर हमने एयरफोर्स को इसकी जिम्मेदारी दी है। इवेलुएशन तो आपको ही करना है, एच.ए.एल. को बनाना है और फिर एच.ए.एल. और आप बैठकर तय कर लो और दाम के बारे में तय करने का जब वक्त आएगा तब जैसा टी-90 के बारे में हमने फैसला लिया था, हम उसी तरह से इसके दाम के बारे में जो फैसला लेना है वह फैसला लेंगे। इसमें वायुसेना के अधिकारी, मंत्रालय के अधिकारी और एच.ए.एल. के अधिकारी बैठकर जो भी सिफारिश दे चुके हैं उस पर केवल एक निर्णय लेना बाकी है और अगले कुछ दिन के भीतर वह फैसला हम लेने वाले हैं।

उपसभापति जी, कारगिल के बारे में काफी बातें यहां पर आ गई हैं और आपने भी उन विधवाओं का और उनके बच्चों की बात को यहां पर छेड़ा है। हम लोग उनके लिए क्या कर सकते हैं इसके बारे में आपने पहले भी बातें उठाई थीं। उपसभापति जी, कारगिल के युद्ध में जो जवान शहीद हुए हैं, उनके परिवारों के बारे में राहत की बात कही गई है।...

उपसभापतिः कारगिल युद्ध हुआ और काश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते-लड़ते जो जवान शहीद हो रहे हैं, जख्मी हो रहे हैं, हर दिन हो रहे हैं, उनके बारे में पूछा है। कारगिल तो होकर के खत्म हो गया।

श्री जार्ज फर्नान्डीजः अब जो फ़ैसला हुआ है - जो पहले हुआ था, वह तो कारगिल तक सीमित था लेकिन इसको हम वार लाइक सिचुएशन मानते हैं और कश्मीर में हम लोग इसे प्राक्सी वार करके बोल रहे हैं । सारी दुनिया उसको प्रॉक्सी वार करके बोल रही है इसलिए कारगिल में कोई मरता हो या युद्ध के समकक्ष स्थिति में किसी भी जगह पर कोई मरता हो, उनमें कोई फर्क नहीं करना चाहिए - इस संबंध में हमने निर्णय लिया है । इस निर्णय में ऐक्स-ग्रेशिया के तौर पर 10 लाख रुपये दिये जाएंगे । आपको आश्चर्य होगा कि 1975 के पहले हम लोग ऐक्स ग्रेशिया पेमेंट के तौर पर कुछ नहीं देते थे । जो मर गए, उनके लिए पेंशन के अतिरिक्त और कुछ थोड़ा-बहुत उनके बच्चों की देखभाल के अतिरिक्त और अधिक पैसे की बात नहीं होती थी । अब 10 लाख रुपये मरे हुए व्यक्ति के परिवार को दिये जाएंगे ।

उपसभापति : मरे हुए नहीं, शहीद कहिए ।

श्री जार्ज फर्नान्डीज : माफ कीजिए, जो शहीद हुए, उनके परिवार वालों को दिये जाएंगे और जिनको चोट लगी, जो इनवैलिड होकर आ गये, उन्हें भी उचित रक़म दी जाएगी । जिनको चोट लगी है, डॉक्टर्स के अनुसार कितने परसेंट वह काम करने के क़ाबिल हैं, उसके आधार पर उनके लिए पैसा देने का इंतज़ाम है । इसके अतिरिक्त अपना घर बनाने के लिए पांच लाख रुपये देने का इंतज़ाम है और वे लोग जो शहीद हुए हैं, उनके परिवार के लोगों के लिए भी यह सुविधा है । जो लोग 100 प्रतिशत इनवैलिड होकर पड़े हैं, उनको भी घर बनाने के लिए यह रक़म दी जाएगी । फिर इन्शयोरेंस है, जवानों के लिए लगभग 3 लाख 80 हज़ार रुपये तक की इन्शयोरेंस है, अधिकारियों के लिए कुछ ज़्यादा है । इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई के लिए - हर परिवार में दो बच्चों की पढ़ाई के लिए एक-एक बच्चे के नाम एक-एक लाख रुपये अलग रखे जाएंगे और उस पर जो ब्याज आएगा, वह ब्याज उन बच्चों को उनकी पढ़ाई पर खर्च करने के लिए मिलेगा । जब उनकी पढ़ाई पूरी हो जाएगी, तो उनकी शादी में या अन्य कुछ काम वे करना चाहें तो उस काम के लिए वह पैसा उनको दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त महोदया, हम लोगों के पास शिकायत आती है कि किसी परिवार में जिस व्यक्ति के हाथ में वह पैसा गया वह व्यक्ति - जो जवान शहीद हो गया, जिसके मां-बाप जीवित हैं या दोनों में से कोई एक जीवित है - वह उनकी परवाह नहीं कर रहा है, उनको कुछ नहीं मिल रहा है, उन्हें महीने

में एक हज़ार रुपये मिलें, इसका इंतज़ाम एक अलग कोष का निर्माण करके हमने किया है । मगर हम महसूस करते हैं कि एक हज़ार रुपये कम हैं इसलिए नेशनल डिफैंस फंड के सामने हमारा प्रस्ताव है कि उसको दुगुना कर दिया जाए यानी महीने में दो हज़ार रुपये उनके घर पहुंच जाएं, इसका इंतज़ाम करना चाहिए । नेशनल डिफैंस फंड की मीटिंग आज शाम को होनी थी लेकिन चूंकि आज इस सदन में यह चर्चा थी, इसलिए उस मीटिंग को दो दिन आगे बढ़ा दिया गया, नहीं तो वह फ़ैसला आज उस मीटिंग में होना था । इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई मुफ़्त में हो, इसका इंतज़ाम है । जिन महिलाओं को हम वार विडोज़ के तौर पर पहचानते हैं, उनके रहने के लिए यहां पर जो पैसा दिया जाता है, वह तो है ही । इसके अलावा यह भी इंतज़ाम है - ऐसे 30-31 स्थानों का निर्माण किया गया है जहां पर उनके रहने के लिए, उनके बच्चों के रहने के लिए इंतज़ाम है । यह मामला एक बार कारगिल हुआ तो उसी तक सीमित नहीं रहेगा, हमारी सेना के जवान जहां कहीं भी देश के लिए शहादत को स्वीकार करेंगे, जहां ऐसी स्थिति का निर्माण होगा, वहां के लिए यह प्रावधान हमेशा बना रहेगा । वक्त बीतने के साथ इसमें बढ़ोत्तरी हो सकती है लेकिन इसमें कटौती नहीं हो सकती क्योंकि उनकी ज़िम्मेदारी राष्ट्र की ज़िम्मेदारी है, हम मानते हैं । वह हम सबकी ज़िम्मेदारी है, ऐसा हम मानते हैं ।

उपसभापति महोदया, मैं और भी कुछ बातें कहना चाहूंगा । एक वेपन लोकेटिंग राडार की बात यहां कही गई । उसमें एक माननीय सदस्य ने यह बात भी कही कि एक तरफ एक प्रतिनिधिमंडल जर्मनी गया था और दूसरी तरफ एक प्रतिनिधिमंडल यहां आया था, तो यह क्या गड़बड़ है? इसमें कोई गड़बड़ नहीं है ।

उपसभापतिः जिन्होंने पूछा था, वे तो चले गए .... जितने लोगों ने सवाल किए थे, वे सब चले गए हैं।

श्री संघ प्रिय गौतमः अब आप संक्षेप में बता दीजिए । दो शब्दों में कह दीजिए ।

श्री जॉर्ज फर्नान्डीजः दो शब्दों में तो कुछ नहीं होता । मुझसे पूछा गया था कि कितना समय लूंगा? मैंने कहा था कि मैं बहुत वक्त लूंगा।

श्री संघ प्रिय गौतम : आपने तो बहुत बातें बता दी हैं।

श्री जॉर्ज फर्नान्डीज : अब क्योंकि यह सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गया है इसलिए मैं बता दूं कि इसकी शुरुआत हुई थी 1995-96 में एक अमरीकी कंपनी के साथ बातचीत से। "Hughes" जो आजकल विश्वभर में सब कामों में लगी हुई एक बहुत बड़ी कंपनी है, मल्टी नेशनल कंपनी है, 1995-96 में इसके साथ चर्चा हुई थी । चर्चा के बाद

यह पाया गया कि यह हमारे लिए ठीक नहीं है, यह हमारे काम के लायक नहीं है और इस फैसले पर एक तो जी.एस.क्यू.आर. की जो हमारी रिक्वायरमेंट है, क्वालिटी आदि जो भी बातें हैं, वे ठीक नहीं हैं, ऐसा हमने महसूस किया और तत्कालीन रक्षा मंत्री ने, 1995-96 की यह बात है और तत्कालीन रक्षा मंत्री का मतलब प्रधान मंत्री ही रक्षा मंत्री थे - उन्होंने यह फैसला लिया कि डी.आर.डी.ओ. अपने देश में इसको बनाने के लिए पहल करेगा । यह 1995-96 की बात है । यह प्रयास उन्होंने शुरु किया लेकिन 1998 के अगस्त के महीने में सेना ने कहा कि देखिए, पाकिस्तानियों के हाथों में यह शस्त्र पहुंच गया है, हम लोगों के हाथों में नहीं है और हम लोगों के लिए परेशानी बढ़ गई है इसलिए इसके लिए कुछ कदम उठाने चाहिए । वहां से बातें होने लगीं । तो इनडिजिनस बनने की जो शुरुआत हुई थी, वह 1996 से हुई लेकिन तब कहा गया कि वह उस स्थान पर नहीं पहुंचा था कि वह हमको वेपन लोकेटिंग राडार दे सके और उसका नतीजा यह हुआ कि हम लोग बाहर से मंगाने लगे । बाहर से मंगाने के लिए जब पहल हो गई तो दो देशों की कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया गया, एक फ्रांस की और दूसरी युक्रेन की । इन दोनों से कहा गया कि आप अपने पास जो भी कुछ है, उसकी जानकारी हमें दे दें। इधर उसका ट्रायल होने लगा और जब ट्रायल का सिलसिला चलने लगा तो "थॉमसन" कंपनी जो फ्रांस की है, वह हमें कोई प्रपोज़ल नहीं दे पाई और बच गई एक ही कंपनी, युक्रेन की । रूस को लेकर भी यहां कुछ चर्चा हुई, क्योंकि रूस के पास भी वेपन लोकेटिंग राडार है, यह बात लोगों को मालूम है, इसलिए रूस के बारे में भी कुछ बातें यहां चलीं । लेकिन हमें जिस चीज़ की आवश्यकता थी, वह युक्रेन दे सकता है, यह सेना की राय रही और जिन लोगों ने इसको देखा, उनकी राय रही । इस दरम्यान जर्मनी से "डेंगलर क्राइसलर" - "क्राइसलर" तो अमरीकी कंपनी है और "डेंगलर" जर्मनी की कंपनी है । इन दोनों का साल भर पहले ही रिश्ता बना है, इन्होंने कोबरा - वेपन लोकेटिंग राडार की बात कही । उनको कहा गया कि हम लोग ट्रायल लेना चाहते हैं तो वे बोले कि ट्रायल लेने के लिए आपको जर्मनी में आना होगा। रॉडार के लिए जर्मनी में जो हमारा टरेल है और जो हालात है उसको देखत हुए वहां जाकर हमारे लिए ट्रायल करना संभव नहीं था। जब उन्हें यहां बुलाया गया तो उन्होंने यहां आने से इनकार कर दिया और इसमें कुछ समय और बढ़ गया। लेकिन अब इस पर निर्णय हुए हैं। हम लोगों ने इसको अपने देश के भीतर डीएम के जरिए बनाने के लिए भी कदम उठाए हैं। हम लोगों को इसके लिए जो आवश्यकताएं हैं, वे हम बाहर से मंगवाकर पूरी करेंगे। जर्मनी में आना-जान आदि बातें इसमें नहीं रही।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Minister, Mr. Shankar Roy Chowdhury wants to ask for a clarification on this, if you can oblige.

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY: Thank you, Madam.

As far as the original proporal for the weapon-locating radar was concerned, as mentioned by the hon. Minister, the equipment is the same which is being used by Pakistan. It is a good equipment. It is called "ANTPQ-37". It was tried out in in 1995-96, over trial areas here. At that time, it was sent to the DRDO, and the DRDO was asked if it was capable of manufacturing it within the country, to which, the DRDO said that it was and that we should hold on. That is why this deal fell through. Thereafter, there was a sanction. It is the same equipment which Pakistan has got, ANTPQ 37.

श्री जार्ज फर्नान्डीज: इसमें कोई ऐसी बात नही है और पाकिस्तान तो इन सब चीजों को ले रहा है। उसका एक कारण यह है कि पाकिस्तान सुरक्षा पर जो खर्च कर रहा है वह मामूली पैसा नहीं है। यह बात यहां पर बार-बार आ रही है इसलिए मैं इतनी जानकारी तो जरूर दूंगा कि सात-आठ राष्ट्रों के नाम मेरे पास हैं लेकिन मैं सब नहीं पढ़ूगा। अगर मैं आपको भारत और पाकिस्तान की तुलना करके दिखाऊं तो ये डालर में 1985 में है चूंकि डिफेंस एक्सपेंडिचर रुपए में गिनने का मतलब केवल तनख्वाह तक ही रुपया सीमित है बाकी तो सब विदेश से खरीदना पड़ता है। 1985 में भारत का पर कैपिटा सुरक्षा के लिए 12 डालर था और पाकिस्तान का 31 डालर था, 1997 में यानी दो साल के बाद भारत का पर कैपिटा 12 से 13 डालर हो गया। डालर में पाकिस्तान का फी आदमी 29 था। 1998 में भारत का पर कैपिटा 13 से 14 डालर हो गया था और पाकिस्तान का 28 पर था। पाकिस्तान का क्रमशः 85 और फिर 97 और 98 में 6.9 परसेंट जीडीपी, 6.7 परसेंट जीडीपीश 6.5 परसेंट जीडीपी और हम लोगों का 2.5, 2.3 और 2.7 पर रहा। इसीलिए पैसे के मामले में पाकिस्तान काफी मजबूती से रहा है। जब हम आधुनिकता की बात करते हैं तो इसीलिए पाकिस्तान हम लोगों से आगे है और उसने इसमें काफी पैसा लगाया है।

उपसभापति : उसको बाहर से ऐड्स भी मिलती है।

SHRI NITLOPAL BASU: Madam, ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: No. Let him finish it now.

SHRI NILOTPAL BASU: Madam, if the Minister yields, I will speak. Otherwise, I will sit down.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him continue. Otherwise, the trend of thought will be lost.

SHRI NILOTPAL BASU: Madam, earlier he has given some argument, and now he is giving some other augument. I will be precise. Earlier he was saying that it was rejected. But, in the background of what Gen. Roy Chowdhury said, the Minister has justified the Pakistani acquisition in terms of its enhanced or increased defence spending.

SHRI GEORGE FERNANDES: I am not linking that one. I am sorry, you got me wrong.

SHRI NILOTPAL BASU: But, if I have not heard you wrong, earlier you were saying that the deal did not go through because we ourselves found it unsuitable.

SHRI GEORGE FERNANDES: That is right. We found it unsuitable.

SHRI NILOTPAL BASU: But what you are saying is something else.

SHRI GEORGE FERNANDES : Our DRDO and those who went in for the trials have found that this was not suitable for us. Whatever may be the reasons that they had, they had that in mind.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I think, there is a confusion because they say something about the Germans. Germans don't want.

SHRI NILOTPAL BASU: There is no confusion.

THE DEPUTY CHAIRMAN: At least,that is what I understand.

SHRI GEORGE FERNANDES: The German company said, "You come here for trials."

THE DEPUTY CHAIRMAN: That is not possible.

SHRI GEORGE FERNANDES : Our people were not prepared for that. They said, "We will have to try it in our terrain." You need weapon locating radar because of the mountainous terrain.. अब मैं इस संबंध में कुछ बातें रख रहा हूं । हमारे डिपो पर जो आग लगी वह २८ अप्रैल को लगी ।

श्री नरेन्द्र मोहन (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया, इस पर प्रश्न पहले पूछे जाएगे या बाद में पूछे जाएंगे ?

उपसभापति : अभी, अभी जवाब दे देंगे ।

श्री जार्ज फर्नान्डीस : एक ही साथ दे देंगे ।

श्री नरेन्द्र मोहन : नहीं अगर ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : नहीं-नहीं अभी कुछ नहीं, आप बैठिए । I am not permitting any more clarification.

श्री नरेन्द्र मोहन : मैं सिर्फ अनुमति ले रहा हूं क्योंकि यह बताया गया था मुझे और जैसा कि नोटिस में भी पब्लिश हुआ है कि मंत्री जी के जवाब देने के उपरांत क्लेरिफिकेशन्स पूछे जाएंगे, इसीलिए मैंने कोई क्लेरिफिकेशन् नहीं पूछा । मेरा नाम पहले भी था लेकिन मैंने नहीं पूछा । अगर मंत्री जी उस पर जवाब दे रहे हैं तो मैं उनसे कुछ क्लेरिफिकेशन्स चाहूंगा ।

उपसभापति : आपकी सूचना के लिए बता दूं कि मेरी टेबल पर 38 नाम हैं ...

एक माननीय सदस्य : चार नाम और हैं ।

उपसभापति : हां, चार नाम और हैं । अगर आप उन 38 नामों को सुनने के लिए तैयार हैं तो ...(**व्यवधान**)...

श्री नरेन्द्र मोहन : नाम मुझे मालूम हैं, मैंने देखे हैं । लेकिन वे 38 लोग हैं नहीं, एक-दो लोग ही होंगे उनमें से ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: It will not be justifiable, if I don't call those people who are not here; and call you. The Minister had presented the paper, let him answer. Still, if you are not satisfied, then, you can seek clarifications.

श्री नरेन्द्र मोहन : देखिए उसके बाद ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: First, let him answer the question. May be he will be able to satisfy your question which, perhaps, he knows. He is dealing with that.

श्री नरेन्द्र मोहन : ठीक है, ठीक है ।

उपसभापति : ठीक है ।

श्री संघ प्रिय गौतम : जो सदस्य पूछना चाहते हैं उन्हें पूरे समय यहां बैठना चाहिए। हम भी तो बैठते हैं पूरे समय. फिर वे क्यों चले गए?

श्री नीलोत्पल बसु : गुस्सा मत होइए आप गौतम जी ।

8.00 P.M

श्री संघ प्रिय गौतम : गुस्से की बात नहीं है ।

उपसभापति : आप तो सत्ता में बैठे हैं । आपकी बैठने की जिम्मेदारी है । जब वे लोग इधर बैठेंगे तो उनकी जिम्मेदारी होगी ।

श्री नीलोत्पल बसु : संघ प्रिय गौतम को गुस्सा क्यों आता है ?

श्री दीपांकर मुखर्जी : कृषि मंत्री जी जवाब दे रहे थे, वे भी चले गए ।

उपसभापति : बाकी सब जो चले गए हैं उनको भरोसा है डिफेंस मिनिस्टर सब जवाब सही दे देंगे ।

श्री जार्ज फर्नान्डीस : उपसभापति महोदया, जो घटना घटी, मैंने इशारा किया कि पैसे की कमी ऐसी परेशानियों का निर्माण करती है । जब वहां आग लगी और तो सार्वजनिक तौर पर टिप्पणियां होने लगी । पहली जो आग लगी थी 1988-89 में उसका भी जिक्र हुआ । एक पुरी गांव में और एक जबलपुर में आग लगी । लेकिन आग लगने के बाद जो कदम उठाने चाहिए थे वे नहीं उठाए गए । कहां तक नहीं उठाये गये उसका अगर उदाहरण दूं तो 1988 में एम्मिनेशन स्टोरेज के लिए पैसे का जो आवंटन हुआ वह 6,13,00,000 था । 1989-90 में यानी उसके अगले साल 1,09,00,000 का हुआ । 1990-91में 1,98,00,000 था। 1991-92 में 5 करोड़ 82 लाख, 1992-93 में 12 करोड़ 90 लाख, 1993-94 में 4 करोड़ 95 लाख, 1994-95 में शून्य, फिर 1995-96 में 13 करोड़ 47 लाख, 1996-97 में 35 करोड़ 16 लाख, 1997-98 में 13 करोड़ 59 लाख । 1988-89 में 49 करोड़ 72 लाख था और 1999-2000 में 126 करोड़ 72 लाख कर दिया। उपसभापति महोदया, हम कुल मिलाकर अगर देखें, जब मैं अलग अलग स्थानों पर जाने लगा, जहां जवान तैनात हैं, जहां कन्टोनमेंट हैं, जहां स्टोर हैं तो मैंने देखा कि अनेक स्थानों पर हमारा गोला-बारूद बाहर पड़ा है । जहां बड़े स्टोर हैं, जो बहुत बढ़िया किस्म के स्टोर हैं वे अपनी जगह पर हैं लेकिन मामूली लकड़ी या टीन के भी हैं, जिनके ऊपर लगभग 8-10 फुट ऊंचा या 7-8 फुट ऊंचा तारपोलीन के कवर के साथ गोला-बारूद पड़ा है। मैंने पूछा कि इसमें जो ताकत है क्या वह इससे कम नहीं होगी ? बारिश, ठंड और वह भी राजस्थान की रेगिस्तानी ठंड और राजस्थान की रेगिस्तानी गर्मी, क्या इससे वह कम नहीं होगी? तो कहा गया कि ताकत कम होगी। मैंने कहा कि फिर यह इस तरह क्यों है तो कहा कि पैसा कहां है । मैंने राजस्थान के दौरे पर यह सबसे अधिक देखा और लौटते ही मैंने जिनको बुलाना जरूरी था उन लोगों को बुलाकर पूछताछ करके पैसे

के आवंटन में वृद्धि की और जहां पहले इसके लिए केवल 49.72 करोड़ रुपया निकाल पाए थे वहां उसके लिए 1999-2000 में 126.26 करोड़ रुपए का आवंटन कर दिया । यानी कुल मिलाकर 10-12 सालों में जितना आवंटन हुआ था उतना ही आवंटन 1998-99 में कर दिया क्योंकि यह सब मैंने स्वयं अपनी आंखों से देखा था । यहां पर माननीय सदस्यों ने, सियाचिन में जाकर और वहां की स्थिति को देखकर हमने जो निर्णय लिया था, उसका जिक्र किया । यह काम भी मैंने स्वयं जाकर और देखकर किया था क्योंकि देखने से ही यह बात ख्याल में आई थी । इसलिए इसके लिए पैसों का अधिक आवंटन किया गया ।

भरतपुर के बारे में चर्चा यहां तक की गई कि 2 हजार करोड़ रुपए से 6 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है । लेकिन हमने एक रिपोर्ट इस सदन को भी दी है और दूसरे सदन को भी दी है । लिखित रूप में दिया है कि 376 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है । जहां गोला-बारूद जल गया है और मकान आदि की जो हानि हुई है और जिनको दुरुस्त बनाना है, इन सब को मिलाकर चार सौ करोड़ का हम नुकसान मानते हैं। इस चार सौ करोड़ रुपए में मरम्मत भी होनी है और नया गोला-बारूद भी खरीदना है । यह सारा गोला-बारूद हमारे देश में हमारी आर्डिनेंस फैक्टरियों में बनता है और इसको बनाने के लिए आर्डर चले गए हैं और अगले चंद दिनों में इस काम को हम पूरा कर लेंगे। वहां पर किसी बाहर के आदमी ने घास में आग लगा दी आदि बातों को लेकर विवाद है । मैं इस स्थान पर गया था और उस चोटी पर भी गया जहां चौकीदार था, चौकीदार हमारी सेक्युरिटी का आदमी था। मैंने उससे इस बारे में पूछा तो उसने कहा कि दोपहर 3.25 बजे वह बंदूक लेकर वहां खड़ा था और उस चोटी से, वह चोटी तिकोनी जगह पर है, वहां से उसने देखा कि वहां पर जलना शुरू हो गया है । दीवार के बाहर घास जलनी शुरू हो गई थी । उसने यह देखा । उस समय चौकी पर कुल मिलाकर चार जवान तैनात थे । वे नीचे दौड़कर आए और वहां से बाल्टी और आग बुझाने के लिए जो चीज उनके हाथों में आई उनको लेकर वह उस स्थान की ओर भागे । वह स्थान वहां से 50 मीटर की दूरी पर है । आग बुझाने का उनका प्रयास हो रहा था लेकिन उस समय हवा 80 किलामीटर से सौ किलोमीटर की रफ्तार से चल रही थी और वह जो आठ फुट ऊंची दीवार है उस दीवार के ऊपर से वह आग अंदर फैल गई और अंदर की घास भी जलने लगी । बाहर से वह आग अंदर को घुसी जहां पर डिपो था और जो खुला हुआ था । जब उन्होंने यह देखा कि यह आग बुझ नहीं रही है तो उनमें से एक आदमी भागकर फायर ब्रिगेड लाने के लिए चला गया । फायर ब्रिगेड आने तक चारों ओर यह मिसाइल उड़ने लगे और जो वहां शस्त्र थे ...(व्यवधान)...

श्री नरेन्द्र मोहन: मिसाइल्ज़ या रॉकेट उड़ने लगे? ...(व्यवधान)...

श्री जार्ज फर्नान्डीज: मिसाइल नहीं, माफ करिये, रॉकेट उड़ने लगे और सब चीज़ें उड़ने लगीं, एक के बाद एक विस्फोट होता रहा । नतीजा यह हुआ कि कोई वहां पर रुकने का प्रश्न नहीं रहा । सब लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे । यह तो हम लोगों का सौभाग्य है कि जो सात आठ वहां पर फायर टेंडर थे उन्होंने अपनी पूरी शक्ति लगा कर उस आग को काबू में लाये । लेकिन काबू में लाने में जैसे आज दोपहर को सवा तीन बजे लगी हुई आग अगले दिन सुबह सात बजे काबू में ला पाए । 14-15 घंटे वह लड़े और बहुत कुछ बचा लिया। वहां 30 हजार टन शस्त्र, गोला बारूद था उसमें से 12111 टन जल गया और कुल मिला कर के चार सौ करोड़ रुपये हमको लगेंगे इस नुक्सान की भरपाई करने के लिए । अब हमने इसको दुरुस्त करने के लिए कदम उठाए हैं। सब से पहला कदम यह है कि जहां भी यह बाहर रखे हुए हैं, वहां उसको घर देना चाहिये और उसके लिए हमने रिपोर्ट मांगी है कि आप हमें यह बता दें कि जिन जिन डिपोज़ में जितना भी गोला-बारूद बाहर है, उसको हम अगर कवर देना चाहते हैं, उसके लिए घर बनाना चाहें तो कितना खर्च होगा । उस खर्च का मुझे बताया गया है कि लगभग 400 करोड़ रुपये होगा और चार सौ करोड़ रुपये का आबंटन हम करेंगे। इस साल जितना काम हो सकता है, वह कर लेंगे । कुछ बच जाएगा तो अगले साल के पांच-छः महीने के भीतर, साल डेढ़ साल के भीतर हम लोग यह काम पूरा करेंगे । हमारे कोई भी शस्त्र खुले में न रहें इस प्रकार की समस्या से हम लोग हमेशा बचें, उसका उपाय इतना ही है कि उसके लिए घर बना कर देंगे और वह घर बनेगा। एक मेजर जनरल की अध्यक्षता में जो कमेटी बैठी है वह अगर कोई और सुझाव देने वाली है क्योंकि हमने पहले भी कमेटियों की रिपोर्ट देखी है, उससे नये सुझाव आएंगे, ऐसा मुझे नहीं लगता है। इसलिए कोई भी सुझाव हो हम लोगों को, शस्त्र बाहर ही रखने की हालत में रहते हैं तो उन सुझावों का कोई अर्थ नहीं होगा । इसलिए मकान की आवश्यकता है और आज के दिन जो बजट हम को मिला है उस बजट का कुछ पैसा हम इस कार्य के लिए इस्तेमाल में लाएंगे ।

उपसभापति महोदया, आडर्नेंस फेक्टरी के संदर्भ में यहां पर माननीय गया सिंह जी ने दो तीन बातें कहीं । शायद वे चले गये हैं लेकिन एक बात उन्होंने यह कही कि एक रुपये की जगह 25 रुपये में चीज़ ली जा रही है, इसके बारे में जांच होनी चाहिये । हमें कुछ जानकारी वे देंगे तो हम इसकी जांच कर लेंगे । एक रुपये की चीज़ कहने का मतलब यह होगा कि सौ रुपये में मिलने वाली चीज़ को ढाई हजार रुपये में लिया जाता

है, अगर यह अर्थ है तो हमारे पास ठोस जानकारी आवे तो हम जरूर उस पर कार्यवाही करेंगे और जो सारी चीज़ें सी.वी.सी. के हाथों में दी हैं, कुछ बातें कंपट्रोलर एंड आडिटर जनरल के पास पहुंचा दी हैं । इसमें कोई राजनीति नहीं है । हालांकि बाहर इस पर राजनीति की बात की गई है, बाहर लिखा भी गया है, कुछ बदला चुकाने की बात भी रही होगी, हमने कट-आफ डेट वह रखी है, पिछले साल 23 दिसम्बर को इसी सदन में चर्चा हुई , उसमें हमने आश्वासन दिया था कि हम इसकी जांच कराएंगे और आज तक हमारे मंत्रालय में जो कुछ हुआ है या आने वाले दिनों में जो होना है, इसकी भी जांच होनी चाहिये यह हमने सी.वी.सी. को लिखित तौर पर कहा है और उस काम में हम लगे हैं । इसलिए माननीय गया सिंह जी के पास जो भी जानकारी हो वह भी आ जाए उनके हाथ में पहुंचा देंगे और जांच कर लेंगे । मेरे हाथ में जो कुछ जांच करने लायक है, वह भी करेंगे । लेकिन उन्होंने दो तीन चीज़ें कहीं हैं । एक तो विदेश से आयात की हुई मशीनें कानुपर के आर्डनेंस फेक्टरी में पड़ी हुई हैं और वहां का मजदूर बेरोजगार पड़ा है और इन मशीनों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है तथा वहां पर कैजुअल मजदूर भर रखे हैं । जार्ज फर्नान्डीज़ मजदूर क्षेत्र में काम किया हुआ व्यक्ति है, यह सब चीज़ें कैसे कर रहा है, यह उनको परेशानी है । उपसभापति महोदया, अभी जो जानकारी निकालकर मुझे दी गयी है वह यह है कि जितनी भी मशीनें वहां पर विदेशों से आयात की गयी थीं कानपुर की आर्डिनेंस फैक्ट्री में वे सारी काम में लगी थीं। उसमें से कोई मशीन बंद नहीं है। नम्बर दो, इस कारखाने की जो भी क्षमता है वह शत-प्रतिशत काम में लायी गयी है और यहां तक लायी गयी है कि 1999-2000 यानी 31 मार्च तक का जो 12 महीने का साल हुआ इस साल में इस कारखाने ने कुल मिलाकर ढाई सौ करोड़ रुपए की सामग्री बनायी है और सेना को दी है, सेना के हाथ में पहुंचायी है। यह सामग्री उन्होंने 220 करोड़ के खर्च में पूरी की है। मुझे यह भी जानकारी दी गयी है कि एक भी आदमी न कांट्रेक्ट, न कैजुअल लेबर पर इस कारखाने में है। कभी कभी ऐसा कुछ एडहाक काम वहां पर आ जाता है जो उस कारखाने का काम नहीं है तो ऐसे संदर्भ में किसी को उस काम तक बुलाया जाता है उससे अधिक वहां पर और किसी प्रकार ...**(व्यवधान)**...

श्री दीपांकर मुखर्जीः गया सिंह जी तो गए अब आगे चलिए।

उपसभापति : गया सिंह तो गए।

श्री जार्ज फर्नान्डीज : हां तो ठीक है। वे गये होंगे लेकिन रिकार्ड पर तो आया है ...**(व्यवधान)**... वह ठीक है लेकिन रिकार्ड पर तो आया है।

उपसभापति : रिकार्ड पर आना चाहिए क्योंकि कोई एलीगेशन लगाया है अगर उनके पास उसकी जानकारी है तो रिकार्ड पर आ जाए ...**(व्यवधान)**...

श्री दीपांकर मुखर्जी : सिस्टम को कैसे इम्प्रूव कर सकते हैं वह बताइए। ये छोटी मोटी बातें अब मंत्री जी को नहीं ...(**व्यवधान**)... बतानी चाहिए।

श्री जार्ज फर्नान्डीज : फिर उपसभापति महोदया, एक तो डी आर डी ओ के काम के बारे में कई बातें यहां पर छेड़ी गयीं। डी आर डी ओ और सेना के बीच में यानी सेना के तीनों अंगों के बीच में हर कार्य में आपस में पूछताछ मात्र नहीं बल्कि एक दूसरे की आवश्यकताओं को समझकर काम होता है। डी आर डी ओ द्वारा खुद कोई चीज बनाकर बाजार में उसके रखने का प्रश्न नहीं है। डी आर डी ओ की ऐसी कई चीजों को खरीदने वाले केवल हमारी सेना के तीनों विभाग हैं और उनके लिए हर चीज बनायी जाती है। अब कई चीजों में विलम्ब होता रहा है। लेकिन डी आर डी ओ का जो काम है वह लाजवाब काम है और उस काम में और अधिक सेना और डी आर डी ओ के बीच में जो इंटरफेस होना चाहिए उसके लिए अभी पिछले मंगल को एक बैठक हुई थी और उस बैठक में इस बात का फैसला हुआ था। मैं यह भी बता दूं जो दो-तीन शस्त्रों के बारे में यहां पर बात छेड़ी गयी। एक धनुष के बारे में जो प्रश्न यहां पर पूछा गया तो हम यह बता दें कि उसका नेवल वर्जन जो है उसके ट्रायल्स हो चुके हैं और अभी यूजर ट्रायल पर वह चल रहा है यानी नेवी के साथ मिलकर अभी उसका ट्रायल होने जा रहा है। त्रिशूल का ट्रायल पहले से शुरू हुआ था। कल उसका एक टेस्ट हमने कोच्चि में देखा और अभी उसके कई टेस्ट करने पड़ेंगे। उसके बाद आर्मी, नेवी और एयर फोर्स इन तीनों के लिए उसका इस्तेमाल करने की दिशा में कदम बढ़ेगा।

यह जो एल सी ए, लाइट कम्बैट एयरक्राफ्ट को लेकर जो शिकायत है कि समय उसमें कितना गया - उसको लेकर जो है वह अपनी जगह पर सही है लेकिन इतना मैं जरूर बता दूं कि उसमें एक जहाज जो बना था उसके पूरे ग्राउंड ट्रायल जितने भी होने थे वे हो गए हैं और अब उसे सिर्फ उड़ाने मात्र की बात ही बाकी है। बाकी उसके सारे ट्रायल्स अभी हो चुके हैं और हमारी यह समझ है कि अगले महीने दो महीनों के भीतर वह भी हो जाएगा। एक दूसरा जहाज उसका बन रहा है। अब उसके भी ग्राउंड ट्रायल्स जारी हैं और पहले जहाज का ट्रायल होने के बाद हम लोग अगले जो उसके ट्रायल हैं वे भी कर लेंगे। मान्यता हमारी यही है । अब यहां किसी ने कहा कि वायु सेना के लोगों ने कहा है कि इससे कोई काम नहीं बनना है। लेकिन वायु सेना के अध्यक्ष से बात तो हमारी होती है सबसे ज्यादा और मैं इतना ही कहूं कि वायु सेना के अध्यक्ष की उस जहाज के बारे में जो राय है वह उस पूरे कार्य की तारीफ करने लायक उनकी राय है। उसमें कहीं भी किसी प्रकार की अब उनकी तरफ से या और किसी की तरफ से वायुसेना में ऐसी बातें सामने नहीं आई हैं। 'सु 30' के बारे में और उसको अपने यहां बनाने के बारे में बातें छेड़ी

गई । 'सु 30' को बनाने के लिए आदेश दिए गए हैं, प्राइस नेगोसिएशन का कार्य जारी है और 'सु 30' हवाई जहाज हमारे देश में बनेगा और एअर फोर्स की जो इस क्षेत्र में कमी है उसको भी हम लोग दूर कर लेंगे ।

उपसभापतिः मंत्री जी, ये सब आपके हाथ में जो कागज़ात हैं क्या उनमें ये सब सवाल लिखे हैं?

श्री जॉर्ज फर्नान्डीजः जो-जो माननीय सदस्य यहां बोलते रहे हैं हमने उनकी हर चीज़ को नोट कर लिया है ।

उपसभापतिः अगर आप हर सवाल का जवाब देंगे तो हम लोग दस बजे तक बैठेंगे।

श्री जॉर्ज फर्नान्डीजः मेरे ख्याल में तो वही ठीक है ।

उपसभापतिः मंत्री जी, आप खाने का इंतज़ाम करवा दीजिए । ...**(व्यवधान)**...

श्री नरेन्द्र मोहनः अनुमति मुझे मिल चुकी है ।

उपसभापतिः अभी आप सैटिस्फाइड हो गए हैं ।

SHRI NARENDRA MOHAN: I am not satisfied. ...*(Interruptions)* ... आपकी अनुमति रहेगी तो पूछ लूंगा । ...**(व्यवधान)**...

THE DEPUTY CHAIRMAN: If you are not satisfied with the answers given by the Minister, I will permit you.

श्री नरेन्द्र मोहनः मंत्री जी ने कहा था कि उसका स्पष्टीकरण कर देंगे । ...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसुः यह डिफेंस स्ट्रेटजी है टायर आउट करना लोगों को । ...**(व्यवधान)**...

श्री जॉर्ज फर्नान्डीजः एक तो लद्दाख में जो परिस्थिति है उसकी यहां पर चर्चा हुई। इसमें दो-तीन बातें आ गईं । एक तो बात यह आ गई कि वहां पर गोला-बारूद बहुत पहले चला था और पाकिस्तानी सेना के वहां पर आक्रमण करने के 9 महीने पहले संसद् में हमने यह उत्तर दिया था कि वहां पर क्या घटना घटी । हमने संसद् में उत्तर यही दिया था कि वहां पर गोलाबारी हो रही है । जब अंत में पिछले साल के मई महीने में जो बात हुई वह गोलाबारी की नहीं थी, वह आक्रमण की थी । अब लगातार गोलाबारी उस इलाके

में हर रोज़ होती है । आज सुबह से लेकर कल सुबह तक वहां दोनों तरफ से चलती ही रहेगी और हर दिन चलेगी । जब तक कोई समाधानकारक फैसला हम लोगों के बीच में नहीं होता है या पाकिस्तान अपनी गलती को समझ कर इस हरकत को कम या खत्म नहीं करता है तब तक यह सिलसिला चलता ही रहेगा । इसलिए इसमें कोई नई चीज़ नहीं बनी । जब वहां पर गोलाबारी शुरू हो गई उस वक्त हमने संसद् को विश्वास में लेकर पूरी जानकारी रखी । पाकिस्तान का अपनी सेना वहां पर भेज कर आक्रमण करके हावी होने का जो मामला था वह कुछ और भिन्न था । कारगिल में यह भी बात कही गई कि जो हमारा एम्युनिशन डिपो था जिस एम्युनिशन डिपो को लेकर वहां पर लोग परेशान थे वह अभी भी वहां पर है और बड़ा खतरनाक मामला है । वह एम्युनिशन डिपो वहां से हटाया गया है । वह वहां पर नहीं है । मुझे लगता है कि हमारे मित्र अभी तो चले गए , आपको वहां की प्रत्यक्ष जानकारी नहीं होगी वह वहां से हटाया गया है। वह अभी ऐसी जगह पर गया है कि पाकिस्तान की कोई गोलाबारी वहां तक पहुंच नहीं सकती है।

श्री संघ प्रिय गौतमः मैडम, पूछने वाले तो बहुत चिपकू हैं मगर हमारे मंत्री जी भी बड़े चिपकू हैं। ...**(व्यवधान)**...

उपसभापतिः पांच घंटे की चर्चा हुई है । मंत्री जी से इतने सवालात किए गए तो उनकी जिम्मेदारी है कि वे जवाब दें । अगर जवाब नहीं देंगे तो सभी लोग कहेंगे कि उन्होंने जवाब नहीं दिए । कोई यह लिखने वाला नहीं है अखबार में कि ...**(व्यवधान)**... एक मिनट, अखबार में कोई यह लिखने वाला नहीं होगा कि ये सवाल पूछ कर चले गए, सिर्फ यह लिखा जाएगा कि मंत्री जी ने जवाब नहीं दिया। चाहे कोई भी मंत्री हो । यह डिफेंस मिनिस्टर हों या कोई दूसरा भी मंत्री हो । I always make it a point that the Ministers should be able to reply because the reporting is always very lopsided in these matters. They don't know what happened, who had spoken and who had left. If they have asked certain questions, he should reply to them. It is not regarding reporting in the Rajya Sabha. The Secretary-General corrects me. Reporting in the newspapers will be that such questions were not replied. Then they should add a line, "because the questioners were not there".

श्री दीपांकर मुखर्जीः जार्ज साहब के बारे में ऐसी बात नहीं कही जा सकती ।

...**(व्यवधान)**...

उपसभापतिः हां, मत कहिए । इसीलिए तो वह प्रूव कर रहे हैं ।

SHRI O. RAJAGOPAL: There should be a custom that questions of only those Members should be answered, who are present in the House.

श्री दीपांकर मुखर्जी: वह बेचारे बहुत देर से बैठे हुए हैं, लेकिन उन के प्रश्न का उत्तर ही नहीं आ रहा है । जो बैठा है, उस का आन्सर नहीं आता है और जो चले जाते हैं, उन के आन्सर आते हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री जार्ज फर्नान्डीज: तो उसी संदर्भ में यह भी बात कही गयी कि सियाचिन में जहां हमारा बेस केंप था, हम लोग वहां से पीछे हटे और वहां पर क्या हो रहा है, यह बात नहीं बताई जा रही है ।

उपसभापति : किस ने पूछा था ?

श्री जार्ज फर्नान्डीज: गुलाम नबी आज़ाद साहब ने । अब हकीकत यह है कि हम लोग सियाचिन पर बड़ी मजबूती से हैं । बेस केंप जहां था, उस स्थान के नजदीक पाकिस्तान की तोपों का वार होना शुरू हो गया । उपसभापति जी, जब बेस केंप की तरफ उन की तोपों का वार होना शुरू हुआ तो स्वाभाविक था कि हम ने वहां से बगल की पहाड़ी पर अपना बेस केंप रख दिया । वहीं पर बगल में जो एक और मजबूत पहाड़ी है, हम कोई वहां से दूर नहीं हटे हैं, लेकिन उसी पहाड़ी के पीछे हम ने उस बेस केंप को रख दिया है । तो इस में हमारे ऊपर पाकिस्तान ने वार किया या हम लोगों को वहां से भगा दिया, ऐसी कोई बात नहीं है । अगर दुश्मन 22 हजार फुट की ऊंचाई से हमारे ऊपर गोलाबारी करता है, गोली चलाता है तो हम उस स्थान से हटेंगे और उस स्थान पर खड़े रहकर तो हम को कोई बहादुरी नहीं दिखानी है । इस तरह से सियाचिन पर किसी को भी किसी प्रकार की चिंता नहीं होनी चाहिए । हम लोग बहुत मजबूती से सियाचिन पर बैठे हैं । फिर यह भी कहा गया कि वहां लोग कैसे मर जाते हैं । यह बात सही है और उन्होंने एक व्यक्ति के दूसरे संदर्भ में एक बात कही कि दक्षिण में जब वे गए थे तब मालूम हुआ कि वहां से जो जवान यहां पर आया था तो बिना उस को एक्लिमैटाइजेशन के शायद वहां भेजा गया । अब ये सब आप की सोच है । हम इस की पूछताछ जरूर कर लेंगे, लेकिन उपसभापति जी, उन की तरफ से कोई सबूत तो नहीं रखा गया । अब यह जो बात है कि लोग वहां पर केवल गोला-बारूद से नहीं मरते हैं, खराब मौसम के चलते भी मरते हैं और कितने मरते हैं, यह भी बता दूं और सियाचिन की भी जानकारी दे दूं । सियाचिन में वर्ष 1984 से 1990 तक के 6-7 सालों में पाकिस्तान की बंदूक से मरे जवानों की संख्या 104 है और अवलाच या क्रेवास या खराब मौसम के चलते मरने वालों की संख्या 303 है अर्थात् बंदूक से मरे 104 और वहां के वातावरण के कारणों से मरे 303 । वर्ष

1991 में खराब मौसम के चलते 16 मरे और बंदूक से मरा 1, वर्ष 1992 में बंदूक से मरा 1 और खराब मौसम के चलते मरे 301 उपसभापति जी, इस तरह की स्थिति वहां बनी रही, लेकिन अब उस स्थिति में सुधार आया है और सुधार इस मायने में आया है कि हमारे कुछ माननीय सदस्यों के मन में यह बात है कि हमारे जवानों को वहां बिना जूते के जाना पड़ा । यहां पर ऐसा कहा गया कि पाकिस्तान जब गोला-बारूद चला रहा था तब हम लोग जूते खरीद रहे थे, लेकिन ऐसी स्थिति में हम लोग नहीं हैं । 1998 में अगर हम वहां नहीं गए होते और यह स्थिति हम लोगों के ऊपर आई होती तो यह बात सही हो सकती थी । लेकिन वह स्थिति अब नहीं है । आज उस इलाके में हमने अपनी शक्ति को इतना मजबूत बना रखा है हर मामले में कि किसी को किसी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है । हम यह जरूर मानते हैं कि वहां जो जवान खड़ा है, चाहे वह सियाचिन में खड़ा हो, जहां 20 से 22 हजार फुट की ऊंचाई पर उसको जाना पड़ता है या वह करगिल के पहाड़ों पर खड़ा हो, जहां 14, 15 या 17 हजार फुट की ऊंचाई पर वह है और जहां बर्फ ही बर्फ है, पहाड़ ही पहाड़ हैं, यह सब हम मानते हैं और उसकी जो हालत होती है वह तो है, हम इसको कुबूल करते हैं और हम यह जरूर चाहेंगे कि जितनी जल्दी हम लोग अपने जवानों को इस परेशानी से मुक्त करा सकें, वह हम करें । लेकिन आज के दिन जिस भी चीज को पैसे से हम खरीदकर ला सकते हैं, वह हम खरीद रहे हैं और थोड़ा-बहुत, जितना हम उसको परेशानी से मुक्त करा सकते हैं, वह किया जा रहा है और इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं है । शस्त्र से लेकर पहनने वाले वस्त्र तक, पहनने वाले जूतों से लेकर स्नो मोबिल तक या जो स्नो स्कूटर आए हैं, ये सब चीजें आज वहां पर उपलब्ध हैं और व्हिपन लोकेटिंग राडार जैसी जो चीजें हैं, हमें उस इलाके में इनकी बहुत आवश्यकता है । आपने जो बात कही अमरीका से ट्रायल वगैरह की, मैं इसमें एक बात का सुधार करना चाहूंगा । आपने बताया कि अमरीका से हम लोगों ने ट्रायल वगैरह की बात की है और उसको लेने न लेने का जो सारा मामला चला था, उसके बाद अमरीका के सैंक्शंस आ गए और इस बारे में अमरीका से सारी बातें बंद हो गई उनके सैंक्शंस के कारण, मैं कहना चाहता हूं कि अगर वहां से वह मामला कुछ सुधर जाता है तो वह वहां से भी आ सकता है क्योंकि जो हमारे काम की चीजें हैं, शस्त्र हैं, हमें उन्हें कहीं से भी खरीदने में कोई आपत्ति नहीं है ।

लद्दाख के बारे में बात छेड़ी गई - उस इलाके के हमारे सांसद ने भी छेड़ी और आज़ाद जी ने भी छेड़ी और कहा कि वहां के, लद्दाख के लड़कों को हम लोगों ने युद्ध के समय पोर्टर के तौर पर इस्तेमाल किया । मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमने इस पर दो-तीन निर्णय लिए हैं । एक निर्णय तो यह है कि जिनको हमने पोर्टर के रूप में इस्तेमाल

किया था, उनको सेना में भर्ती के लिए प्रियारिटी मिलनी चाहिए बशर्ते कि जो सेना में भर्ती की उम्र है, उस उम्र के बीच में वह आते हों यानी 17 साल से जो उम्र चाहिए, वह उस उम्र के हों तो भर्ती में उनको प्रियारिटी मिलनी चाहिए ।

श्री संघ प्रिय गौतम : थोड़ा सा ऐक्सटेंशन भी दे दीजिए अगर जरूरत पड़े तो ।

श्री जार्ज फर्नान्डीज : सेना में ऐक्सटेंशन की बात नहीं हो सकती है ।

श्री संघ प्रिय गौतम : अगर जरूरत पड़े तो ।

उपसभापति : अभी आप उनको जवाब देने दीजिए, अपना मशविरा मत दीजिए सेना के मामले में क्योंकि हमें और आपको पता नहीं है कि कितने ऊंचे-ऊंचे पहाड़ हैं वहां । I had been there. I know what it is.

श्री जार्ज फर्नान्डीज : इसलिए एक तो उनको प्रियारिटी देने की बात है और दूसरे लद्दाख में, उस समूचे इलाके में हम इस बात को मानते हैं और आज से नहीं बहुत पहले से हमने इस चीज को वहां पर देखा है और इस बात को मानते हैं कि उस इलाके की सुरक्षा के लिए लद्दाखी जितना काम कर सकते हैं उतना दूसरा कोई नहीं कर सकता क्योंकि बाहर से बंगाल से, तमिलनाडु से या देश के दूसरे किसी हिस्से से जो जवान जाते हैं और उनको क्लेमेटाइज़ करने में जो समय लग जाता है, वहां के वातावरण की जानकारी हासिल करने में उनको जो समय लगता है, लद्दाखियों को हमें इन सब चीजों को बताने की जरूरत नहीं है । लद्दाख की सुरक्षा के कार्य के लिए लद्दाख के स्काउट्स जो हैं, वे सेना के एक अंग के तौर पर हैं, वे सबसे मजबूत हैं और इसलिए हम लद्दाखियों को बड़ी संख्या में सेना में भर्ती कर रहे हैं और यह भर्ती का काम भी शुरू हो चुका है । यहां पर एक माननीय सदस्य ने यह कहा कि ऐसा कहा तो गया था लेकिन कुछ हुआ नहीं है, यह बात सही नहीं है । भर्ती होना वहां पर शुरू हो चुका है, लोग प्रशिक्षण के लिए भी गए हैं और हर 6 महीने में भर्ती का सिलसिला जारी रहेगा । हम लद्दाख के लोगों का जितना भी आभार मानें, मैं उसे उतना कम मानता हूं क्योंकि केवल करगिल के मामले में ही नहीं बल्कि हर प्रकार की परिस्थिति में उन्होंने जिस प्रकार का कार्य किया है, जब जरूरत पड़ी है तब उन्होंने जो कार्य किया है, उसका कोई जवाब नहीं है और इसको स्वीकार करके इस निर्णय पर हम लोग आए हैं और उसके लिए काम जारी है ।

महोदया, हम निजी क्षेत्र को कहां तक लाएं, इस बारे में भी बातें आई हैं और हमारी आर्डिनेंस फैक्ट्रियों के आधुनिकीकरण की बात भी आई है । हमारी 34 आर्डिनेंस फैक्ट्रियां हैं और उनमें करीब डेढ़ लाख कर्मचारी हैं और एक-दो कारखाने तो डेढ़ सौ, पौने

दो सौ साल पुराने भी हैं । उनके आधुनिकीकरण की प्रक्रिया एक मायने में जारी है । कुल मिलाकर अभी जो नवीं पंचवर्षीय योजना चल रही है, इसमें 1241 करोड़ रुपया खर्च करने का फैसला था । इसमें से 512 करोड़ रुपया अब तक खर्च हुआ है और अगले 2 सालों में 729 करोड़ रुपया इस पर खर्च किया जाएगा । अभी एक प्रश्न पूछा गया कि बाहर के लोगों को क्यों इस काम के साथ नहीं जोड़ा जाता है ? महोदया, अप्रैल 1998 में हमने फैडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के लोगों को रक्षा मंत्रालय में बातचीत करने के लिए बुलाया था । आज के दिन हम लोग जिस काम में भी लगे हैं, सुरक्षा के मामले में, उसमें कई क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के लोगों का योगदान है । अब किन-किन क्षेत्रों में है, यह तो मैं नहीं बोल पाऊंगा लेकिन कुछ क्षेत्रों में उनका योगदान है और उनमें काबलियत भी है लेकिन निजी क्षेत्र संपूर्णतः इस क्षेत्र में आ जाएगा और समूची सुरक्षा के कार्य को अपने हाथ में ले पाएगा, यह संभव नहीं है क्योंकि हम लोग आज भी दुनिया के बाजार में शस्त्र बेचने वालों में नहीं हैं । मुश्किल से 200-300 करोड़ रुपए के शस्त्र हम आजू-बाजू के मुल्कों को बेचते हैं । भविष्य में हम इसे और बढ़ाएं, यह जरूर हमारी इच्छा है लेकिन उसमें समय लग जाएगा । लेकिन इतना तो निश्चित है कि हम उनको हमारे कार्य में जहां वे योगदान दे सकते हैं, योगदान देने के लिए बुलाते हैं ।

महोदया, हम इस बात को मानते हैं कि हम अपने देश के लोगों पर विश्वास न करें और विदेशियों से हर चीज खरीदें, यह ठीक नहीं है । इसमें गुप्तता ठीक नहीं लगती है। हम अमरीका से शस्त्र खरीद लें तो अमरीका जो शस्त्र हमको बेचता है, उस शस्त्र को बनाने वाले से लेकर सरकार के हर आदमी को, हर अधिकारी को मालूम है कि उसने कौन सा शस्त्र हमको बेचा है । अगर रूस कोई शस्त्र हमको बेचे तो रूस के लोगों को मालूम है, फ्रांस बेचे तो फ्रांस के लोगों को मालूम है और हम यहां पर इन चीजों को अति गुप्त बनाए रखें और कहें कि नहीं, केवल सरकारी कारखाने वाले हमारे लोग ही देखभाल करेंगे, बाकी किसी को इस बारे में जानकारी नहीं होगी, हमें यह बात नहीं जंचती । इसलिए हम जरूर निजी क्षेत्र को अपने साथ जोड़ना चाहते हैं और जहां तक संभव हो, वहां तक जोड़ना चाहते हैं ।

महोदया, खोज का जहां तक प्रश्न है, डी.आर.डी.ओ. अपनी तरफ से खोज कर रहा है और उसके योगदान की तारीफ हर जगह हो रही है लेकिन उसके साथ-साथ जब हम निजी क्षेत्र को उस चीज के प्रोडक्शन में लगा देंगे तो आर्थिक क्षेत्र में भी उससे हमें कुछ मदद मिलेगी इस मायने में कि सरकार को जो पैसा इन्वैस्ट करना पड़ता है, वह पैसा बच जाएगा । अगर निजी क्षेत्र वह चीज हमें बनाकर दे देता है तो हमें उससे फायदा होगा, नुकसान नहीं होगा, यह मैं मानता हूं ।

महोदया, एक बात यहां पर यह कही गई कि आजकल लोग अदालतों में बहुत जा रहे हैं क्योंकि उनकी समस्याएं हल नहीं होती हैं । मैं मानता हूं कि अदालतों में लोगों का जाना शुरू हुआ है और यह एक अरसे से चल रहा है । यह कोई नयी चीज नहीं है लेकिन अब उनकी संख्या कुछ बढ़ी है । इसीलिए हमने एक निर्णय लिया था कि हम अपना इंटर्नल ट्राईब्यूनल बनाएंगे और पार्लियामेंट से कानून बनाकर, एक ट्राईब्यूनल बनाकर उसके जरिए लोगों की जो भी शिकायतें हैं, समस्याएं हैं प्रमोशन से संबंधित या कोई उनके साथ अन्याय हुआ हो, इन सब समस्याओं को हम ट्राईब्यूनल के जरिए हल करेंगे ।

महोदया, एक बात यह भी उठाई गई कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि हमारे जो भी कानून हैं, उन्होंने आर्मी ऐक्ट का उल्लेख किया कि यह कानून आर्केक हो गया है । आज के युग में हमारे देश में जिस प्रकार की कानून और व्यवस्था है, उसको मद्देनजर रखकर इसमें सुधार होना चाहिए, ऐसी टिप्पणी अदालत ने की है और यह टिप्पणी करते हुए उन्होंने शायद 8-10 साल पहले किए हुए फैसले का जिक्र किया है । हमने केवल टिप्पणी पढ़ी है, वह अदालत का फैसला हमारे हाथ नहीं आया है । न ही वह जो पहले वाला फैसला है उसको हमने देखा है। उसको देखकर जहां जो भी सुधार करना होगा वह सुधार का प्रस्ताव लेकर हम सदन के सामने आ जाएंगे, पार्लियामेंट के सामने आ जाएंगे। चूंकि अगर कानून में सुधार करने की सुप्रीम कोर्ट की जो सलाह होगी उसके अनुसार भी हम सुधार करेंगे। इसी के साथ हमारा अपना ट्रिब्यूनल का जो प्रस्ताव है वह प्रस्ताव भी अगले सत्र में हम सदन के सामने लाने का विश्वास रखते हैं, क्योंकि विधि मंत्रालय के हाथों में इस समय वह पड़ा हुआ है। विधि मंत्री से हमने बात भी की है। मुझे कहा गया था कि उनकी तरफ से इस पर कोई आपत्ति नहीं है। तो जैसे ही हमारे हाथ में आ जाएगा हम उसको सदन में लाएंगे।

यहां पर वोट के अधिकार का भी जिक्र किया गया। यह कहा गया कि आपने वोट के अधिकार देने की बात की है लेकिन और भी उनके जो अधिकार हैं वे मिलने चाहिए। उपसभापति महोदया, वोट के अधिकार की चर्चा 1998 के शुरुआत के महीनों में हुई थी, कानून भी इंटरोड्यूज हुआ था इसी सदन में। लेकिन वह पार्लियामेंट बर्खास्त हो गई और उसके आगे वह कानून मिनिस्ट्री के पास पड़ा हुआ है, वह इंटरोड्यूज होना है। हम चाहेंगे कि इसको जल्दी पारित किया जाए, यह जल्दी पारित हो जाए। क्योंकि जो देश के लिए मरने के काबिल है वे देश में वोट देने के काबिल नहीं है। जहां-तहां यह ऐसा सुनने में आ जाता है। यह बात बहुत अन्यायकारक है। हमारे जवानों के साथ, पैरा

मिलेट्री फोर्स के लोगों के साथ और जो लोग इस प्रकार के कामों के चलते अपना वोट देने के लिए नहीं जाते हैं। उसमें, हम सदन की जरूर मदद चाहेंगे कि हम लोग इस समस्या को हल कर सकें।

कैंटोन्मेंट में क्या-क्या सुधार होना चाहिए, यह बात भी यहां पर आई है। कैंटोन्मेंट सुधार का हम कानून ला रहे हैं सदन के सामने और इस कानून को बनाना जरूरी इसलिए है कि आज जो हमारा कैंटोन्मेंट एक्ट है वह बहुत ही पुराना है, अंग्रेजों के जमाने का एक्ट है। वहां लोगों के अपने अधिकार से लेकर जमीन आदि का उपयोग किस काम के लिए हो, किस काम के लिए न हो इस प्रकार के कई प्रश्न हमारे सामने बराबर आ जाते हैं। इस प्रकार के कानून का मसविदा मंत्रालय में बनना शुरू हो चुका है और जैसे ही वह कानून बन जाएगा उसको भी हम सदन के सामने लेकर आ जाएंगे।

उपसभापति महोदया, जो सवाल यहां पर माननीय सदस्यों ने उठाए थे उनका हम जो भी जवाब दे सकते थे वह जवाब हमने दिया है। मैंने शुरू में ही कहा कि हम उन चीजों की चर्चा में आज के दिन नहीं जाना चाहेंगे। कुल मिलाकर सुरक्षा नीति आदि को लेकर। लेकिन कारगिल रिव्यू कमेटी ने जो फैसले दिए उसकी रिपोर्ट हमने सदन में भी रखी है और उस रिपोर्ट पर अमल करने के लिए जो प्रक्रिया हम लोगों ने शुरू की, वह प्रक्रिया अभी एक ऐसे मोड़ पर आई है कि जहां चार टॉस्क फोर्स बनाए हैं जिसमें एक टॉस्क फोर्स पर वह जिम्मेदारी दी है कि रक्षा के हमारे जो तीनों अंग हैं, उन तीनों अंगों में और कुल मिलाकर देश की सुरक्षा के मामले में यह जो हॉयर मेनेजमेंट का प्रश्न है, कमांड कंट्रोल के जो मामले हैं, इन सारे मामलों का अध्ययन मात्र नहीं बल्कि जो सिफारिशें आई हैं उन सिफारिशों का अमल हम लोग कैसे करें, इसके लिए एक कमेटी बनी है, एक टॉस्क फोर्स बना है। उसमें सेना के भूतपूर्व और वर्तमान में जो हैं वे भी लोग हैं, मंत्रालय के भी लोग हैं, इस रक्षा मंत्रालय को लेकर और सेना के तीनों अंगों को लेकर और इन्टीग्रेशन के मामले को लेकर पूरा हॉयर मेनेजमेंट का सारा मामला इसमें है। इस कमेटी के अध्यक्ष भूतपूर्व राज्य रक्षा मंत्री श्री अरुण सिंह हैं।

इस कमेटी की रिपोर्ट हमारे हाथ में बहुत जल्दी आनी चाहिए, यह हमारी अपेक्षा है। यूं तो कुछ समय निर्धारित किया गया है, लेकिन जो मंत्रियों की कमेटी प्रधान मंत्री जी ने बनाई थी इस काम के लिए उस कमेटी को यह काम छह महीने के भीतर पूरा करने का आदेश है और हम इसे उस छह महीने के भीतर पूरा करके देश के सामने रखेंगे। हमारे माननीय जनरल शंकर राय चौधरी ने जो बातें यहां पर छेड़ी हैं, उन बातों का फैसला इस कारगिल रिव्यु कमेटी के कार्य की पूर्ति में हो जायेगा। सेनाओं की जो अपेक्षाएं हैं, देश की

भी जो अपेक्षाएं हैं, चूंकि उस कमेटी ने केवल सेना बलों के बारे में ही चर्चा नहीं की थी, देश की भीतरी सुरक्षा के बारे में भी बातें छेड़ीं थीं, सीमाओं की सुरक्षा की बातें छेड़ी थीं और इंटेलीजेंस का जो मामला है उसकी बातें भी छेड़ी थीं। इन चार विषयों पर चार टास्क फोर्सेज हैं जिसमें सेना के भूतपूर्व अधिकारी, डिफेंस के बारे में जानकारी रखने वाले लोग और मंत्रालय के अधिकारी मिलकर चार अलग-अलग टीम में बैठकर काम कर रहे हैं और उसकी रिपोर्ट जैसे ही हमारे हाथ में आ जायेगी हम लोग उस पर उसी दिशा में अमल करने का काम करेंगे। इसीलिए मैं फिर कहता हूं कि जो प्रश्न यहां पर उठाये गये हैं, उनका जितना संभव था उतना मैंने जवाब दे दिया और अगर कोई सफाई करनी हो तो उसको भी हम करने के लिए तैयार हैं।

श्री संघ प्रिय गौतम : उपसभापति जी, मंत्री जी ने पोने दो घंटे के समय में जितने विस्तार से हर प्रश्न को याद रखकर और इतनी जानकारी और सूचनाओं के आधार पर उत्तर दिया है उसके लिए हम उनकी प्रशंसा करते हैं और हम उनके आभारी हैं और सारे सदन को उनकी प्रशंसा करनी चाहिए।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, the discussion is over. The clarifications are also over.

The House is adjourned till 11 O' clock tomorrow.

The House then adjourned at forty-three minutes past eight of the clock till eleven of the clock on Tuesday, 16th May, 2000